वार्षिक प्रतिवेदन
2016-17

भा.कृ.अनु.प.–सरसों अनुसंधान निदेशालय

सेवर, भरतपुर – 321303 (राज.)

(आई.एस.ओ. 9001:2008 प्रमाणित संस्थान)

भा कृ अ प
ICAR

वार्षिक प्रतिवेदन
2016-17

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (भा.कृ.अनु.प.) ने सरसों अनुसंधान निदेशालय की स्थापना सरसों आनुवांशिक संसाधनों हेतु राष्ट्रीय कोष के रूप में और तेल व बीज–खाद्य की उत्पादकता व गुणवत्ता में वृद्धि करने के प्रयोजन से की। निदेशालय ने बहु–स्थलीय परीक्षण और समन्वय के माध्यम से स्थल विशिष्ट जानकारी के आधार पर सरसों के लिए पर्यावरणीय सबल और आर्थिक व्यवहार्य कृषि–उत्पादन व संरक्षण प्रौद्योगिकियां विकसित करने के लिए न केवल आई.सी.ए.आर. संस्थानों बल्कि राज्य कृषि विश्वविद्यालयों के लिए भी नेतृत्व करने की भूमिका प्रदान की है। पीली क्रांति को अग्रसर करने के लिए, निदेशालय का क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय महत्व की समस्याओं के संबंध में राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय एजेंसियों के साथ सम्बद्धता स्थापित करने, सहयोग प्रोत्साहित करने और इस क्षेत्र में तकनीकी विशेषज्ञता व परामर्श देने का उत्तरदायित्व है।

भा.कृ.अनु.प.–सरसों अनुसंधान निदेशालय

सेवर, भरतपुर – 321303 (राज.)

(आई.एस.ओ. 9001:2008 प्रमाणित संस्थान)

भाकृअनुप-सरसों अनुसंधान निदेशालय
सेवर, भरतपुर-321303 (राजस्थान)

मुद्रण : जून 2017

उल्लेख : वार्षिक प्रतिवेदन 2016-2017
भाकृअनुप-सरसों अनुसंधान निदेशालय
सेवर, भरतपुर-321303 (राजस्थान)

मार्गदर्शन : डॉ. पी के. राय

संपादक : डॉ. विनोद कुमार, अजय कुमार ठाकुर,
हरी सिंह मीना एवं मुकेश कुमार मीना

फोटोग्राफी : श्री राकेश गोयल

कापीराईट : निदेशक
भाकृअनुप-सरसों अनुसंधान निदेशालय
सेवर, भरतपुर-321303 (राजस्थान)

प्रकाशक : डॉ. पी. के. राय
निदेशक, भाकृअनुप-सरसों अनुसंधान निदेशालय
सेवर, भरतपुर-321303 (राजस्थान)
फोन : 91-5644-260379, 260495
फैक्स : 91-5644-260565
ई-मेल : director.drmr@gmail.com
वेब : http://www.drmr.res.in

मुद्रक : वाई. के. ग्राफिक्स
39/132, स्काई टावर, संजय प्लेस, आगरा
फोन : 91-562-4040240, 9927144088
ई-मेल : ykgagrasp@gmail.com

विवरणिका

- आमुख
- संक्षिप्तिाक्षर
- कार्यकारी सारांश

1.	भाकृअनुप–सरसों अनुसंधान निदेशालय : एक परिदृश्य	1
2.	अनुसंधान उपलब्धियां	3
3.	प्रौद्योगिकी हस्तांतरण	47
4.	प्रशिक्षण और क्षमता विकास	54
5.	पुरस्कार और सम्मान	58
6.	संबद्धता और समन्वय	60
7.	राई–सरसों पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना	63
8.	प्रकाशन	66
9.	अनुसंधान कार्यक्रम और परियोजनाएं	70
10.	महत्वपूर्ण बैठकें	72
11.	जनजातीय उप–योजना	73
12.	कृषि विज्ञान केन्द्र (भा.कृ.अनु.प.–स.अनु.नि.), गुंता बांसूर	77
13.	विशिष्ट अतिथियों का भ्रमण	80
14.	कार्मिक	81
15.	झलकियां	84
16.	मौसम सम्बंधी आंकड़े	88
17.	अनुलग्नक	89

लक्ष्य

तेल और पोषणीयता सुरक्षा हेतु सरसों विज्ञान

दृष्टि

सरसों की उत्पादकता में सम्पोषणीय वृद्धि हेतु विज्ञान और संसाधनों को पोषित करना।

आमुख

भा.कृ.अनु.प.–सरसों अनुसंधान निदेशालय का 24वां वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है। जिसमें 2016–17 की अवधि के दौरान हासिल की गई उपलब्धियों और संचालित विकास कार्यक्रमों का विवरण दिया गया है। पण्डित दीनदयाल उपाध्याय पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ अनुसंधान संस्थान (दुबासू), मथुरा में आयोजित अ.भा.स.अनु.प. (राई–सरसों) की 24 वीं वार्षिक समूह की बैठक के दौरान 5 अगस्त, 2016 को राई–सरसों संबंधी एआईसीआरपी की किस्म पहचान समिति द्वारा अंचल–V में वर्षा सिंचित परिस्थितियों के लिए भारतीय सरसों की किस्म एनआरसीएचबी 101 की पहचान की गई थी। जननद्रव्य डीआरएमआर 541–44 (आईसी 0598624, आईएनजीआरआई 15066) को सूखा सहिष्णुता (वर्षा आधारित परिस्थितियों के अंतर्गत उच्च जल प्रयोग दक्षता) के लिए भा.कृ.अनु.प.–रा.पा.आ.सं. ब्यूरों की पादप जननद्रव्य रजिस्ट्रीकरण समिति द्वारा रजिस्ट्रीकृत किया गया है।

बी. टूर्नेफोर्टी (2 एन=20), जो उगाई गई ब्रासिका की जंगली संबंधी है, के तीन पादपों में कृत्रिम आटोटेट्रप्लॉइडी का सफल अधिष्ठापन प्राप्त किया गया है तथा वे प्रमुख अजैव और जैव कारकों के विरुद्ध प्रतिरोध/सहिष्णुता के मूल्यवान संसाधन के रूप में अत्यंत आशाजनक हैं। सफलता का उच्चतम प्रतिशत तब दर्ज किया गया जब पादपों को दो दिन के भीतर 12 घंटे के लिए 0.2 प्रतिशत एक्वस कोलचीसीन के साथ उपचारित किया गया।

रबी 2015–16 के दौरान राई–सरसों की किस्मों के कुल 916 क्विं. टीएफएल बीज उत्पादित किए गए थे। संवर्धित राई–सरसों की किस्मों अर्थात् डीआरएमआरआईजे 31, एनआरसीएचबी 101, एनआरसीडीआर 02, एनआरसीडीआर 601, आरएच–406, आरएच 749, एनआरसीवाईआर–05–02 तथा वाईएसएच को बीज उत्पादन कार्यक्रम में शामिल किया गया। 2015–16 के दौरान डीआरएमआरआईजे 31 (19.4 क्विं.), एनआरसीडीआर 02 (4.67 क्विं.), एनआरसीएच बी 101 (14.76 क्विं.), डीआरएमआर 601 (1.77 क्विं.) और एनआरसीवाईएस–05–02 (0.16 क्विं.) के ब्रीडर बीज उत्पादित किए गए।

ब्रासिका प्रजातियों में उपस्थित प्रमुख कैंसर रोधी अवयवों (एलीफैटिक ग्लूकोसिनोलेट, एरोमेटिक ग्लूकोसिनोलेट और इंडोइल ग्लूकोसिनोलेट) का अध्ययन करने के लिए एक नई जीसी–एमएस पद्यति मानकीकृत की गई है। मस्टर्ड डी–आइल्ड केक में कुल ग्लूकोसिनोलेट का अनुमान लगाने के लिए एक साधारण स्पेक्ट्रोफोटोमीट्रिक पद्यति प्राप्त की गई है। एग्रोबैक्टीरियम ट्यूमीफेसिएंस–मीडिऐटेड जीन अंतरण तकनीक के द्वारा टीवीडी–1 जीन के साथ *बी. जंशिया* किस्म एनआसीडीआर–2 के छह स्वतंत्र अनुमानित ट्रांसजीनिक को विकसित किया गया था। टीवीडी–1 जीन–विशिष्ट प्राइमरों का प्रयोग करते हुए पीसीआर द्वारा *बी. जंशिया* किस्म एनआरसीडीआर–2 के अनुमानित ट्रांसजीनिक पादपों का आण्विक विशेषता–वर्णन संचालित किया गया था तथा दो इवेंट्स की पुष्टि टीवीडी–1 जीन एकीकरण के लिए पीसीआर पॉजीटिव के रूप में की गई। फसल किस्म चयन की एक वेब आधारित विशेषज्ञ प्रणाली विकसित की गई है। यह प्रणाली पृष्ठभूमि में विद्यमान वैज्ञानिक जानकारी आधार के साथ ज्ञान इंजीनियरी दृष्टिकोणों का प्रयोग करते हुए विकसित की गई है।

राजस्थान के भरतपुर जिले के विभिन्न गांवों में संवर्धित किस्मों अर्थात् डीआरएमआरआईजे 31, आरएच 406 और आरएच 749 के कुल 324 फ्रंट लाइन प्रदर्शन संचालित किए गए थे जिन्होंने किसानों द्वारा दर्शाई गई अन्य किस्मों की तुलना में क्रमशः 6.9, 12.1 और 7.3 प्रतिशत पैदावार लाभ प्रदर्शित किया।

भा.कृ.अनु.प.–स.अनु.नि. ने सरसों के वैज्ञानिक उत्पादन और संरक्षण प्रौद्योगिकी का प्रभावी और व्यापक प्रचार–प्रसार करने के लिए विभिन्न राज्यों के केवीके कार्मिकों के लिए 6, क्षेत्रीय स्तर के विस्तार कार्यकर्ताओं के लिए 2 तथा किसानों/एटीएम/बीटीएम के लिए 12 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन किया गया।

निदेशालय द्वारा 2016–17 के दौरान वैज्ञानिक और तकनीकी कार्मिकों से मिलकर बने अंतर्विषयक सदस्यों के पांच दलों द्वारा 25 गांवों को अपनाकर 'मेरा गांव मेरा गौरव' कार्यक्रम सक्रिय रूप से संचालित किया गया है। किसानों को सरसों पर 283 प्रथम पंक्ति प्रदर्शन, गेहूँ

पर 5 प्रथम पंक्ति प्रदर्शन संचालित करने, 5 सरसों प्रक्षेत्र दिवस, पारस्परिक बैठकों, प्रशिक्षणों का आयोजन कराने, मोबाइल आधारित परामर्श प्रदान कराने, साहित्य वितरित करके, संबद्ध विभागों के साथ संपर्क प्रदान कराने आदि के माध्यम से नियमित आधार पर अपेक्षित वैज्ञानिक जानकारी दी गई है, ज्ञान प्रदान किया गया है और परामर्श उपलब्ध कराया गया है।

इस अवधि के दौरान कुल 26 शोध-पत्र, 5 तकनीकी बुलेटिन, 3 पुस्तकें, 4 पुस्तक अध्याय और 18 तकनीकी फोल्डर प्रकाशित किए गए।

मैं, डा. त्रिलोचन महापात्रा, सचिव, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग तथा महानिदेशक, भा.कृ.अनु.प., डा. जे.एस. संधु, उप महानिदेशक (फसल विज्ञान) और डा. एस.के. चतुर्वेदी, परिषद के कार्यवाहक सहायक महानिदेशक (तिलहन और दलहन) द्वारा हमें प्रदान किए गए सुयोग्य मार्गदर्शन, सहयोग और प्रोत्साहन के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त करता हूं और उन्हें हृदय से धन्यवाद देता हूँ। मैं सभी वैज्ञानिकों, तकनीकी, प्रशासनिक और सहयोगी कर्मचारी को इस प्रतिवेदन के लिए अपना-अपना महत्वपूर्ण योगदान देने तथा निदेशालय के लिए सराहना हासिल करने के लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूँ। प्रतिवेदन के संपादकगण डा. विनोद कुमार, हरि सिंह मीणा, अजय कुमार ठाकुर एवं मुकेश कुमार मीना को भी मैं निदेशालय के कार्यक्रमों और उपलब्धियों को संकलित करने और उन्हें वर्तमान स्वरूप में प्रस्तुत करने के लिए समर्पण भाव से किए गए उनके प्रयासों के लिए प्रशंसा करते हुए उनके प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

(प्रमोद कुमार राय)
निदेशक

भा.कृ.अनु.प.-स.अनु.नि., भरतपुर
26 मई, 2018

संक्षिप्ताक्षर

एएयू	असम कृषि विश्वविद्यालय/आनंद कृषि विश्वविद्यालय
एडीजी	सहायक महानिदेशक
एआईसीआरपी	अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना
एआईसीआरपी–आरएम	सरसों पर अखिल भारतीय राई–सरसों समन्वित अनुसंधान परियोजना
एएनएमआर	अतिरिक्त निवल मौद्रिक प्रतिफल
एआरएस	कृषि अनुसन्धान स्टेशन
एटीएमए	कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी
एवीटी	अग्रिम उपजाति–परीक्षण
बीएआरसी	भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र
बीएयू	बिरसा कृषि विश्वविद्यालय
सीएजैडआरआई	केन्द्रीय शुष्क अंचल अनुसंधान संस्थान
सीएमएस	साइटोप्लाज्मिक मेल स्टेर्लिटी
सीआईएएच	केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान
सीएसएयूएटी	चंद्रशेखर आजाद कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
सीवी	किस्मों का गुणांक
डीएसी	कृषि और सहकारिता विभाग
डीएआरई	कृषि अनुसंधान और शिक्षा विभाग
डीएएस	बुआई पश्चात् दिवस
डीडीजी	उप महानिदेशक
डीएम	शुष्क पदार्थ/डाउने मिल्डियू
डीएमएपीआर	औषधीय एवं संगधीय पादप अनुसन्धान निदेशालय
डीआरएमआर	सरसों अनुसंधान निदेशालय
डीएसआई	शुष्क स्थायित्व सूचकांक
डीएसटी	विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग
डीएसआर	बीज अनुसंधान निदेशालय
डीयूएस	विशिष्टिता, समानता और स्थायित्व
डीयूएससी	दिल्ली विश्वविद्यालय दक्षिण परिसर
ईडीआई	भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान
एफआईजी	किसान हितैषी समूह
एफआईआरबी	उद्रेख सिंचित प्रवर्धित क्यारी प्रणाली
एफएलडी	फ्रंटलाइन प्रदर्शन
एफवाईएम	फार्म यार्ड मैन्यूर
जीसीवी	किस्मों का जीनोटाइप गुणांक
आईएए	इंडोल एसेटिक एसिड
आईएआरआई	भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान

आईएएसआरआई	भारतीय कृषि सांख्यिकी अनुसन्धान संस्थान
आईबीसीआर	वर्धित लाभ लागत अनुपात
आईसीएआर	भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्
आईआईएबी	भारतीय कृषि जैव प्रौद्योगिकी संस्थान
आईआईओआर	भारतीय तिलहन अनुसन्धान संस्थान
आईएचटी	आरंभिक संकर प्रशिक्षण
आईजेएससी	संस्थान संयुक्त कार्मिक परिषद
आईपीआर	बौद्धिक संपदा अधिकार
आईआरसी	संस्थान अनुसन्धान परिषद्/अंतर्राष्ट्रीय सरसों कांग्रेस
आईएसटीएम	सचिवालय प्रशिक्षण और प्रबंधन संस्थान
आईवीटी	आरंभिक उपजातीय परीक्षण
केवीके	कृषि विज्ञान केन्द्र
एलटी	नवीनतम विमोचन
एलएएमपी	लिनक्स, अपाचे, माईएसक्यूएल एवं पीएचपी प्रौद्योगिकी
एमबीसी	माइक्रोबियल बायोमास कार्बन
एमईवाई	सरसों समतुल्य पैदावार
एमओयू	समझौता ज्ञापन
एमपीयूएटी	महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
एमपीकेवी	महात्मा फूले कृषि विद्यापीठ
एमएस	मुराशेज स्कूप
एमएसआई	झिल्ली स्थायित्व सूचकांक
एमएसआई	सरसों स्ट्रा इंकार्पोरेट
एमएसएल	मध्य समुद्र तल
एमटीसी	आदर्श प्रशिक्षण पाठ्यक्रम
एमयूएफए	मोनो अनसैचुरेटेड फैडी एसिड
एनएएआरएम	राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान और प्रबंधन अकादमी
एनएएएस	राष्ट्रीय कृषि विकास अकादमी
एनबीपीजीआर	राष्ट्रीय पादप आनुवांशिकी संस्थान ब्यूरो
एनसी	राष्ट्रीय जांच
एनसीडी	नॉर्थ कैरोलीना डिजाइन
एनडीएन	राष्ट्रीय रोग पौधशाला
एनजीओ	गैर-सरकारी संगठन
एनआईएफएम	राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान
एनपीटीसी	नेटवर्क प्रोजेक्ट ऑन ट्रांसजनिक्स इन क्रॉस
एनआरसीपीबी	राष्ट्रीय पौध जैव प्रौद्योगिकी अनुसन्धान केंद्र
पीएयू	पंजाब कृषि विश्वविद्यालय
पीसीआर	पॉलीक्लीनिक चेन रिएक्शन
पीसीवी	फीनोटाइपिक कोएफिशिएंट ऑफ वैराइटीज

पीपीवी एवं एफआरए	पादप किस्म संरक्षण एवं कृषक अधिकार प्राधिकरण
पीएमसी	पराग मूल कोशिकाएं
पीआरडब्ल्यूसी	संगत जल अंश प्रतिशत
पीएसबी	फास्फेरस सॉलुबिलाइजिग राजीबैक्टीरिया
पीयूएफए	पॉली अनसैचुरेटेड फैटी एसिड
आरएसी	अनुसंधान परामर्श समिति
आरसीबीडी	यादृच्छिक पूर्ण ब्लॉक डिजाइन
आरडीएफ	उर्वरकों की अनुशंसित दर
आरसीटी	संसाधन संपरिवर्तन प्रौद्योगिकी
आरएफडी	परिणाम-फ्रेमवर्क दस्तावेज
आर एवं एम	रेपसीड एवं सरसों
आरआरएस	क्षेत्रीय अनुसंधान स्टेशन
आरवीएसकेवीवी	राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय
आरडब्ल्यूसी	सापेक्षी जल अंश
एसएसी	स्पेस अनुप्रयोग केन्द्र
एसएयू	राज्य कृषि विश्वविद्यालय
एसडीए	राज्य कृषि विभाग
एसडीएयू	सरदार दांतीवार कृषि विश्वविद्यालय
एसजीएम	सेसबानिया ग्रीन मैन्यूर
एसआइएएम	राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान
एसकेआरएयू	स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय
एसओसी	मृदा यौगिक कार्बन
एसपीएस	एकल पौध चयन
एसएसजी	सहायक कर्मचारी ग्रेड
एसटीएमएस	सीम्वेंस टैक्ड माइक्रोसैटेलाइट
टीएसपी	ट्राइबल सब प्लान
यूएएस	कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय
वीपीकेएएस	विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसन्धान संस्थान
डब्ल्यूएचओ	विश्व स्वास्थ्य संगठन
डब्ल्यूपी	वेटेबल पाउडर/संपूर्ण पैकेज
डब्ल्यूएससी	वाइड स्पेस्टक्रॉस
डब्ल्यूयूई	जल प्रयोग दक्षता
जैडसी	आंचलिक जांच

कार्यकारी सारांश

- अ.भा.स.अनु.प.(राई-सरसों) की 23वीं वार्षिक समूह की बैठक 5 अगस्त 2016 को दुवासू, मथुरा, में सम्पन हुई। बैठक में किस्म पहचान समिति द्वारा अंचल-V (असम, बिहार, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, झारखण्ड और उत्तर पूर्वी पर्वतीय क्षेत्र राज्यों) के लिए वर्षा सिंचित परिस्थितियों के लिए भारतीय सरसों की किस्म एनआरसीएचबी 101 की पहचान की गई।
- अ.भा.स.अनु.प.(राई-सरसों) में यह भी अनुशंसा की गई है कि मेन्कोज़ेब 0.2 प्रतिशत का पर्णीय स्प्रे और उसके उपरांत 0.05 प्रतिशत की दर पर प्रोपिकोनेजोल 25 ईसी डब्ल्यूआर, एसआर, एबीएल और एबीपी को नियंत्रित करने में सर्वाधिक प्रभावी था। इसी प्रकार 0.2 प्रतिशत की दर पर मेन्कोजेब का पर्णीय स्प्रे जिसके उपरांत 0.2 प्रतिशत मेन्कोज़ेब + बाद में किए गए 0.05 प्रतिशत की दर पर हेक्साकोनाजोल 25 ईसी स्प्रे पाउडरी फफूंद के प्रबंधन के लिए सर्वाधिक प्रभावशाली पाया गया।
- जननद्रव्य डीआरएमआर 541-44 (आईसी 0598624, आईएनजीआरआई 15066) को सूखा सहिष्णुता (वर्षा सिंचित परिस्थितियों के अंतर्गत उच्च जल प्रयोग दक्षता) के लिए भा.कृ.अनु.प.-रा.पा.आ.सं. ब्यूरो की पादप जननद्रव्य रजिस्ट्रीकरण समिति द्वारा रजिस्ट्रीकृत किया गया है।
- 57 पॉलीमॉर्फिक एलेलेज़ के साथ 25 पॉलीमॉर्फिक सिंपल सीक्वेंस रिपीट (एसएसआर) मार्करों के आधार पर 10 जीनोटाइप, जिनमें भारतीय सरसों (*ब्रासिका जंशिया*) 6 उच्च पैदावार वाले और 4 क्वालिटी लाइनें (2 निम्न इरूसिक और 2 दोगुने निम्न) भी शामिल थीं तथा उनके 24 संकरों की आनुवांशिक विविधता और संबद्धता को संचालित किया गया था।
- *बी. टूर्नेफोर्टी* (2 एन = 20), जो उगाई गई ब्रासिका की जंगली संबंधी है, के तीन पादपों में कृत्रिम आटोटेट्रप्लॉइडी का सफल अधिष्ठापन प्राप्त किया गया है तथा वे प्रमुख अजैव और जैव कारकों के विरुद्ध प्रतिरोध/सहिष्णुता के मूल्यवान संसाधन के रूप में अत्यंत आशाजनक हैं। सफलता का उच्चतम प्रतिशत तब दर्ज किया गया जब पादपों को दो दिन के भीतर 12 घंटे के लिए 0.2 प्रतिशत एक्वस कोकीसीन के साथ उपचारित किया गया।
- रबी 2015-16 के दौरान राई-सरसों की विभिन्न उन्नत किस्मों के कुल 916 क्विं. बीज उत्पादित किए गए थे।
- 2015-16 के दौरान डीआरएमआरआईजे-31 (19.4 क्विं), एनआरसीडीआर 02 (4.67 क्विं.), एनआरसीएच बी 101 (14.76 क्विं.), डीआरएमआर 601 (1.77 क्विं) और एनआरसीवाईएस 05-02 (0.16 क्विं) के ब्रीडर बीज उत्पादित किए गए।
- ब्रासिका प्रजातियों में उपस्थित प्रमुख कैंसररोधी अवयवों (एलीफैटिक ग्लूकोसिनोलेट, एरोमेटिक ग्लूकोसिनोलेट और इंडोइल ग्लूकोसिनोलेट) का अध्ययन करने के लिए एक नई जीसी-एमएस पद्धति मानकीकृत की गई है। मस्टर्ड डी-आइल्ड केक में कुल ग्लूकोसिनोलेटका अनुमान लगाने के लिए एक साधारण स्पेक्ट्रोफोटोमीट्रिक पद्यति प्राप्त की गई है।
- विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों के 65 स्क्लेरोटियोरम ने तना क्षति लंबाई के संबंध में रोगजनकता में भिन्नता दर्शाई। सात ब्रासिका प्रजातियों पर विभिन्न भौगोलिक आइसोलेटों द्वारा कारित दीर्घतम और लघुतम तना क्षति के आधार पर निम्नलिखित सात समूह बनाए गए : समूह-I (*बी. जंशिया* किस्म एनआरसीडीआर-02), समूह-II (*बी. नेपर* एनआरजीएलएस), समूह-III (*बी. रापा* किस्म वाईएस), समूह-IV (*बी. रापा* किस्म बीएस), समूह-V (*बी. रापा* किस्म तोरिया) समूह-VI (*बी. कारीनाटा*), समूह-VII (*बी. एल्बा*)।
- फसल किस्म चयन की एक वेब आधारित विशेषज्ञ प्रणाली विकसित की गई है। यह प्रणाली पृष्ठभूमि में विद्यमान वैज्ञानिक जानकारी आधार के साथ ज्ञान इंजीनियरी दृष्टिकोणों का प्रयोग करते हुए विकसित की गई है। यह प्रणाली जलवायु परिस्थितियों जैसे वर्षा आधारित सिंचाई अथवा दोनों परिस्थितियों के लिए स्थानों पर आधारित किसानों/परामर्शकों की पसंद के अनुसार किस्म चयन में मदद करती है।
- राजस्थान के भरतपुर जिले के विभिन्न गांवों में संवर्धित किस्मों जैसे डीआरएमआरआईजे 31, आरएच 406 और आरएच 749 के कुल 324 फ्रंट प्रथम पंक्ति लाइन प्रदर्शन संचालित किए गए थे जिन्होंने किसानों द्वारा दर्शाई गई अन्य

किस्मों की तुलना में क्रमशः 6.9, 12.1 और 7.3 प्रतिशत पैदावार लाभ प्रदर्शित किया।

- आई.सी.आर.-स.अनु.निदे. ने सरसों के वैज्ञानिक उत्पादन और संरक्षण प्रौद्योगिकी का प्रभावी और व्यापक प्रचार प्रसार करने के लिए विभिन्न राज्यों के के.वी.के. कार्मिकों के लिए 6, क्षेत्रीय स्तर के विस्तार कार्यकर्ताओं के लिए 2 तथा किसानों/एटीएम/बीटीएम के लिए 12 प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन किया।
- निदेशालय द्वारा 2016-17 के दौरान वैज्ञानिक और तकनीकी कार्मिकों से मिलकर बने अंतर्विषयक सदस्यों के पांच दलों द्वारा 25 गांवों को अपनाकर 'मेरा गांव मेरा गौरव कार्यक्रम सक्रिय रूप से संचालित किया गया। किसानों को सरसों पर 283 प्रथम पंक्ति प्रदर्शन, गेहूं पर 5 प्रथम पंक्ति प्रदर्शन संचालित करने, 5 सरसों क्षेत्र दिवस, पारस्परिक बैठकों, प्रशिक्षणों का आयोजन कराने, मोबाइल आधारित परामर्श प्रदान कराने, साहित्य वितरित करके, संबद्ध विभागों के साथ संपर्क प्रदान कराने आदि के माध्यम से नियमित आधार पर अपेक्षित वैज्ञानिक जानकारी, ज्ञान और परामर्श प्रदान किए गए हैं।
- इस अवधि के दौरान कुल 26 शोध-पत्र, 5 तकनीकी बुलेटिन, 3 पुस्तकें, 4 पुस्तक अध्याय और 18 तकनीकी फोल्डर प्रकाशित किए गए।
- जनजातीय उप-योजना के अंतर्गत, वर्ष 2016-17 के दौरान असम के परियोजना क्षेत्र में 96.6 हे. झारखंड के 120 हे., मध्य प्रदेश के 60 हे. तथा पूर्वोत्तर राज्यों (मणिपुर, मेघालय, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश) के लगभग 552 हे. क्षेत्र में राई-सरसों फसल के खेत-प्रदर्शन संचालित किए गए हैं। इसके अलावा, मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले के 31 जनजातीय किसानों के मध्य राई-सरसों की वैज्ञानिक प्रौद्योगिकी का प्रचार-प्रसार करने और उनकी क्षमता का निर्माण करने के लिए 13-15 दिसम्बर, 2016 के दौरान आरवीएसकेवीवी के साथ सहयोग करते हुए भा.कृ.अनु.प.-स.अनु.नि. के 3-दिवसीय प्रशिक्षण सह अनुभव दौरे का आयोजन भी किया गया।

1 भाकृअनुप-सरसों अनुसंधान निदेशालय : एक परिदृश्य

देश में तिलहनों में सुधार करने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा अप्रैल, 1967 में अखिल भारतीय तिलहन समन्वित अनुसंधान परियोजना (एआईसीआरपीओ) की स्थापना की गई थी। पांचवीं योजना (1974-79) में तिलहनों, विशेष रूप से राई-सरसों पर अनुसंधान कार्यक्रम को और भी सुदृढ़ बनाया गया। तद्नुसार, 28 जनवरी 1981 को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में राई-सरसों के लिए प्रथम परियोजना समन्वय इकाई की स्थापना की गई। सातवीं योजना (1992-97) के दौरान, भा.कृ.अनु.प. ने 1990 में गठित कार्यबल की सिफारिश के आधार पर राज्य कृषि विभाग, राजस्थान सरकार के अनुकूलन परीक्षण केन्द्र, सेवर, भरतपुर में राई-सरसों पर आधारभूत, रणनीतिक और अनुप्रयुक्त अनुसंधान संचालित करने के लिए 20 अक्तूबर, 1993 को राष्ट्रीय सरसों अनुसंधान केन्द्र की स्थापना की। ग्यारहवीं योजना (2007-12) में इस केन्द्र को सरसों अनुसंधान निदेशालय के रूप में उन्नयित किया गया। आधारभूत जानकारी और सामग्रियां सृजित करने के अलावा, यह निदेशालय पारिस्थिकीय दृष्टि से सुदृढ़ और आर्थिक दृष्टि से अर्थक्षम कृषि उत्पादन और संरक्षण प्रौद्योगिकियां विकसित करने के कार्य में लगा है। राई-सरसों के उत्पादन और उत्पादकता में समृद्धि करने के लिए अ.भा.स.अनु.प. (राई-सरसों) के तत्वाधान में आवश्यकता आधारित सत्यापन करने के अलावा निदेशालय को समूचे देश में फैले 11 मुख्य और 12 उपमुख्य केन्द्रो के एक विशाल नेटवर्क के माध्यम से अनुसंधान कार्यक्रमों की योजना बनाने उनके समन्वयन और निष्पादन का उत्तरदायित्व भी सौंपा गया है। निदेशालय आगरा-जयपुर राजमार्ग पर भरतपुर रेलवे स्टेशन और बस अड्डे से क्रमशः 7 और 3 किमी. की दूरी पर स्थित है। भरतपुर, जिसे केवलदेव राष्ट्रीय पक्षी अभयारण्य के लिए समूचे विश्व में जाना जाता है, दिल्ली-मथुरा मुख्य रेलवे लाइन पर मथुरा से केवल 35 किमी की दूरी पर है तथा जयपुर, दिल्ली और आगरा से बस और रेल सेवा से भलीभांति जुड़ा है। निदेशालय का परिसर 44.21 है. क्षेत्र में फैला है जिसके लगभग 80 प्रतिशत भाग में प्रयोगों को संचालित किया जाता है और शेष भाग में प्रशासनिक-सह-प्रयोगशाला भवन तथा आवासीय परिसर है। यह निदेशालय 77.27° पू. देशांतर, 27.12° उ. देशांतर अक्षांश और समुद्र तल से 178.37 मीटर ऊपर स्थित है। भा.कृ.अनु.प.-स.अनु.नि., विभिन्न अनुसंधान और सहायक इकाइयों के माध्यम से (देखिए संगठन चित्र) उत्पादन प्रणाली, अनुसंधान को सहयोग प्रदान करने के लिए एक धुरी के रूप में कार्य करता है तथा तोरिया (पीली सरसों, तोरिया, तारामीरा, गोभी सरसों) और सरसों (भारतीय सरसों और इथियोपियाई सरसों) की फसलों के लिए प्रौद्योगिकियों और प्रजनन सामग्री का विकास करता है।

उद्देश्य

- आनुवांशिक संसाधनों के बेहतर दोहन के लिए अग्रणी अनुसंधान का प्रयोग करना।
- उपयुक्त उत्पादन, संरक्षण प्रौद्योगिकियों का विकास और उनकी पहचान।
- प्रौद्योगिकी आकलन, परिष्करण और प्रचार-प्रसार के माध्यम से क्षमता निर्माण और ज्ञान प्रबंधन।

कार्य

- राई-सरसों के आनुवांशिक संसाधनों और उस पर जानकारी के लिए राष्ट्रीय निक्षेपागार।
- तेल और बीज-आहार की उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार करने के लिए बुनियादी, कार्यनीतिक और अनुप्रयुक्त अनुसंधान।
- विभिन्न परिस्थितियों के लिए पारिस्थिकीय दृष्टि से सुदृढ़ और आर्थिक दृष्टि से अर्थक्षम उत्पादन और संरक्षण प्रौद्योगिकियों का विकास।
- बहु-स्थानिक परीक्षण और समन्वय पर आधारित स्थान-विशिष्ट अंतर्विषयक जानकारी का सृजन।
- उपर्युक्त उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए संबंधों को स्थापित करना तथा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग का संवर्धन करना।
- तकनीकी विशेषज्ञता और परामर्श का विस्तार करना।

संगठनात्मक ढांचा



2 अनुसंधान उपलब्धियाँ

2.1 भारतीय सरसों में तनाव सहिष्णुता के लिए आनुवांशिक संवर्धन

डीआरएमआर सीआई-10 : सामान्य और आर्द्रता तनाव परिस्थितियों के अंतर्गत उच्च पैदावार तथा तेल अंश के लिए प्रजनन

प्रधान अन्वेषक : वी.वी. सिंह, प्रधान वैज्ञानिक (आनुवांशिकी और पादप प्रजनन)

सह-अन्वेषक : पी.के. राय, प्रधान वैज्ञानिक (पादप रोग विज्ञान), आर.एस. जाट, वरिष्ठ वैज्ञानिक (सस्य विज्ञान), एच.एस. मीना, वरिष्ठ वैज्ञानिक (आनुवांशिकी और पादप प्रजनन)

अ.भा.स.अनु.प.(राई-सरसों) परीक्षणों में प्रविष्टियों का निष्पादन और योगदान

वर्ष 2016-17 के दौरान विभिन्न समन्वित परीक्षणों में अ. भा. स.अनु.प.(राई-सरसों) के अंतर्गत बहुस्थानिक परीक्षण के लिए पांच आशाजनक प्रविष्टियों अर्थात डीआरएमआर सीआई-58, डीआरएमआरसीआई-59 (प्रारंभिक सरसों), डीआरएमआर सीआई-55 (समय पर बोई गई सिंचित), डीआरएमआर सीआई-65, डीआरएमआरसीआई-70 (समय पर बोई गई वर्षा सिंचित) को अधिष्ठापित किया गया।

प्रविष्टि डीआरएमआर 1165-40 को समय पर बोए गए (वर्षा सिंचित) अंचल II में एवीटी II में सवंर्धित किया गया है। प्रविष्टि डीआरएमआर 1153-12 को एवीटी I (विलंब से बोई गई, अंचल V) में दोहराया गया है। डीआरएमआर 1165-40 (निरंतर 2 वर्ष) और डीआरएमआर 15-19 को पौध अवस्था पर ताप-सहिष्णु के रूप में पहचाना गया। जीनोटाइप डीआरएमआर 541-44 (3 वर्ष) की पहचान निम्न प्रकाश तनाव के अंतर्गत की गई। जीनोटाइप डीआरएमआर 10-40 (4 वर्ष) और डीआरएमआर 15-5 की पहचान अ.भा.स.अनु. प.(राई-सरसों) पादप आकारिकी परीक्षणों के अंतर्गत आर्द्रता के प्रति सहिष्णु के रूप में की गई।

जननद्रव्य पंजीकरण

भा.कृ.अनु.प.-रा.प.अनु.स. ब्यूरो, नई दिल्ली की पादप जननद्रव्य पंजीकरण समिति द्वारा जननद्रव्य डीआरएमआर 541-44 (आईसी 0598624, आईएनजीआर 15066) को सूखा सहिष्णुता के लिए (वर्षा सिंचित परिस्थितियों के अंतर्गत उच्च जल प्रयोग कार्यकुशलता) पंजीकृत किया गया है।

स्टेशन/प्रगत परीक्षणों में आशाजनक प्रविष्टियों का मूल्यांकन

अवधि 2016-17 के दौरान, विविध परिस्थितियों के लिए आशाजनक प्रविष्टियों के चयन के लिए 4 स्टेशन परीक्षणों में 64 प्रविष्टियों का मूल्यांकन किया गया। 2015-16 के स्टेशन परीक्षणों से, स्ट्रेन डीआरएमआरसीआई 55 (2211 किग्रा/है.) ने चेक (श्रेष्ठ चेक एनआरसीएचबी 101 ने 2058 किग्रा/है. पैदावार) की तुलना में अधिकतम पैदावार दी। एक अन्य स्टेशन परीक्षण में, प्रविष्टि डीआरएमआरसीआई 65 (1958 किग्रा/है.) ने श्रेष्ठ चेक एनआरसीएचबी 101 (1664 किग्रा/है.) को पैदावार में पीछे छोड़ दिया। वर्षा सिंचित परिस्थितियों के अंतर्गत, प्रविष्टि डीआरएमआरआईसी-70 (1565 किग्रा/है.), डीआरएमआरआईसी-65 (1536 किग्रा/है.), डीआरएमआरआईसी-68 (1462 किग्रा/है.) ने चेक आरएच 819 (1250 किग्रा/है.) की तुलना में बेहतर पैदावार दर्ज की गयी। शीघ्र परिपक्वता के लिए परीक्षण में, प्रविष्टि डीआरएमआर 59 और डीआरएमआर 58 ने श्रेष्ठ चेक एनपीजे 112 (1404 किग्रा/है.) की तुलना में अधिक पैदावार अर्थात क्रमश: 1241 किग्रा/है. और 1624 किग्रा/है. दर्ज की गयी।

प्रेक्षण पौधशाला

चेक(एनआरसीएचबी 101, डीआरएमआर आईजे 31, आरएच 749 और एनआरसीडीआर 2) के साथ प्रेक्षण पौधशाला में एक सौ तेईस प्रगत संततियों को उगाया गया था। स्वभावत: प्रदर्शन के आधार पर संतति डीआरएमआर 1724-49 (2286 किग्रा/है., ओसी 42.6 प्रतिशत) डीआरएमआर 1716-5 (2106 किग्रा/है., ओसी 43.3 प्रतिशत), डीआरएमआर 1716-3 (2045 किग्रा/है., ओसी 42.8 प्रतिशत), डीआरएमआर 1721-29 (1936 किग्रा/है., ओसी 42.3 प्रतिशत), डीआरएमआर 1721-26 (1866 किग्रा/है., ओसी 42.2 प्रतिशत), डीआरएमआर 1724-45 (1860 किग्रा/है., ओसी 42.8 प्रतिशत), डीआरएमआर 1721-18 (1851 किग्रा/है., ओसी 41.84 प्रतिशत) का चयन किया।

जीसीवी और पीसीवी प्रति पादप जैविक पैदावार के लिए उच्च थे (क्रमश: 24.32 और 24.54 प्रतिशत) जिसके बाद बीज पैदावार प्रति पादप (क्रमश: 20.22 और 21.63 प्रतिशत) और फल उत्पादक क्षेत्र (क्रमश: 13.04 और 13.13 प्रतिशत) का स्थान था। आनुवांशिक प्रगति औसत प्रतिशत के रूप में जैविक पैदावार (43.34 प्रतिशत), पादप ऊंचाई (31.9 प्रतिशत), फल उत्पादन क्षेत्र लंबाई (24.46 प्रतिशत) तथा प्रति पादप बीज पैदावार (15.9 प्रतिशत) के लिए उच्च थी।

उच्च तेल पंक्तियों का मूल्यांकन

चयन के तृतीय चक्र से प्राप्त की गई 19 अर्ध-सगोत्र लाइनों का चेक किस्मों रोहिणी और एनआरसीडीआर की तुलना में तेल अंश के लिए पुन: मूल्यांकन किया गया था। दो व्युत्पन्नों अर्थात 253-17-3 (47.75 प्रतिशत) और 253-16-1 (43.7 प्रतिशत) जिन्होंने 2015 में रोहिणी (41.1 प्रतिशत) की तुलना में उच्च तेल अंश (>43 प्रतिशत) दर्ज किया था, क्रमश: 42.36 प्रतिशत और 43.94 प्रतिशत तेल अंश प्रदान किया। अन्य व्युत्पन्नों, जिन्होंने उच्च तेल अंश प्रदान किया, में शमिल थे, 12-1 (43.16 प्रतिशत), 17-1 (43.23 प्रतिशत) और 16-2 (42.97 प्रतिशत)।

वर्षा सिंचित प्रेक्षण पौधशाला

प्रेक्षण पौधशाला का एक सौ तेईस प्रगत संततियों (123) का समान सेट वर्षा सिंचित परिस्थितियों के अंतर्गत उगाया गया था। भूखंड पैदावार तथा सूखा संवेदनशीलता सूचकांक (डीएसआई) के आधार पर, संतति डीआरएमआर 1680-100 (1437 किग्रा/है., डीएसआई 0.25), डीआरएमआर 1686-79 (1381 किग्रा/है., डीएसआई 0.50), वाईएसएच 33 (1300 किग्रा/है., डीएसआई 0.13), डीआरएमआर 1678-98 (1281 किग्रा/है.), वाईएसएच (1196 किग्रा/है., डीएसआई 0.59) और वाईएसएच 113 (1125 किग्रा/है., डीएसआई 0.96) का चयन किया गया।

प्रजनन सामग्री का उत्पादन

नौ नए संकरों को विकसित करने का प्रयास किया गया तथा 23 एफ$_1$ को एफ$_2$ पीढी में प्रगत किया गया।

पृथक्कीकरण पीढियों से चयन

पृथक्कीकरण तथा गैर-पृथक्कीकरण पीढियों [एफ$_3$ 187 एसपीएस (04 संकर), एफ$_4$ 85 एसपीएस (04 संकर), एफ$_5$ 144 (03 संकर), प्रेक्षण पौधशाला 120 (20 संकर)] को संचित परिस्थितियों के अंतर्गत मानक चेक के साथ संवर्धित ब्लॉकों में उगाया गया था। वर्षा-सिंचित परिस्थितियों के अंतर्गत [एफ$_2$ 06 एफ$_4$ (*ब्रासिका कारीनाटा* प्रकार), 81 एसपीएस (03 संकर), एफ$_4$ (*ब्रासिका जंशिया* प्रकार) 163 (9 संकर), एफ$_5$ 117 एसपीएस (05 संकर), प्रेक्षण पौधशाला (20 संकरों से 120 बल्क)] को चेक के साथ चयन और मूल्यांकन के लिए उगाया गया था। लगभग 1000 एकल पादपों तथा आशाजनक पंक्तियों का चयन किया गया।

6 एफ$_2$ जनसंख्याओं से 340 एसपीएस का चयन पीढ़ी प्रवर्धन के लिए किया गया। एफ$_4$ पीढ़ी से 100 एकल पादप (*ब्रासिका कारीनाटा* प्रकार) और 150 (*ब्रासिका जंशिया* प्रकार) का चयन किया गया। एफ$_5$ पीढ़ियों की आशाजनक पंक्तियों से 32 बल्क चयन किए गए।

एफ$_4$ पीढियों से शीघ्र परिपक्वता, उच्च तेल अंश (%) और परीक्षण भार के लिए ब्रासिका कारीनाटा के आशाजनक प्रवर्धों का चयन किया गया। संतति 3-1 (42.2 %), 6-2 (42.5 %), 9-2 (42.6%), 12-1 (43.98%), 12-3 (42.9%), 32-4 (42.2%), 36-1 (42.5%), 39-1 (42.0%),49-1 (43%), 62-2 (42%), 63-1 (42.2%), 64-2 (42.3%) का चयन उच्च तेल अंश के लिए किया गया। संतति 70-3 (125 डीएम, 42.7 % ओसी), 72-4 (124 डीएम, 42.2 % ओसी), 74-4 (123 डीएम, 42.5 % ओसी), 81-1 (123 डीएम, 42.3 % ओसी) का चयन शीघ्र परिपक्वता और उच्च तेल अंश के लिए किया गया। तीन संततियों अर्थात 20-2 (टीडब्ल्यू 4.7 ग्रा), 25-1 (टीडब्ल्यू 5.2 ग्रा), और 25.2 (टीडब्ल्यू 5.4 ग्रा) को उच्च परीक्षण भार के लिए आशाजनक पाया गया जबकि संतति 40-4 (124 डीएम, 42.6 % ओसी, 4.3 ग्रा टीडब्ल्यू), 70-1 (125 डीएम, 42.9 % ओसी, 4.8 ग्रा टीडब्ल्यू) और 77-3 (124 डीएम, 40.6 % ओसी, 4.7 ग्रा टीडब्ल्यू) में शीघ्र परिपक्वता, उच्च परीक्षण भार और उच्च तेल अंश पाया गया।

डीआरएमआर-सीआई-12 : अंतर्विशिष्ट और अंतर्आनुवांसिक संकरीकरण के माध्यम से ब्रासिका में जीन पूल का विस्तारण

प्रधान अन्वेषक : अरुण कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक (आनुवांशिकी - कोशिका आनुवांशिकी)

सह अन्वेषक : एच.एस. मीना, वरिष्ठ वैज्ञानिक (आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन) और अनूभूति शर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक (जैव रसायन)

ब्रासिका टूर्नेफोर्टी के कोल्चीसिन-उत्प्रेरित टेट्राप्लॉइड्स में कोशिका-आनुवांशिक अन्वेषण तथा बी. जंशिया के साथ संकरीकरण में उपयोग

कल्टिवेटेड ब्रासिका के जंगली संबंधी *बी. टूर्नेफोर्टी* (2 एन = 20) के तीन पादपों में कृत्रिम ऑटोटेट्राप्लॉयडी का सफल अधिष्ठापन किया गया है तथा ये प्रमुख अजैविक और जैविक कारकों के प्रति प्रतिरोध सहिष्णुता के लिए एक मूल्यांकन संसाधन के रूप में अत्यंत आशाजनक सिद्ध हुए हैं (चित्र 2.1)।

सफलता का उच्चतम प्रतिशत तब दर्ज किया गया, जब पादपों को दो दिन में 12 घंटे के लिए 0.2 प्रतिशत जलीय कोल्चीसिन के साथ उपचारित किया गया। संश्लेषित पादपों ने अनेक आकारिकी और पुष्पण विशेषताओं में उल्लेखनीय संवृद्धि प्रदर्शित की जिससे वे अधिक विशाल हो गए।



डिप्लॉयड 2 एन = 2 एक्स = 20



टेट्राप्लॉयड 2 एन = 2 एक्स = 40

चित्र 2.1: *बी. टूर्नेफोर्टी* के डिप्लॉयड और कोल्चीसिन -उत्प्रेरित टेट्राप्लॉयड्स में साइटोलॉजिकल परीक्षण (मेल मियोसिस)

अपेक्षित विशेषताओं के साथ बी. *कारीनाटा* में वोनीकरण स्रोत का विकास

भारतीय सरसों की किस्म एनआरसीडीआर-2 को बी. *कारीनाटा* की पंजीकृत जननद्रव्य पंक्ति एनआरसीकेआर 304 के साथ संकर किया गया। जिसमें वांछनीय विशेषताएं जैसे 100 सेमी से कम की लघु ऊंचाई, फल-उत्पादन क्षेत्र लंबाई, लंबा शिंबी आकार, उच्च परीक्षण भार, शीघ्र परिपक्वता आदि तब देखी गई जब उनकी तुलना पैतृक पंक्तियों के साथ की गई। इन पंक्तियों में से, डीआरएमआर-सी-16-6 के रूप में अभिहित एक स्थिर पंक्ति का चयन लघु ऊंचाई तथा अन्य आर्थिक महत्व की अन्य अपेक्षित विशेषताओं के साथ किया गया (चित्र 2.2)।

चित्र 2.2 : लघु ऊंचाई के साथ नया पादप प्रकार

बी. टर्नेफोर्टी और *बी. रापा* (किस्म एनआरसीवाईएस 05-02) के बीच अंतर-विशिष्ट संकर के माध्यम से भूरे बीज वाली *बी. रापा* पंक्तियों का विकास

उक्त संकरण से प्राप्त दो एफ$_1$ पादप को पुनः *बी. रापा* (एनआरसीवाईएस - 05-02) के साथ संकर किया गया तथा बीसी$_1$ में कुछ बीज प्राप्त किए गए और उन्हें 1 : 1 के अनुपात में पृथक किया गया। पृथक्कीकरण पंक्तियों से दो रंगों के (गहरा भूरा और पीला) बीज प्राप्त किए गए। इन पृथक्कीकरण पंक्तियों में से, दो पंक्तियों को डीआरएमआर-आईएस-17-01 और डीआरएमआर-आईएस-17-02 के रूप में अभिहित किया गया एवं उन्हें एफ$_5$ पीढी में प्रगत किया गया तथा उनका चयन क्रमशः टेट्रा-लोक्यूलर शिंबियों के साथ भूरे बीजों तथा बाई-लोक्यूलर शिंबी के साथ भूरे बीजों के लिए किया गया (चित्र 2.3)।

चित्र 2.3 : भूरे बीज का प्रकार एनआरसीवाईएस 05-02

पीढ़ी संवर्धन तथा अंतर्विशिष्ट संकरों की पृथक्कीकरण पीढ़ियों से चयन

रबी 2015-16 के दौरान, अंतर्विशिष्ट संकर *बी. जंशिया* (एनआरसीडीआर-2) x *बी. कारीनाटा* (एनआरसीकेआर - 304) की एफ$_5$ संततियों से लगभग 80 वांछनीय *बी. जंशिया* प्रकार का चयन विभिन्न अवयव विशेषताओं के लिए किया।

बी. जंशिया x बी. फ्रुक्टिकुलोसा (टेट्राप्लॉइड) के बीच पुष्ट अंतर्विशिष्ट संकरों की एफ$_2$ पृथक्कीकरण संततियों की पैदावार और पीढ़ी प्रवर्धन

बी. जंशिया ग *बी. फ्रुक्टिकुलोसा* (टेट्राप्लॉइड) के बीच प्राप्त किए गए नए पुष्ट अंतर्विशिष्ट संकरों की एफ$_2$ पृथक्कीकरण संततियों से एफ$_3$ पीढियों की संततियों में सरसों एफिड संक्रमण के लिए स्क्रीनिंग और स्कोरिंग तथा एकल पादप संततियों का चयन किया गया। एफ$_3$ संततियों से लगभग 80 एकल पादपों का चयन किया गया। चेक बीएसएच 1 की तुलना में क्षेत्र परिस्थितियों में सरसों एफिड संक्रमण के लिए स्क्रीनिंग संचालित की गई। बखेतिया और संधु (1973) की पद्धति का अनुपालन करते हुए 0 से 05 मानक पर एफिड क्षति संलक्षणों पर आधारित स्क्रीनिंग के आधार पर 20 पादपों का चयन किया गया। इसके अलावा एफ$_2$ पृथक्कीकरण संततियों ने मूल्यवान आनुवांशिक विविधता सृजित की।

डीआरएमआर-सीआई-14 : भारतीय सरसों में शीघ्रता और उच्च तापमान सहिष्णुता के लिए प्रजनन

प्रधान अन्वेषक : भगीरथ राम, वरिष्ठ वैज्ञानिक (आनुवांशिकी एवं पादपप्रजनन)

सह-अन्वेषक : आर.एस. जाट, वरिष्ठ वैज्ञानिक (सस्य-विज्ञान), एम.एस. सुजीत कुमार, वैज्ञानिक (पादप जैव-रसायनी)

ऊष्मा तनाव परिस्थितियों के अंतर्गत ऊष्मा सहिष्णु और संवेदनशील जीनोटाइपों (दाताओं) का तुलनात्मक निष्पादन

सहिष्णु और संवेदनशील सहित तीस जीनोटाइपों के दो सौ परिकलित बीजों को आरसीबीडी में तीन अनुकरणों के साथ ऊष्मा तनाव परिस्थिति (बीज बोने की तारीख 28 सितम्बर, 2015) तथा सामान्य परिस्थिति (बीज बोने की तारीख 24 अक्तूबर, 2015) में बोया गया था। ऊष्मा तनाव के अंतर्गत 50 % पुष्पण के दिवस तथा परिपक्वता के दिवस क्रमश: 42 से 57 और 136 से 160 थे। जीनोटाइपों में, सामान्य और ऊष्मा तनाव परिस्थितियों के अंतर्गत 1000 - बीज भार (ग्राम) डीआरएमआर - 1191-2 (5.11, 5.13) में अधिकतम था जिसके बाद जीएम 2 (4.89, 4.51) और आरएच - 555 (4.49, 5.41) का स्थान था। जीनोटाइप डीआरएमआर-1187 -55 (32 ग्राम), डीआरएमआर -1672-2 (32 ग्राम), बीपीआर - 543-2 (28.5 ग्राम) तथा डीआरएमआर - एचटी - 13-20 (28 ग्राम) ने सामान्य परिस्थिति के अंतर्गत अधिकतम बीज पैदावार दर्ज की, जबकि जीनोटाइप डीआरएमआर - एचटी - 13-7 (20 ग्राम), डीआरएमआर - 1165-40 (19.8 ग्राम), बीपीआर - 541-4 (18 ग्राम), बीपीआर - 549-9 (17.5 ग्राम) और डीआरएमआर - एचटी - 13-13 (17 ग्राम) ने तनाव परिस्थितियों के अंतर्गत अधिकतम बीज पैदावार दर्ज की। ऊष्मा तनाव परिस्थिति के अंतर्गत 10 डीएएस और 25 डीएएस पर जनसंख्या उत्तरजीविता (%) क्रमश: 39 से 60 (%) और 31 से 61 (%) थी। जीनोटाइपों में, झिल्ली स्थायित्व सूचकांक ऊष्मा तनाव परिस्थिति के अंतर्गत डीआरएमआर - 541-44 (72.22 %), डीआरएमआर - एचटी - 13-28 (67.86 %), एनपीजे - 124 (67.80 %) और आरएच-555 (64.47 %) में अधिकतम दर्ज किया गया था जबकि यह ऊष्मा तनाव परिस्थिति के अंतर्गत डीआरएमआर - 1672-2 में न्यूनतम (4.84 %) था। जीनोटाइप डीआरएमआर - एचटी - 729 (33.64 %), एनआरसीएचबी 101 (35.42 %), उर्वशी (36.46 %), एनपीजे 124 (38.71 %), डीआरएमआर - एचटी - 13-28 (38.86 %) तथा आरएच 119 (44.52 %) ऊष्मा सहिष्णु के रूप में पहचाने गए तथा जीनोटाइप वरुणा (73.87 %) और डीआरएमआर-1187-55 (66.67 %) को किसी भी पर्यावरणीय स्थिति के बावजूद ईएलडब्ल्यूएल के लिए ऊष्मा संवेदी के रूप में पहचाना गया। ऊष्मा तनाव परिस्थिति के अंतर्गत सापेक्षी जल अंश (%) 70.59 से 89.19 के बीच था। बीज पैदावार तथा अन्य आकारिकी-शारीरिक कार्यात्मक विशेषताओं के बीच उल्लेखनीय सह-सम्बंध 0.322*- 0.901** के बीच था। पदानुक्रम क्लस्टर विश्लेषण ने दर्शाया कि जीनोटाइपों को मुख्य रूप से 0.73 के समानता गुणांक पर तीन प्रमुख क्लस्टरों में विभाजित किया गया था, जो सभी ऊष्मा संवेदी और ऊष्मा सहिष्णु जीनोटाइपों को पृथक करते थे। अधिकांश ऊष्मा संवेदी जीनोटाइपों को एक प्रमुख समूह में रखा गया था। सामान्य समतुल्य गुणांक के आधार पर आनुवांशिक दूरी का अनुमान 0.73 से 0.88 के बीच था। कुल मिलाकर इन तीस जीनोटाइपों ने सामान्य समतुल्य गुणांक के आधार पर 73 प्रतिशत समानता साझा की। क्लस्टर-I में आठ जीनोटाइप थे जो ऊष्मा सहष्णु थे। ऊष्मा संवेदनशीलता सूचकांक ($\leq$0.5), पैदावार स्थापित अनुपात ($\geq$80 %), प्रति पादप शिंबी, उच्च आरडब्ल्यूसी, एमएसआई मान और

आण्विक विविधता विश्लेषण के आधार पर डीआरएम आरएचटी-13-20, डीआरएमआरएचटी-13-13, डीआरएम आरएचटी - 13-7, डीआरएमआर - 13 - 28, डीआरएमआर - 541-44, डीआरएमआर - 1165-40, बीपीआर - 543-2, आरएच - 555 और उर्वशी की पहचान पौध अवस्था पर ऊष्मा सहष्णु के रूप में की गई।

उच्च तापमान तनाव सहिष्णुता के लिए भरतीय सरसों जननद्रव्य का मूल्यांकन

रबी 2015-16 के दौरान दो चेक के साथ ऊष्मा तनाव (अगेती बुआई) और सामान्य (समय पर बुआई) परिस्थितियों के अंतर्गत संवर्धित ब्लॉक डिजाइन में कुल 64 जननद्रव्य को पौध स्तर पर उनकी उच्च तापमान तनाव सहिष्णुता के संबंध में उनके स्वभावत: निष्पादन के लिए मूल्यांकित किया गया था। दो चेक के साथ प्रत्येक 64 जननद्रव्यों के सौ परिगणित बीजों को ऊष्मा तनाव (28 सितम्बर) और सामान्य (24 अक्तूबर) परिस्थितियों के अंतर्गत खेत में बोया गया था। विभिन्न मृद्रा गहराइयों (सतह, 5 सेमी, 10 सेमी और 20 सेमी) में मृदा तापमान प्रेक्षणों के साथ मृदा की आर्द्रता को दर्ज किया गया। सभी जननद्रव्यों में ऊष्मा तनाव में वृद्धि के साथ 10 और 25 डीएएस पर जनसंख्या उत्तरजीविता प्रतिशत में निरंतर कमी हुई। तथापि, यह कमी जननद्रव्य बीबीएम 06-02, पी 32, एचपीएलएम 06-11, यूपी प्प-73, डीआरएमआरआईजे 447 और पीबीआर 378 में कम थी। जननद्रव्य में, एमएसआई सामान्य और तनाव परिस्थितियों के अंतर्गत बीपीआर - 543-2, एमआरएन-जे-2001-3, एचपी 30, बी 337, आईसी 267700, यूपी II-73 और पीबीआर 378 में उच्च था जबकि यह सामान्य की तुलना में उच्च तापमान तनाव में डीआरएमआर - 1998 (1.04 %), डीआरएमआर-1077 (1.45 %), आईसी - 511611 (1.56 %) और डीयू 4 (1.69 %) में निम्न था। ऊष्मा तनाव परिस्थितियों के अंतर्गत, आरडब्ल्यूसी मान जननद्रव्यें बीपीआर 549-9 (92.11 %), आरआरएन 752 (91.11 %), बीपीआर-543-2 (90.86 %), एमआरएन-जे-2001-3 (89.74 %), बी 337 (86.67 %), आरएम 14 (85.71 %) और डीआरएमआर - 2001 (85.71 %) में जननद्रव्य पंक्तिया ईसी 511664 (66.67 %) और एचपी 02-03-2 (71.62 %) की तुलना में उच्च था। 10 और 25 डीएएस पर जनसंख्या उत्तरजीविता, एमएसआई, ईएलडब्ल्यूएल, आरडब्ल्यूसी मान, ऊष्मा संवेदनशीलता सूचकांक (¤0.5) और पैदावार स्थायित्व अुनपात (°80 %) जननद्रव्य एचपीएलएम 06-25, एचपी 96, यूपी II-11, यूपी I-77, ईसी 414320, यूपी II-73, बीपीआर-543-2 और एनआरएन-जे-2001-3 की पहचान पौध अवस्था पर ऊष्मा सहिष्णु के रूप में की गई।

पूर्विता/उच्च तापमान तनाव सहिष्णुता के लिए एफ$_3$ अवस्था सामग्री का पीढ़ी सवंर्धन और मूल्यांकन

तीन चयनित संकरों अर्थात डीआरएमआरएचटी-13-13 (जीएम 2 x बीपीआर-549-9), डीआरएमआरएचटी -13-20 (जेएन 032 x उर्वशी) और डीआरएमआरएचटी -13-28 (बीपीआर 543-2 x बीपीआर-549-9) का संतति पंक्ति पैदावार परीक्षण पहले बोई गई परिस्थितियों के अंतर्गत अलग से संचालित किया गया था। प्रत्येक पंक्ति के दो सौ परिगणित बीज 5 मी लंबाई की दो पंक्तियों में बोए गए थे। बीपीआर 543-2 और एनपीजे-112 का प्रयोग क्रमश: उच्च तापमान तनाव सहिष्णुता और पूर्विता के लिए चेक किस्मों के रूप में किया गया था। परीक्षित 62 एफ$_3$ जनसंख्या में से, 41 पूर्व और उच्च तापमान सहिष्णु प्रकारों को आगे मूल्यांकन और चयन के लिए एफ$_4$ में संवर्धित किया गया।

संकरीकरण कार्यक्रम

रबी 2015-16 के दौरान भारतीय सरसों [*ब्रासिका जंशिया* (एल.) जेर्न एंड कॉस] की आठ आनुवांशिक रूप से विविध किस्मों अर्थात एनआरसीएचबी 101, डीआरएमआरआईजे - 31, एनआरसीडीआर 02, आरएच-749, आरएच-119, आरएच- 406, उर्वशी और बीपीआर-549-9 को डाइएलिल फैशन (अन्योन्यों को हटाकर) में संकरित किया गया था। 28 एफ$_1$ संकर बीजों को उगाया गया था।

उच्च तापमान तनाव के प्रति पैतृक और एफ$_1$ (पूर्व x पूर्व) संकरों की तुलनात्मक सहिष्णुता प्रतिक्रिया

जनकों सहित कुल 44 एफ$_1$ संकरों को पौध अवस्था पर उनकी उच्च तापमान तनाव सहिष्णुता के संबंध में उनके स्वभावत: निष्पादन के लिए पांच मीटर लंबाई की दो पंक्तियों में दो अनुकरणों के साथ आरसीबीडी में मूल्यांकित किया गया था। जनकों सहित 44 संकर संयोजनों के दो सौ परिगणित बीज रबी 2015-16 के दौरान ऊष्मा तनाव परिस्थिति (28 सितम्बर) के अंतर्गत खेत में बोए गए थे। ऊष्मा तनाव परिस्थिति के अंतर्गत 10 डीएएस और 25 डीएएस पर पीएस (%) के क्रमश: 51 से 71 % और 39 से 58 % के बीच था। ऊष्मा तनाव परिस्थितियों के अंतर्गत एमआईएस (%) संकर जेएन 032 x टीजीपी-13

(62.29 %), एनआरसीएच 101 x टीजीपी - 5 (61.11 %) और बीपीआर 549-9 x कोर - 50 (56.12 %) में उच्च था, जबकि यह ऊष्मा तनाव परिस्थितियों के अंतर्गत टीजीपी-6 (17.12 %) और टीजीपी-13 (24.81 %) में निम्न था। उर्वशी x बीपीआर - 549 - 9 (92.50 %), एनआरसीएचबी 101 x उर्वशी (89.66 %) टीजीपी - 20 (89.47 %), आरएच - 119 x आरएच 406 (88.71 %), बीपीआर 543 - 2 (88.0 %), बीपीआर 549 - 9 x कोर - 50 (86.21 %), जेएन - 032 x टीजीपी-13 (86.05 %) तथा उर्वशी x टीजीपी - 20 (84.85 %) में आरडब्ल्यूसी मान टीजीपी - 6 (77.19 %) की तुलना में उच्च था। इसी प्रकार संकर उर्वशी x टीजीपी-20 (16.5 ग्राम), टीजीपी - 6 (16.3 ग्राम), कोर - 50 (15.5 ग्राम), डीआरएमआरआईजे 31 x उर्वशी (15 ग्राम), बीपीआर-54-9 x कोर - 50 (14.45 ग्राम), आरएच - 119 x आरएच-406 (14 ग्राम) और एनआरसीएचबी 101 x आरएच 119 (13.3 ग्राम) ने प्रति पादप उच्च बीज पैदावार (ग्राम) दर्ज की, जबकि टीजीपी-5 (8 ग्राम), एनआरसीएचबी - 101 (8.2 ग्राम), डीआरएमआरआईजे 31 x एनआरसीडीआर 02 (9 ग्राम) और एनपीजे - 112 (9.6 ग्राम) में ऊष्मा तनाव परिस्थितियों के अंतर्गत प्रति पादप (ग्राम) निम्न बीज पैदावार दर्ज की।

बीज पैदावार और ऊष्मा तनाव सहिष्णुता विशेषताओं के लिए संयोजित समर्थतता तथा जीन एक्शन

प्रयोगों के प्रत्येक सेट के लिए, सुरक्षित आर्द्रता शर्तों के अंतर्गत सितम्बर के अतिम सप्ताह में बुआई करके उच्च तापमान तनाव सृजित किया गया था। परिणामों ने दर्शाया कि वैरीयेंस के विश्लेषण ने अध्ययन में पाया कि विशेषताओं में उल्लेखनीय अंतर है। आठ जनकीय पंक्तियों और 28 एफ$_1$ संकरों (पी $\leq$ 0.01) के मध्य जनसंख्या उत्तरजीविता के फीनोटाइपिक मान (10 डीएएस और 25 डीएस), कोशिका झिल्ली स्थायित्व सूचकांक (एनएसआई), कर्तित पर्ण जल हानि (ईएलडब्ल्यूएल), सापेक्षी जल अंश (आरडब्ल्यूसी) पत्तियों की जल प्रतिधारण क्षमता (डब्ल्यूआरसीडब्ल्यू) और बीज पैदावार प्रति पादप उल्लेखनीय रूप से भिन्न थे। जीसीए और एससीए, दोनों ही जनसंख्या उत्तरजीविता (10 और 25 डीएएस), कोशिका झिल्ली स्थायित्व सूचकांक, कर्तित पर्ण जल हानि, सापेक्षी जल अंश, पत्तियों की जल प्रतिधारण क्षमता तथा बीज पैदावार प्रति पादप (पी $\leq$ 0.9) के लिए अत्यंत उल्लेखनीय थे। संकर एनआरसीएचबी 101 x बीपीआर - 549-9, एनआरसीएचबी 101 x बीपीआर -543-2, जेएन 032 x उर्वशी, एनआरसीडीआर 601 x उर्वशी तथा बीपीआर 541-2 x उर्वशी में जनसेख्या उत्तरजीविता (10 डीएएस) कोशिका झिल्ली सूचकांक (एमएसआई), सापेक्षी जल अंश (आरडब्ल्यूसी), पत्तियों की जल प्रतिधारण क्षमता तथा प्रति पादप बीज पैदावार के लिए उच्च मान थे, तथापि संकर उर्वशी x बीपीआर-549-9 और जेएन 032 x बीपीआर-543-2 में ऊष्मा तनाव परिस्थिति के अंतर्गत कर्तित पर्ण जल हानि का नकारात्मक मान था।

डीआरएमआर सीआई-15 : अंतर्विशिष्ट संकरीकरण के माध्यम से भारतीय सरसों (*ब्रासिका जंशिया* एल. जेर्न एंड कॉस.) का पुन:संश्लेषण

प्रधान अन्वेषक : एच.एस. मीना, वरिष्ठ वैज्ञानिक (आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन)

सह-अन्वेषक : अरूण कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक (कोशिका आनुवांशिकी)

अ.भा.स.प.(राई-सरसों) में योगदान की गई प्रविष्टियां

2015-16 के दौरान, दो प्रविष्टियों (डीआरएमआर 4001 और डीआरएमआर 4104) का योगदान आईवीटी वर्षा सिंचित तथा विलंब से बोई गई परिस्थितियों के अंतर्गत परीक्षण के लिए किया गया था। डीआरएमआर 4104 (1483 किग्रा) ने अंचल-II (विलंब से बुवाई) में श्रेष्ठ चेक पीएम 26 (1451), एलआर-आरवीएम 2 (1209), एनसी-क्रांति (1155 किग्रा) को पैदावार में पीछे छोड़ दिया। दोनों प्रविष्टियों ने पौध अवस्था में उच्च तापमान सहिष्णुता दर्शाई तथा डीआरएमआर 4001 को भी आर्द्रता तनाव के प्रति उच्च सहिष्णु के रूप में आंका गया है। विभिन्न केन्द्रों पर डीएसए $\leq$0.5 के साथ $\geq$10 प्रतिशत पैदावार में कमी दर्शाई। दोनों प्रविष्टियों को 2016-17 के दौरान आकारिकी परीक्षणों के दौरान आगे परीक्षण के लिए दोहराया गया है। प्रविष्टि डीआरएमआर 2019 और डीआरएमआर 2035 ने राष्ट्रीय रोग पौधशाला (एनडीएन) और यूडीएन परीक्षणों के अंतर्गत डब्ल्यूआर प्रतिरोध दर्शाया। प्रविष्टि डीआरएमआर 2035 को 2016-17 के दौरान बहुस्थानिक स्क्रीनिंग के लिए अ.भा.स.प.(राई-सरसों) के अंतर्गत स्क्लेरोटीनिया गलन के लिए राष्ट्रीय रोग पौधशाला (एनडीएन) भेजा गया है। प्रविष्टि डीआरएमआर 2019 और डीआरएमआर 2035 ने पुन: राई-सरसों के प्रमुख रोगों के लिए 2016-17 के दौरान यूडीएन परीक्षण में योगदान किया। चार

प्रविष्टियों अर्थात डीआरएमआर 4011 (समय पर बोई गई वर्षा सिंचित सरसों), डीआरएमआर 4685 (समय पर बोई गई वर्षा सिंचित सरसों), डीआरएमआर 4005 (अगेती बोई गई सरसों) और डीआरएमआर 2035 (देरी से बोई गई सरसों) को अ.भा.स.प.(राई-सरसों) के अंतर्गत 2016-17 के दौरान बहुस्थानिक परीक्षण के लिए समन्वित परीक्षणों में अधिष्ठापित किया गया है।

मौसमेत्तर पौधशाला, वेलिंगटन (तमिलनाडु) में स्क्रीनिंग

खरीफ 2016 के दौरान, कुल 121 संततियों को, जिनमें 50 पुनः संश्लेषित *बी. जंशिया* (एस 3), विभिन्न संकरों से पृथक्कीकरण संततियां (F_3, F_4, F_5) जिनमें डीआरएमआर 2035 x एनआरसीएचबी 101, डीआरएमआर 2019 x एनआरसीडीआर 2, आरएच 749 x एनआरसीएचबी 101, एनआरसीडीआर x एनआरसीएचबी 101, वाईआरएन - 6 x टीएम 118, टीपीएम-1 x आरआरएन 727 (ड्वार्फ), एनपीजे 112 x आआरएन 727 आदि) बीसी$_1$ (डीआरएमआर 2035 x एनआरसीएचबी 101/ एनआरसीएचबी 101) प्रजनन

चित्र 2.4 : वेलिंगटन में सफेद रतुआ प्रतिरोध की स्क्रीनिंग

पंक्तियां (डीआरएमआर 2035, 2019, 5206, 4415, 4695) और उत्परिवर्ती संततियां भी शमिल थीं, सफेद रतुआ प्रतिरोध, पीढ़ी संवर्धन और बैक क्रॉसिंग के लिए मौसमेत्तर पौधशाला, वेलिंगटन में रोपा गया था। संश्लेषित और पृथक्कीकरण संततियों से लगभग 73 सफेद रतुआ मुक्त (स्कोर : 0.0) एकल पादपों का चयन किया गया। तीन पुनः सश्लेषित *बी. जंशिया* संततियों (100-1-3, 100-6-3, 100-6-7), 3 प्रगत प्रजनन पंक्तियों (डीआरएमआर 5206, डीआरएमआर 2019, डीआरएमआर 2035) तथा आरएच 749 और क्रांति की 6 एम$_3$ उत्परिवर्ती पंक्तियां अत्यंत प्रतिरोधक पाई गई जिनमें सभी पादप सफेद रतुआ मुक्त थे। सफेद रतुआ मुक्त सभी पादप स्वतः पोषित कर परिपक्वता पर बीज एकत्र किए गए। उनमें से एकल पादप संततियों को रबी 2016-17 के दौरान डीआरएमआर में पुनः उगाया गया तथा अपेक्षित एकल पादपों का चयन किया गया और उनकी वेलिंगटन में आगे और जांच की जाएगी।

पुनः संश्लेषित बी. जंशिया की एस$_3$ संततियां

रबी 2015-16 के दौरान, 12 अंतर्विशिष्ट संकरों से संबंधित 32 संश्लेषित संततियां अर्थात झुमका x बीएन 2, रागिनी x बीएन 2, पूसा कल्याणी x एसकेजे-2, केओएस 1 x बीएन 2, पीटी - 30 x एसकेजे-2, एमडीवाईएस - 2 x एसकेजे 2, पूसा कल्याणी x एसकेजे 2, टीएच-68 x बीएन-2, जेएमटी 02-06 x बीएन-2, पूसा गोल्ड x बीएन-2, वाईएसएच 401 x बीएन 2 और पीवाईएस 2005-06 x बीएन 2 जंशियां प्रकार से मध्यवर्ती प्रकार तक विविध थीं और उन्हें गमलों में उगाया गया था। उनमें से दस (एसवाईएन$_2$/100-1, एसवाईएन$_2$/100-2, एसवाईएन$_2$ /100-5, एसवाईएन$_2$/ 100-6,एसवाईएन$_2$/100-7, एसवाईएन$_2$/100-8, एसवाईएन$_2$/108-1, एसवाईएन$_2$ /108-2, एसवाईएन$_2$/160-2, एसवाईएन$_2$/169-1) में पर्याप्त बीज थे तथा उन्हें भी खेत में उगाया गया था जिससे कि खेत की परिस्थितियों के अंतर्गत उनकी वास्तविक अभिव्यक्ति तथा सस्यीय महत्व का प्रेक्षण किया जा सके। विभिन्न विशेषताओं और वैयक्तिक संश्लेषित पादपों के आंकड़े दर्ज किए गए तथा विभिन्न कृषि-आकारिकी और पैदावार में योगदान विशेषताओं के लिए आनुवांशिक विविधता की एक समुचित श्रृंखला का प्रेक्षण किया गया जैसे पीबी 8.0-18.0, एमएसएल 40.0-123.0 सेमी, एसएमएस 45.0.127.0, एसएम 3.0-6.0 सेमी, एस/एस 4.0-22.0, 1000 एसडब्ल्यू 1.66-5.65 ग्रा, ओसी 35.58-42.49 % और डीएस 113.0-137.0 दिन आदि। लगभग 170 पादपों का चयन गमलों और खेतों में से किया गया था जिनमें 160 पुनः संश्लेषित *बी. जंशिया* प्रकार और 10 माध्यमिक अथवा *रापा* प्रकार वांछनीय पादप भी शमिल थे। रबी (2016-17) के दौरान, 153 पुनः संश्लेषित एस$_3$ एकल पादप संततियां मूल्यांकन, आगे चयन और स्थायीकरण के लिए प्रत्येक 5 मी की लंबाई वाली पंक्तियों में खेत में बोई गई, जिससें लगभग 300 वांछनीय एकल पादपों का चयन किया गया तथा विभिन्न विशेषताओं पर आंकड़े दर्ज किए गए (तालिका 2.17)। एस$_3$ संततियों में विविधताओं की एक अच्छी श्रृंखला देखी गई जिसमें शीघ्र परिपक्वता, लघु पादप प्रकार, अधिक शाखाओं के साथ वृहद पादप, माध्यमिक और तृतीयक शाखाएं, उच्च शिंबी घनत्व, पीले बीज, आधार शाखाएं, विशिष्ट शाखाएं पैटर्न, अधिक शिंबियों के साथ लंबा

तालिका 2.1 : एस$_3$ पुनः संश्लेषित बी. जंशिया संततियों में विभिन्न विशेषताओं के लिए आनुवांशिक विविधताएं

विशेषता / प्रविष्टि	पीएच (सेमी)	पीबी	एसबी	एमएसएल (सेमी)	एसएमएस	एसएल (सेमी)	एस/एस	ओसी (%)	1000-एस डब्ल्यू (ग्राम)	डीएफ	डीएम
एस$_3$ संततियां*	126.0-305.0	4.0-22.0	14.0-67.0	39.0-110.0	40.0-134.0	3.0-74.0	8.0-22.0	36.01-44.3	2.52-8.38	27.0-68.0	103-157
एनआरसीएचबी - 101**	175.3	5.3	18.2	78.6	49.3	5.3	15.7	41.84	5.48	37	134
डीआरएमआरआईजे-31**	180.2	6	16.1	79.6	64	5.7	16.6	42.37	6.49	41	138

*परिधि -295 पुनर्संश्लेषित एकल पादपों पर आधारित **चैक किस्में

मुख्य तना, सख्त तना, विलंबित परिपक्वता के साथ अत्यंत लंबे (>3मी) पादप, हरि विशेषता, सख्त बीज और उच्च तेल अंश आदि शमिल थीं। कुछ संततियां उर्वरक, आंशिक उर्वरक और बांझ पादपों में अभी भी पृथक्कीकरण हो रही हैं।

सफेद रतुआ मुक्त पादपों से एस$_4$ संततियां

खरीफ 2016 के दौरान, मौसमेत्तर पौधशाला वेलिंगटन में 50 पुनः संश्लेषित *बी. जंशिया* एस$_3$ संतातिया लगाई गई थीं तथा 14 डब्ल्यूआर मुक्त पादपों का चयन किया गया। रबी 2016-17 के दौरान, इन पादपों से एस$_4$ एकल पादप संततियों को आगे चयन और संवर्धन के लिए डीआरएमआर में खेत में लगाया गया। वांछनीय विशेषताओं के आधार पर कुल 48 एकल पादपों का चयन किया गया तथा उन्हें सफेद रतुआ प्रतिरोध के लिए वेलिगंटीन में और स्क्रीन किया जाएगा।

एस$_1$ पीढ़ी तैयार करना

रबी 2015-16 के दौरान, *बी. रापा* x *बी. नाइग्रा* के बीच तेरह अंतर्विशिष्ट एफ$_1$ संकरों को गमलों में लगाया गया था तथा लगभग 55 वैयक्तिक एफ$_1$ पादपों को क्रोमोज़ोम डबलिंग के लिए कॉटन स्वैब पद्यति द्वारा दो-पर्ण अवस्था में 0.2 प्रतिशत कोल्चीसिन के साथ उपचारित किया गया। अंतर्विशिष्ट संकर

चित्र. 2.5 पुनः संश्लेषित एस$_1$ पादप

झुमका x एसकेजे-2 से दो कोल्चीसिन उपचारित पादपों ने *बी. जंशिया* प्रकार की आकारिकी विशेषताएं दर्शाई जिन्हें कोशिका-विज्ञान अध्ययनों तथा मायोटिक कॉन्फिगरेशनों के माध्यम से पुष्ट किया गया। इन पादपों से एकल पादप संततियों को पुर्नसंश्लेषित पादपों के चयन के लिए रबी 2016-17 के दौरान गमलों में उगाया गया (चित्र 2.5)। *बी. जंशिया* प्रकार के 15 पादप थे तथा सभी ने विशिष्ट *जंशिया* प्रकार के लक्षण दर्शाये।

एम्फीडिप्लॉइडस के संकर से एफ$_3$ संततियां

2015-16 के दौरान, *बी. कारीनाटा* और *बी. नैपस* के बीच अंतर्विशिष्ट संकर (एनआरसीकेआर 304 x एनआरसीजीएस 1) से एफ$_2$ पीढ़ी को खेत में लगाया गया था और एकल पादपों का चयन किया गया। *बी. जंशिया* प्रकार तथा अन्य वांछनीय पादपों का चयन करने के लिए 2016-17 के दौरान खेत में छह एकल पादप संततियों को लगाया गया। इन संततियों को अपेक्षित विशेषताओं अर्थात अतिरिक्त बौनापन (<60 सेमी) और अत्यधिक शाखाऐं *कारीनाटा* प्रकार, अत्यधिक शाखाऐं और मध्यम ऊंचाई का *जंशिया* प्रकार, लंबी शिंबियां, मोटा बीज आदि के लिए पर्याप्त आनुवांशिक विविधता के साथ *कारीनाटा*, माध्यमिक और जंशिया प्रकार पादपों में पृथक्कीकरण किया गया। लगभग 13 वांछनीय एकल पादपों का चयन किया गया और उन्हें लगाया गया।

अंतर्विशिष्ट संकरों की एफ$_1$ पीढ़ी तैयार करना

2016-17 के दौरान, ग्यारह अंतर्विशिष्ट संकर जिनमें एनआरसीकेआर 304 x एनआरसीजीएस-1, एनआरसीजीएस-1 x एनआरसीकेआर 304, जीएसएल-2 x एनआरसीकेआर 304, जीएससी-6 x एनआरसीकेआर 304, एनआरसीएचबी 101 x *एस. एल्बा*, *एस. एल्बा*ग एनआरसीएचबी 101, एनआरसीएचएसबी 101 x एनआरसीकेआर 304, एनआरसीएचबी 101, x

एनआरसीजीएस-1, जीएसएल-2 x आईजे 31, जीएससी-6 x आईजे 31 और एनआरसीएचबी 101 x भूरी सरसों (*पी. कल्याणी*) शमिल थे, लगाए गए। इनमें से एनआरसीएचबी 101 x एनआरसीकेआर-304, एनआरसीएचएसबी-101 x एनआरसीजीएस-1 तथा एनआरसीएचबी 101 x *एस. एल्बा* को खेत में लगाया गया और शेष सभी को गमलों में लगाया गया था। गमलों से, केवल एक संकर एनआरसीएचबी 101 x भूरी सरसों को अंकुरित किया गया तथा इसमें से 4 माध्यमिक आंशिक उर्वरक पादप प्राप्त किए गए। खेत से प्राप्त किए गए *बी. जंशिया* पादपों को वांछनीय विशेषताओं के साथ सभी तीन संकरों से प्राप्त किया गया। एनआरसीएचबी 101 x *एस. एल्बा* से पांच जंशिया प्रकार के पादपों को स्क्लेरोटीनिया के साथ कृत्रिम रूप से संचारित किया गया तथा उन सभी ने स्क्लेरोटीनिया गलन के प्रति प्रतिरोध प्रदर्शित किया। खेत में तीन संकरों से कुल 17 पादप चुने गए।

अंतर्किस्मीय एफ$_1$ संकर (*बी. जंशिया*)

12 पीली बीज पंक्तियों तथा *बी. जंशिया* के 4 टेस्टरों (आरएच 1231, आरएच 1239, बसंती और नवगोल्ड) के बीच अड़तालीस (48) संकरों को 2015-16 के दौरान लाइन x टेस्टर फैशन में सृजित किया गया था तथा इन्हें सफेद रतुआ सहित विभिन्न अवयव विशेषताओं के लिए संयोजित योग्यता और हेटेरोसिस मूल्यांकन करने के लिए रबी 2016-17 के दौरान खेत में लगाया गया। संकर (डीआरएमआर-2035 x एनआरसीएचबी-101) की बीसी$_2$ पीढ़ी सफेद रतुआ प्रतिरोधी पादपों के चयन तथा पीढ़ी संवर्धन के लिए खेत में लगाई गई।

पीढ़ी संवर्धन तथा पृथक्कीकरण पीढ़ियों से चयन

रबी 2016-17 के दौरान, आरएच 749 x रोहिणी, टीएम 118 x आरएच 406, एनआरसीएचबी 101 x एनपीजे 112, डीआरएमआरआईजे-31 x एनपीजे 112, टीएम 117 x बौना (आरआरएन 727), [डीआरएमआर 2035 x एनआरसीएचबी 101/डीआरएमआर 2019 x एनआरसीडीआर 2] और टेट्रालोकुलर x आरआरएन 727 संकरों की सात एफ$_2$ जनसंख्याओं को अवयव विशेषताओं और पैदावार गुणों के लिए पादपों का चयन करने के प्रयोजनार्थ 5 सेमी प्रत्येक की 60 पंक्तियों में लगाया गया था। संकर टीएम-1 ग बौना [(टीएम-1 x बौना) x टीएम-1] और [(टीएम-1 x बौना) x बौना] की तीन एफ$_2$ जनसंख्याओं को लघु ऊंचाई, पीले बीज और उच्च तेल अंश के लिए लगाया गया। इसी प्रकार, विभिन्न संकरों की 226 एफ$_3$, 63 एफ$_4$, 26 एफ$_5$ और 12 एफ$_6$ संततियां (एसपीएस) पीढ़ी संवर्धन और अपेक्षित पादपों के चयन के लिए उगाई गई। विभिन्न अवयव विशेषताओं के लिए विविधता की एक पर्याप्त परिधि को देखा गया। एफ$_2$ से कुल 287 एफ$_3$ से 244, एफ$_4$ से 117, एफ$_5$ से 20 संततियों का चयन किया गया और एफ$_6$ से 12 संततियों को बल्क किया गया।

उत्परिवर्ती संततियों से चयन

आरएच 749 (गामा 100 केआर) की बीस एम$_3$ उत्परिवर्ती संततियां तथा आरएच 749 और क्रांति की 6 सफेद रतुआ एम$_4$ उत्परिवर्ती संततियां आगे चयन और प्रवर्धन के लिए खेत में लगाई थी। *बी. जंशिया* (एम$_7$ और एम$_8$) के दो श्वेत पुष्प उत्परिवर्ती (एक पीले बीज वाला और अनुलग्न, डीआरएमआर - डब्ल्यूएफवाईएसएम 15 तथा एक भूरे बीज वाला और खुला, डीआरएमआर -डब्ल्यूएफबीएसएम 15-1) तथा तोरिया का एक श्वेत पुष्प उत्परिवर्ती आगे परिवर्धन, अनुरक्षण और मूल्यांकन के लिए 2016-17 के दौरान खेत में लगाया गया था। एम$_3$ से छह एसपीएस तथा एम$_4$ से 11 एसपीएस चुने गए थे जिनमें एम$_3$ संततियों का एक बैंगनी उत्परिवर्ती भी शमिल था (चित्र 2.6)। श्वेत पुष्प उत्परिवर्तियों के लिए विभिन्न विशेषताओं पर आंकड़े दर्ज किए गए। डीआरएमआर - डब्ल्यूएफवाईएसएम 15 और डीआरएमआर - डब्ल्यूएफवाई एसएम 15-1 में पादप ऊंचाई (सेमी), प्राथमिक शाखाओं की संख्या, मुख्य तने की लंबाई (सेमी), मुख्य तने पर शिंबियों की संख्या, शिंबी की लंबाई (सेमी), बीज/शिंबी, 100-एसडब्ल्यू (ग्रा), तेल अंश (प्रतिशत), बीज पैदावार/पादप (ग्रा) क्रमशः (169.0, 162.6), (6.0, 6.0), (80.3, 76.3), (42.3, 44.3), (4.97, 4.0), (15.67, 14.0), (4.51, 4.45), (41.98, 42.81), (23.6, 20.2) थी। इसी प्रकार, श्वेत पुष्प वाले तोरिया में 1000 - एसडब्ल्यू 3.7 ग्रा. तथा तेल अंश 42.61 प्रतिशत था।

टेट्रालोक्यूलर शिंबी और लम्बे मुख्य तने के जीनोटाइप

टेट्रालोक्यूलर शिंबी, लंबे मुख्य तने, उच्च एसएमएस, अधिक शाखाऐं तथा सुदृढ़ बीज आकार के साथ सजातीय एफ$_5$ संतति (10-2-19-23-10) को 2015-16 के दौरान बल्क किया गया था (चित्र 2.7)। मौसमेत्तर खरीफ 2016 के दौरान चैक गीता के साथ इसका वेलिंगटन (तमिलनाडु) में मूल्यांकन और प्रवर्धन किया गया। डीआरएमआरटीजे-2016 के रूप में अभिहित एफ$_7$ संतति को चैक गीता के साथ मूल्यांकन और

प्रवर्धन के लिए भाकृअनुप-सअनुनि, भरतपुर में लगाया गया था। डीआरएमआरआईजे-2016 तथा चैक गीता में औसत पादप ऊंचाई (सेमी), प्राथमिक शाखाओं की संख्या, मुख्य तने की लंबाई (सेमी), मुख्य तने पर शिंबियों की संख्या (एसएमएस), शिंबी की लंबाई (सेमी), बीज/शिंबी, 1000-एसडब्ल्यू (ग्रा), तेल अंश (प्रतिशत), बीज पैदावार/पादप (ग्रा) क्रमशः (256.6, 202.4), (13.2, 11.4), (117.0, 86.6), (129.6, 70.2), (4.2, 3.96), (27.2, 19.4), (5.48, 5.21), (38.87, 39.3), (36.4, 23.7) थी। टेट्रालोक्यूलर *बी. जुनशिया* जीनोटाइप पादप संवर्धन के लिए प्रजनन कार्यक्रम में अत्यधिक उपयोगी होगा।

चित्र 2.6 श्वेत पुष्प और बैंगनी उत्परिवर्ती

चित्र 2.7 *बी. जंशिया* की टेट्रालोक्यूलर संतति

प्रगत प्रजनन पंक्तियों का मूल्यांकन

4 चैक (आरएच 749, डीआरएमआरआईजे 31, एनआरसीएचबी 101 और क्रांति) के साथ छब्बीस प्रगत प्रजनन पंक्तियों को समय पर बोई गई सिंचित परिस्थितियों के अंतर्गत मूल्यांकन के लिए 3 अनुकरणों के साथ आरसीबीडी में लगाया गया था। यह परीक्षण 30 सेमी की दूरी वाली 5-5 मी. की 5 पंक्तियों में 09.10.2016 को बोया गया था तथा विभिन्न विशेषताओं के लिए आंकड़े दर्ज किए गए थे। 100-एसडब्ल्यू और तेल अनुमान के उपरांत सांख्यिकीय विश्लेषण संचालित किया जाएगा। 2016-17 के दौरान ग्यारह प्रगत पंक्तियों अर्थात् डीआरएमआर 2269, डीआरएमआर 2178, डीआरएमआर 2398, डीआरएमआर 2341, डीआरएमआर 2243, डीआरएमआर 2326, डीआरएमआर 2486, डीआरएमआर 2613, डीआरएमआर 2448, डीआरएमआर 2424 और डीआरएमआर 5206 का बीज प्रवर्धन संचालित किया गया।

प्रजनन सामग्री का सृजन

अन्योन्यों को छोड़कर 8x8 डाइएलिल फैशन में एनआरसीएचबी 101, डीआरएमआरआईजे 31, आरएच 406, आरएच 1301, आरएच 555, आरएच 1117, आरएच 1060 और एनपीजे 112 के बीच नवीन अंतर्किस्मीय/अंतर्विशिष्ट संकरों को प्रयासित किया गया था। इसी प्रकार विभिन्न बुआई परिस्थितियों के अंतर्गत विभिन्न विशेषताओं अर्थात् उच्च बीज पैदावार सुदृढ़ बीज, उच्च तापमान सहिष्णुता, दीर्घ शिंबियां, रोग प्रतिरोध और अनुकूलन के लिए डीआरएमआरआईजे 31/एनआरसीएचबी 101, डीआरएमआरआईजे 31/आरएच 749, डीआरएमआरआईजे 31/उर्वशी, डीआरएमआरआईजे 31/पूसा बोल्ड, एनआरसीएचबी 101/पूसा बोल्ड, एनआरसीएचबी/उर्वशी, एनपीजे 112/उर्वशी, एनपीजे 112/पूसा बोल्ड, एनपीजे 112/आरएच 555, एनपीजे/बीपीआर 543-2, आरएच-28/डीआरएमआरआईजे 31, आरएच 1222-28/एनआरसीएचबी 101, आरएच 1222-28/आरएच 406, आरएच 1222-28/आरएच 55 के बीच 14 संकरों को सृजित किया गया।

2.2 तेल गुणवत्ता के लिए डिजाइनर ब्रासिका

डीआरएमआर-सीआई-13 : भारतीय सरसों (*ब्रासिका जंशिया*) में गुणवत्ता विशेषताओं के लिए आनुवांशिक संवर्धन

प्रधान अन्वेषक : प्रिया मेघा, वैज्ञानिक (आनुवांशिकी और पादप-प्रजनन)

सह-अन्वेषक : भगीरथ राम, वरिष्ठ वैज्ञानिक (आनुवांशिकी और पादप-प्रजनन), एम.एस. सुजीत कुमार, वैज्ञानिक (पादप जैव-रसायनी)

निम्न ग्लोकोसिनोलेट विशेषता के लिए प्रगत नियत पंक्तियों की जीनोटाइपिंग

पांच प्राइमरों अर्थात् (जीईआर – 1 एमआरपीआर + आईपी 3 जीईआर–1 एफ (क्यू 1)(एमवाईबी 28 (क्यू 2)(At5g 41 (क्यू 3)(At5gएजे 67 (क्यू 4) और जीईआर – 5 एफपीएफ + जीईआर–5 एमआरपीआर (क्यू 5) (बिष्ट एट एल., 2009) के सेट का प्रयोग दोहरी निम्न विशेषताओं के लिए प्रगत नियत पंक्तियों की जीनोटाइपिंग के लिए किया गया था। प्राइमर क्यू 1 और क्यू 5 ने उच्च और निम्न ग्लूकोसिनोलेट के लिए क्रमश: 950/650 बीपी और 350/310 बीपी के एम्पलीकन प्रदान किए।

दो प्रगत नियत पंक्तियों (डीआरएमआर 1–5 और डीआरएमआर 2–11) के ग्लूकोसिनोलेट अंश के लिए जैव–रसायन विश्लेषण ने 1.24 और 1.71 प्रतिशत इरूसिक एसिड के साथ 41.41 और 43.83 प्रतिशत तेल अंश और 22.08 और 30.64 उउवसध्ह गैर–वसीय बीज मील प्रदर्शित किया।

उच्च पैदावार और गुणवत्तापूर्ण दाता जनकों को शमिल करते हुए विकसित किए गए एफ$_5$ पीढ़ी के 4 संकरों ने 25 पादपों के बीच नमूनों के जैव–रसायनिक विश्लेषण ने 40–43 प्रतिशत के तेल अंश के साथ 35 से 50 माईक्रोमोल/ग्राम गैर–वसीय बीज मील की ग्लूकोसिनोलेट अंश की श्रृंखला दर्शाई।

क्लस्टर विश्लेषण

57 पालीमार्फिक एलेलेज के साथ 25 पालीमार्फिक सिंपल सीक्वेंस रिपीट (एसएसआर) मार्करों पर आधारित भारतीय सरसों (*ब्रासिका जंशिया*) तथा उनके 24 संकरों के 10 जीनोटाइपों, जिनमें 6 उच्च पैदावार, 4 गुणवत्ता लाइनें (2 निम्न इरूसिक और 2 डबल लो) भी शमिल थीं, की आनुवांशिक विविधता और संबधता को संचालित किया गया था। जैकार्ड समानता सूचकांक का प्रयोग करते हुए जीनोटाइपों के मध्य अनुमानित समानता गुणांक 0.35 – 0.97 के बीच थे, जिनका परिकलन एनटीएसवाईएस–पीसी, वर्जन 2.02 ई (एप्लाइड बायोस्टैटिक्स) सॉफ्टवेयर में यूपीजीएमए और एसएचएएन क्लस्टरिंग एल्गोरिद्म का प्रयोग करते हुए किया गया था।

प्रजनन सामग्री का सृजन

कुल 26 एफ$_1$एस का सृजन किया गया है जिनमें 3 उच्च पैदावार (डीआरएमआरआईजे–31, एनआरसीएचबी 101, आरएच–749) तथा 4 गुणवत्तापूर्ण दाता जनक (पीडीजैड–1, आरएलसी–3, पूसा मस्टर्ड–24, पूसा मस्टर्ड–30) और 8 नियत गुणवत्ता पंक्तियां भी शमिल हैं।

पीढ़ी परिवर्धन और चयन

4 संकरों की एफ$_5$ पीढी से कुल 52 एसपीएस का चयन किया गया है जिनमें उच्च पैदावार (एनआरसीडीआर 2, एनआरसीएचबी 101) तथा गुणवत्तापूर्णदाता जनक (एलईएस 1–27, एलईएस–44, एलईएस–46, आरएलसी–2) भी शामिल हैं।

डीआरएमआर–बी–7 : तिलहन ब्रासिका में प्रोटियोमिक अध्ययन

परियोजना अन्वेषक : इबांडलिन मावलांग, वैज्ञानिक (पादप जैव–रसायनी)

सह–अन्वेषक : एम.एस. सुजीत कुमार वैज्ञानिक (पादप जैव–रसायनी), ओ.पी. प्रेमी, प्रधान वैज्ञानिक (सस्य विज्ञान) तथा अरूण कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक (आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन)

तेल तथा अन्य बीज भण्डारण अवयवों के बीच संबंध को समझना

तेल संचयन को आगे और समझने के लिए हमने चयनित जीनोटाइपों से तेल भण्डारण निकाय तथा इसके प्रोटीन ओलेकोसिन को विलगित किया। ओलेओसिन अंश 0.31 प्रतिशत से 5 प्रतिशत की परिधि में पाया गया। तेल निकाय निष्कर्षण की पद्यति को मानकित किया गया जो नाइल रेड स्टेन का प्रयोग करते हुए हमारे माइक्रोस्कोपिक अध्ययन में भी दिखाई देता है। तथापि, इसके आकार का मापन अभी भी किया जा रहा है।

नाइट्रोजन उर्वरक के प्रभाव में तेल और आहार की पोषणीय गुणवत्ता

नाइट्रोजन उर्वरक आहार और तेल में उपस्थित पोषणीय दृष्टि से लाभप्रद अवयवों को परिवर्तित कर देता है। हमने यह देखा कि कुल फीनोल और एस्कॉर्बिक एसिड के फलस्वरूप कुल एंटीआक्सीडेंट क्षमता प्रभावित होती है। नाइट्रोजन उर्वरीकरण के अंतर्गत कच्चे फाइबर और विलयशील शर्करा में कटौती होती है जो आहार को पचाने और उसके स्वाद के संदर्भ में वांछनीय परिवर्तन है। नाइट्रोजन अनुप्रयोग पर कुल विलयशील प्रोटीन में वृद्धि पाई गई। प्रोटीन बैंडिंग पैटर्न में परिवर्तन इस विचार का सुझाव देता है कि नाइट्रोजन अनप्रयोग 11 एस और 2 एस प्रोटीनों के प्रोफाइल को परिवर्तित कर सकता है। नाइट्रोजन उपचार के उपरांत बैंडिंग पैटर्न में उनका अंतर गुणवत्ता पर इसके

प्रभाव का सूचक है क्योंकि यह ह्य और इ क्रूसीफेरिन श्रृंखलाओं में अत्यंत सुस्पष्ट है। वसीय अम्ल प्रोफाइलिंग ने एसएफए तथा v 6/v 3 अनुपात में कमी दर्शाई। तेल स्थायित्व सूचकांक (ओएसआई) भी आदर्श स्तर तक बढ़ गया। इस अध्ययन में गुणवत्ता की विशेषताओं ने शून्य उर्वरकीकरण के अंतर्गत भी समान प्रजातियों के भीतर जीनाटाइपों के मध्य अंतर दर्शाया तथा यह 80 किग्रा/है. एन के साथ भी अधिक था।

सरसों डी-ऑयल्ड केक में कुल ग्लोकोसिनोलेट के अनुमान के लिए साधारण स्पेक्ट्रोफोटोमीट्रिक पद्धति

साधारण लीस्ट स्क्वैयर तकनीक का प्रयोग करते हुए एक प्रतिक्रमण तकनीक प्राप्त की गई थी जिसने एक सूत्र प्रतिपादित किया। कुल ग्लूकोसिनोलेट (माइक्रोमोल/ग्राम) = 1.40 + 118.86 x $ए_{425}$, जहां $ए_{425}$ 425 एनएम पर अवशोषण है। जब इसकी तुलना एचपीएलसी आंकड़ों से की गई तो पूर्वानुमान सूत्र द्वारा प्राप्त कुल ग्लूकोसिनोलेट अंश ने 0.942 का सहसंबद्ध गुणांक दर्शाया। दो डेटा सेटों के बीच इस उच्च सहसंबंध ने विकसित क्रियाविधि को वैधता प्रदान की। यह पद्धति एचपीएलसी तथा अन्य जटिल उपकरणों के प्रयोग को हटाते हुए कुछ ग्लूकोसिनोलेट के अनुमान को सरल भी बनाती है।

डीआरएमआर-बी-8 : मूल्य वर्धन के लिए तिलहन ब्रासिका जननद्रव्य की स्क्रीनिंग

प्रधान अन्वेषक : एम.एस. सुजीत कुमार, वैज्ञानिक (पादप जैव-रसायनी)

सह-अन्वेषक : इबंडलिन मावंलाग, वैज्ञानिक (पादप जैव-रसायनी), के.एच. सिंह, प्रधान वैज्ञानिक (आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन) और प्रशांत यादव, वैज्ञानिक (जैव प्रौद्योगिकी)

बीटा- कैरोटीन

पीली सरसों की किस्म वाईएसएच-406 में ई-कैरोटीन अंश 0.03 पीपीएम से *बी. जंशिया* की किस्म एनआरसीडीआर-2 में 2.82 पीपीएम के बीच थी। *बी. कारीनाटा* किस्मों पर तिलहन ब्रासिका प्रजातियों के मध्य श्रेष्ठ स्रोत के रूप में विचार किया जा सकता है।

एस्कोर्बिक एसिड

बी. नेपस (100 मिग्रा/ग्रा) समूह में एस्कोर्बिक एसिड अधिकतम स्तर के साथ किस्म जीएसएल-1 में देखा गया था। निम्नतम औसत *बी. जंशिया* (51.67 मिग्रा/ग्रा) समूह द्वारा दर्शाई गई जिसमें किस्म आरएच-781 और आरएच-0749 किस्मों में न्यूनतम स्तर (20 मिग्रा/ग्रा) था।

ग्लूकोसिनोलेट्स

ग्लूकोसिनोलेट्स अंश *ब्रासिका रापा* किस्म तोरिया समूह में उच्चतम पाया गया (172.80 माईक्रोमोल/ग्राम) तथा निम्नतम स्तर *ब्रासिका कारीनाटा* किस्म पूसा आदित्य में दर्ज किया गया था (69.74 माईक्रोमोल/ग्राम)।

फाइटेट

ब्रासिका कारीनाटा समूह द्वारा उच्चतम औसत फाइटेट अंश (3.31 प्रतिशत) दर्ज किया गया था। निम्नतम औसत फाइटेट अंश *ब्रासिका जंशिया* समूह (1.2 प्रतिशत) द्वारा दर्ज किया गया जिसमें न्यूनतम स्तर किस्म आरएच 781 (0.2 प्रतिशत) में पाया गया था।

उच्च रेजोलूशन मास स्पेक्ट्रोमीट्री का प्रयोग करते हुए तिलहन *ब्रासिका* की विभिन्न प्रजातियों की संपूर्ण लिपिडोमिक प्रोफाइलिंग

इन तिलहन फसलों के पूर्ण लिपिडोमिक प्रोफाइल पर कोई विस्तृत रिर्पोट विद्यमान नहीं हैं। इस अध्ययन में, चित्र 2.8 में दर्शाई गई इलेक्ट्रोस्प्रे टेंडम, मास स्पेक्ट्रोमीट्री (ईएसआई-एमएस) का प्रयोग करते हुए शॉटगन अप्रोच द्वारा *बी. जंशिया, बी. रापाकिस्म* पीली सरसों, *बी. रापाकिस्म* तोरिया, *बी. रापा किस्म* भूरी सरसों, *बी. नेपस, बी. कारीनाटा* और *एरूका सतिवा* सहित तिलहन *ब्रासिका* की 7 विभिन्न कल्टिवेटेड प्रजातियों की



चित्र 2.8 : तिलहन *ब्रासिका* की विभिन्न प्रजातियों की पूर्ण लिपिडोमिक प्रोफाइलिंग



चित्र 2.9 : राई-सरसों में (ओ-एसाइल) अ-हाइड्रॉक्सी फैटी एसिड्स (ओएएचएफए) पर प्रथम रिपोर्ट

लिपिडोमिक प्रोफाइलिंग संचालित की गई थी। पाजीटिव पोलैरिटी के अंतर्गत मास स्पेक्ट्रम ने विभिन्न लिपिड वर्गों के अंतर्गत 1098 लिपिड दर्शाए। फ्री फैटी एसिड फॉर्म में इरूसिक एसिड पीली और भूरी सरसों में सर्वाधिक था। बी. नेपस में कार्डियोलिपिंस के लगभग सभी रूप शमिल थे। पीली और भूरी सरसों एसाइल समूहों के रूप में लाइनोलेक और इरूसिक एसिड के साथ काडियोलिपिंस थे। पादप प्रणाली में ओएएचएफए प्रथम बार सूचित किया गया है तथा यह केवल पीली और भूरी सरसों में ही पाया गया (चित्र 2.9)।

डीआरएमआर-बी-9 : तिलहन *ब्रासिका* में ग्लूकोसिनोलेट्स और फैटी एसिडों का परिमाणात्मक और गुणवत्तात्मक आकलन

प्रधान अन्वेषक : अनुभूति शर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक (जैव रसायनी)

सह-अन्वेषक : अरूण कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक (कोशिका अनुवांशिकी)

ग्लूकोसिनोलेट्स (जीएसएल) और उनके अपक्षयी उत्पाद पोषण-विरोधी और विषाक्त प्रभावों के साथ सहयोजित हैं तथा ये मानव पशु आहार के लिए बीजों और बीज आहार की उपयोगिता को सीमित करते हैं। इस विश्लेषण के लिए दो किस्मों अर्थात् डीआरएमआर आईजे 31 और पीडीजैड-1 को लिया गया था। बीजों में पहचाने गए मुख्य ग्लूकोसिनोलेट्स एलफा डी-गालाक्टोपाइरेनोसाइड, लिनोलेनिक एसिड, टेट्राडेकानोइक एसिड और ओलेइक एसिड के साथ 2 ब्यूटाइल आइसोथियोसाइनेट, फैनाइलेथाइल आइसोथियोसाहनेट थे। अध्ययन ने यह पुष्टि की कि भारतीय सरसों में गौण श्रृंखला के रूप में एलाइल और फेनाइलेथाइन समूहों के साथ ग्लूकोसिनोलेट्स प्रधान हैं।

ये जैव-सक्रिय अवयव हमारे पर्यावरण में प्रतिदिन शमिल होने वाले हानिकारक कैंसर-जनक एजेंट के विरुद्ध संरक्षण प्रदान करने के लिए ज्ञाक्तिशाली और व्यापक आयाम वाली सहायता प्रदान करते हैं। स्पेक्ट्रोफोटोमीट्रिक पद्यति द्वारा ग्लूकोसिनोलेट्स का परिमाणात्मक और गुणवत्तात्मक निर्धारण किया गया जिसका आगे और अन्वेषण एचपीएलसी द्वारा किया गया। ग्लूकोसिनोलेट डाइजेशन के उपरांत विभिन्न माध्यमिक मेटा बोलिट्स की पहचान की गई अर्थात् एलाइल आइसोथियोसाइनेट्स आदि जैसा कि नीचे दर्शाया गया है।

जीसी-एमएस का प्रयोग करते हुए विभिन्न अवयवों अर्थात् एलाइल आइसोथियोसाइनेट्स, इंडोइल आइसोथियोसाइनेट्स आदि की पहचान की गई है (चित्र 2.10 क + ख)। फीनोलिक एसिडो के परिणामत्मक विश्लेषण पर प्रारंभिक अध्ययन एचपीएलसी द्वारा निर्धारित किया गया था। एलिफैटिक ग्लूकोसिनोलेट्स के अलावा सिनैमिक, फेरूलिक, लेनीलिक, पी-कोमैरिक, पी-हाइड्राक्सी बेंजोइक और कैफेइक एसिड की भी पहचान की गई। जैव-सक्रिय अवयवों अर्थात् एलीफैरिटक ग्लूकोसिनोलेट्स पर आगे अध्ययन किए जा रहे हैं।

फैटी एसिडों के परिमाणात्मक और गुणवत्तात्मक अनुमान का अध्ययन भी किया गया था। पूर्व में अध्ययन किए गए 100 कोर सेटों के अलावा, नए 147 कोर सेटों का अध्ययन किया गया। इन 147 कोर सेटों में, ग्लूकोसिनोलेट्स के लिए रेंज 5.50-131.93 (माइक्रोमोल/ग्राम) थी, जबकि तेल अंश 36.84-42.07 प्रतिशत था। कोर सेट में फीनोल (1.00-2.18 प्रतिशत), ईरूसिक एसिड (12.48-46.12 प्रतिशत) तथा फाइबर (7.32-13.96 प्रतिशत) को भी अनुमानित किया गया था। दोहरावों के साथ निम्न इरूसिक एसिड और निम्न

ग्लूकोसिनोलेट्स सहित कुछ प्रयोग भी संचालित किए गए थे। कोर सेट के जीसी विश्लेषण ने महत्वपूर्ण फैटी एसिडो की उपस्थिति दर्शाई (जैसे पाल्मिटिक एसिड, स्टीयरिक एसिड, ओलेइक एसिड, लिनोलेक एसिड, लिनोलेनिक एसिड, एकोसैनोइक एसिड और इरूसिक एसिड)। सी-4-20, सी-2-19, सी-3-17 की पहचान कोर सेट से निम्न यूसिक एसिड (< 2 प्रतिशत) पंक्तियों के रूप में की गई। यह कार्य प्रगति पर है। जीनोटाइपों की कलर कोडिंग भी की गई थी।



चित्र 2.10 क: जीसी विश्लेषण 1



चित्र 2.10 ख: जीसी विश्लेषण 2

दोनों निष्कर्षणों अर्थात् मीथेनोलिक निष्कर्षण और हेक्सेन निष्कर्षण में बीजों के रक्षा सूचकांक का भी अध्ययन किया गया। कोशिका झिल्ली संश्लेषण अवयवों की पहचान कार्बोजाइलिक एसिड और ईस्टर्स, फैटी एसिड और प्रोटीनों के रूप में की गई।

2.3 पैदावार और गुणवत्ता के लिए प्रजनन

डीआरएमआर-सीआई-5 : भारतीय सरसों (*ब्रासिका जंशिया*) में संकरों का विकास

प्रधान अन्वेषक : के.एच. सिंह, प्रधान वैज्ञानिक (आनुवांशिकी एवं पादप प्रजनन)

सह-अन्वेषक : अजय कुमार ठाकुर, वैज्ञानिक, वरिष्ठ मान (जैव प्रौद्योगिकी), भगीरथ राम, वरिष्ठ वैज्ञानिक (आनुवांशिकी और पादप प्रजनन), एच.एस. मीना, वरिष्ठ वैज्ञानिक (आनुवांशिकी और पादप प्रजनन), पी.के. राय, प्रधान वैज्ञानिक (पादप रोगविज्ञान)

उल्लेखनीय उपलब्धियां

भारतीय सरसों की एक किस्म 'एनआरसीएचबी-101' की पहचान डीयूवीएएसयू, मथुरा में एआईसीआरपीआरएम की 23वीं वार्षिक समूह बैठक के दौरान 5 अगस्त, 2016 को राई-सरसों संबंधी एआईसीआरपी की किस्म पहचान समिति द्वारा अंचल-V (असम, बिहार, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, झारखण्ड और एनईएच राज्यों) की वर्षा सिंचित परिस्थितियों के लिए की गई थी।

आशाजनक प्रविटि/संकर का एआईसीआरपी-आरएम परीक्षणों में अधिष्ठापन/संवर्धन

भारतीय सरसों की पांच प्रविष्टियों डीआरएमआरआईजे 16-1, डीआरएमआरआईजे 16-2, डीआरएमआरआईजे 16-3, डीआरएमआरआईजे 15-85 और डीआरएमआर 13-38 को आईवीओ (समय पर बोई गई सिंचित), आईवीटी वर्षा संचित, आईवीटी विलंब से बोई गई, श्वेत जंग प्रतिरोधी तथा एवीटी 1 विलंब से बोई गई (अंचल-V) के अंतर्गत मूल्यांकन के लिए अधिष्ठापित किया गया था। तीन संकर प्रविष्टियों डीआरएम आरएचजे 913, डीआरएमआरएचजे 2513, डीआरएमआर एचजे 3913 को आईएचटी के अंतर्गत मूल्यांकन के लिए अधिष्ठापित किया गया था। इसके अलावा एआईसीआर पीआरएम के राष्ट्रीय रोग पौधशाला परीक्षण के अंतर्गत रोग प्रतिक्रिया के मूल्यांकन के लिए 234 प्रविष्टियों को अधिष्ठापित किया गया था।

2015-16 के दौरान मूल्यांकित प्रविष्टियों का निष्पादन

2015-16 के दौरान 465 इनब्रेड/जननद्रव्य लाइनों तथा 115

तालिका 2.2 : भारतीय सरसों के आशाजनक हेट्रोटिक संकर

क्रम सं.	प्रविष्टि का नाम	बीज पैदावार (किग्रा/है.)	हेट्रोसिस (%)
1.	एमजेए 25/एमजेआर3	2126	27
2.	एमजेए 38/एमजेआर 13	2030	21.3
3.	एमजेए 14/एमजेआर 3	2022	20.8
4.	एमजेए 38/एमजेआर 8	2219	32.6
5.	ईसी 597326/ईसी 597313	2111	26.1
6.	ईसी 597326/ईसी 597313	2104	25.7
7.	एमजेए 9/एमजेआर 13	2163	29.2
8.	एमजेए 2/एमजेआर 17	2307	37.8
	एनआरसीएचबी 506 (चैक)	1674	
	क्रांति (चैक)	1489	

तालिका 2.3 : स्टेशन पर परीक्षण 4, शीघ्र परिपक्व होने वाले जीनोटाइपों का मूल्यांकन किया गया, निम्नलिखित दो प्रविष्टियां आशाजनक पाई गई

नाम	बीज पैदावार (किग्रा/है.)	श्रेष्ठता (%)	डब्ल्यूआर के प्रति प्रतिक्रिया
एफ 4-4-1 (वरुणा/एनयूडीएचवाईजे 3)	2176	16.9	एमआर (4.0)
एफ 4-6-10 (एनआरसीएचजे-2602)	1973	6.1	आर (0.0)
गिरिराज (चैक)	1861		
सीडी 5 %	399		
सीवी %	13.6		

तालिका 2.4 : निम्नलिखित दो प्रविष्टियां श्वेत जंग रोग के विरुद्ध आशाजनक पाई गई

नाम	बीज पैदावार (किग्रा/है.)	श्रेष्ठता (%)	परिपक्वता अवधि (दिन)
एसटी 4-2 (ईसी 597309/एनयूडीएचवाईजे 3)	2389	24.4	120
एसटी 4-6 (पीक्यूआर 2005-1/एमजेबी 38	2067	11.1	120
एनआरसीएचबी-101 (चैक)	1860		130
पीएम 28 (चैक)	1687		125
सीडी 5 %	426		
सीवी 5 %	12-8		

एफ$_1$ संकरों के साथ 580 प्रविष्टियों को विभिन्न परीक्षणों में मूल्यांकित किया गया था। स्टेशन परीक्षण 1 में, पांच प्रयोगात्मक संकरों को परीक्षित किया गया, जिनमें से एचजे 0913 (2578 किग्रा/है.) ने श्रेष्ठ जांच डीएमएच 1 (2281 किग्रा/है.) की तुलना में बीज पैदावार के लिए 12.9 प्रतिशत हेट्रोसिस दर्शाया। संवर्धित ब्लॉक डिजाइन में मूल्यांकित 50 एफ$_1$ संकरों में निम्नलिखित आठ एफ$_1$ संकरों में एनआरसीएचबी 506 की तुलना में उल्लेखनीय हेट्रोसिस था (तालिका 2.2)।

2016-17 के दौरान संचालित प्रयोग

ब्रासिका इन्ब्रेड्स के 51 प्रयोगात्मक संकरों, 330 एफ$_1$ एस,

तालिका 2.5 : संवर्धित ब्लॉक डिजाइन में 255 इनब्रेड पंक्तियों का मूल्यांकन किया गया। महत्वपूर्ण विशेषताओं के लिए परिधि नीचे दी गई है -

कृषि सम्बंधी लक्षण	न्यूनतम	अधिकतम
पादप ऊंचाई (सेमी)	97	207
एमएसएल (सेमी)	22	150
50 % पुष्पण के लिए दिवस	27	93
पुष्पण सठियाव के लिए दिवस	68	113
परिपक्वता के लिए दिवस	119	134
तेल अंश (%)	34	42.9
1000 बीज भार (ग्रा)	1.7	6.8
शिंबी की लंबाई (सेमी)	2.5	7.3

311 इन्ब्रेड्स, 45 जननद्रव्य लाइनों, 87 संतति पंक्तियों के मूल्यांकन के लिए क्षेत्रीय प्रयोग संचालित किए। ब्रासिका जंशिया की 13 पृथक्कीकरण जनसंख्याओं (06 एफ$_2$, 03 एफ$_3$ और 04 एफ$_4$) से चयन किए गए। 121 एफ$_1$ तथा बी. जंशिया के 44 बैक क्रॉसों का सृजन किया गया। 16 प्रविष्टियों के साथ एक प्रारंभिक हाइब्रिड परीक्षण संचालित किया गया। (तालिका 2.3 से 2.5)।

श्वेत जंग के विरुद्ध प्रतिरोध के लिए स्क्रीनिंग

पीढ़ियों का पृथक्कीकरण करते हुए इन्ब्रेड्स और चयनों की 58 प्रविष्टियां मौसमेत्तर समय के दौरान (जून से सितम्बर, 2016) आईएआरआई क्षेत्रीय स्टेशन, वेलिंगटन की पौधशाला में स्क्रीन की गई थीं। दो पंक्तियों डीआरएमआरआईजे 16-112 और डीआरएमआरआईजे 16-124 ने वेलिंगटन में श्वेत जंग के विरुद्ध प्रतिरोध प्रदर्शित किया। *बी. जंशिया* की इक्कीस पंक्तियों ने मिश्रित प्रतिक्रिया प्रदर्शित की, जबकि 31 पंक्तियां संवेदनशील पाई गई। सभी पांच *बी. कारीनाटा* पंक्तियां श्वेत जंग के प्रति प्रतिरोधी थीं। प्रतिरोधी पादप एकरूप थे तथा एकरूप बीजों को बोया गया। प्रतिरोधी पादपों का चयन दो संकरों ईसी 597342/ईसी 597313 और डीआरएमआरआईजे 31/क्रांति की पीढ़ी को पृथक्कीकृत करके भी किया गया था। 12 *बी. कारीनाटा* संकरों की एफ$_2$ पीढ़ी को पीढ़ी प्रवर्धन के लिए बड़ा किया गया था जिसके फलस्वरूप 12 संकरों के एफ$_3$ बीज बोए गए थे।

2.4 तिलहन ब्रासिका आनुवांशिक संसाधन प्रबंधन

डीआरएमएफ-सीआई-06 : तिलहन ब्रासिका आनुवांशिक संसाधन प्रबंधन

प्रधान अन्वेषक : अरुण कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक (आनुवांशिकी - कोशिका-आनुवांशिकी)

सह-अन्वेषक : के.एच. सिंह, प्रधान वैज्ञानिक (आनुवांशिकी और पादप प्रजनन), पंकज शर्मा, प्रधान वैज्ञानिक (पादप रोग विज्ञान)

भारतीय सरसों में कोर सेट तथा विशेषता-विशिष्ट संदर्भ सेटों का अनुरक्षण

फसल मौसम 2016-17 के दौरान 147 भारतीय सरसों अभिगमनों के कोर सेट तथा 157 अभिगमनों के विशेषता-विशिष्ट संदर्भ सेटों को बोया गया था। इसके अलावा, समुचित परागण नियंत्रण उपायों को अपनाते हुए जंगली संबंधियों सहित 754 राई-सरसों अभिगमनों, 110 किस्मों, 30 पंजीकृत पंक्तियों और 14 अन्य अभिगमनों का पुन:रुपण/अनुरक्षण/प्रवर्धन किया गया था।

श्वेत जंग प्रतिरोध के प्रति भारतीय सरसों अभिगमनों की स्क्रीनिंग (वेलिंगटन में)

खरीफ 2016 के दौरान आईएआरआई, आरएस, वेलिंगटन, तमिलनाडु में कुल 1000 भारतीय सरसों अभिगमनों, जिनमें श्वेत जंग प्रतिरोध और एनजीबी सामग्री शमिल थी, को उगाया गया था तथा उन्हें श्वेत जंग घटना के लिए रेखांकित किया गया था। प्रतिशत रोग सूचकांक (पीडीआई) मानों के आधार पर

कुल 41 अभिगमन प्रतिरोधक पाए गए। ये 41 अभिगमन श्वेत जंग घटना की आगे और स्क्रीनिंग करने के लिए फसल मौसम 2016-17 के दौरान डीआरएमआर में उगाए गए थे।

2.5 राई-सरसों की उत्पादकता में सुधार के लिए जैव-प्रौद्योगिकीय हस्तक्षेप

डीआरएमआर-बीटी-01 : जैव-प्रौद्योगिकीय दृष्टिकोणों का प्रयोग करते हुए भारतीय सरसों (*ब्रासिका जंशिया* एल. जेर्न. एंड कॉस) में *अल्टेरनेरिया म्लानि* के विरुद्ध प्रतिरोध/सहिष्णुता के स्तर में वृद्धि करना

प्रधान अन्वेषक : अजय कुमार ठाकुर, वैज्ञानिक, वरिष्ठ मान (जैव-प्रौद्योगिकी)

कवररोधी रक्षक जीन के साथ *ब्रासिका जंशिया* एल. जेर्न. एंड कॉस का यथास्थाने पादप पुनर्सृजन और आनुवांशिक रूपांतरण

बी. जंशिया किस्म एनआरसीडीआर-2 के छह स्वंतत्र अनुमानित इवेंटों को एग्रोबैक्टीरियम ट्यूमफेशिएंस - समर्थित जीन अंतरण तकनीक के माध्यम से टीवीडी 1 जीन के साथ विकसित किया गया था। टीवीडी 1 जीन - विशिष्ट प्राइमरों का प्रयोग करते हुए पीसीआर द्वारा *बी. जंशिया किस्म* एनआरसी डीआर-2 के अनुमानित ट्रांसजीनिक पादपों का आण्विक विशेषता वर्णन किया गया था तथा दो ईवेंटों की टीवीडी 1 जीन एकीकरण के लिए पीसीआर पाजिटिव के रूप में पुष्टि की गई। इन ईवेंटों को यथास्थाने परिस्थितियों के अंतर्गत प्रवर्धित और अनुरक्षित किया गया। भली प्रकार से बढ़ गए अंकुरणों को रूटिंग मीडिया (0.3 मिग्रा/लीटर आईएए वाले एमएस बेसल मीडियम) में अंतरित किया गया तथा पूर्ण पौध प्राप्त की गई।

एम्ब्रयो रेस्क्यू अप्रोच के माध्यम से भारतीय सरसों में वाइल्ड क्रूसीफेर्स से अल्टेरनेरिया म्लानि सहिष्णुता का इंट्रोग्रेशन

बी. जंशिया किस्मों गिरिराज और आरएच 749 x सिनापिस एल्बा के 175 संकरों का प्रयास किया गया था। 10-12 दिवस पुरानी ओवरीज़ को एमएस मीडियम में प्रवर्ध किया गया था जिसे 2.5 मिग्रा/ली बीएपी और 500 मिग्रा/ली कैसेन हाइड्रोलाइसेट से संपूरित किया गया था तथा विकसित होने वाले भ्रूणों को 30-45 दिन के उपरांत प्रवर्ध मीडियों में निकाला गया था। अंकुरण पुनर्सृजन प्रवर्धन को 10-12 दिन उपरांत ही हो पाया तथा इन अंकुरणों को 2.5 मिग्रा/ली बीएपी रखने वाले एमएस मीडियम में संवर्धित और अनुरक्षित किया जा रहा है। जीनोमिक - डीएनए को एसएसआर मार्करों का प्रयोग करते हुए संकरणता की पुष्टि के लिए दोनों जनकों के साथ 25 $एफ_1$ पादपों से निष्कर्षित) किया गया था।

2.6 लचीले राई-सरसों उत्पादन के लिए संसाधन प्रयोग दक्षता और अजैविक तनाव प्रबंधन में संवृद्धि करना

डीआरएमआर-सीपी-6 : एकीकृत फसल प्रबंध प्रक्रियाओं के माध्यम से सरसों आधारित प्रणालियों के अंतर्गत मृदा लचीलेपन में वृद्धि करना

परियोजना अन्वेषक : ओ.पी. प्रेमी, प्रधान वैज्ञानिक (सस्य-विज्ञान)

राजस्थान के अर्ध-शुष्क क्षेत्र के अंतर्गत सावयवों के माध्यम से भारतीय सरसों (*ब्रासिका जंशिया*) उत्पादकता की आर्थिक व्यवहार्यता और संपोषणीयता

2004-05 में, मुख्य भूखण्ड में पारंपरिक प्रक्रियाओं (सीपी), *सेस्बेनिया* हरित खाद (एसजीएम) और 2.5 टन/है. सरसों स्ट्रॉ पुनचक्रण + एसजीएम (एमएसजीएस) तथा उप-भूखण्ड में एनपीके उर्वरक के आठ संयोजन रखते हुए दीर्घकालिक अनुकरणीय प्रयोग आरंभ किए गए थे। सामान्यत: एसजीएम ने नियंत्रण की तुलना में सरसों बीज की पैदावार में उल्लेखनीय रूप से 22.1 प्रतिशत की वृद्धि की। एमएसआई + एसजीएम ने स्वत: ही बीज पैदावार में एसजीएम की तुलना में 10.6 प्रतिशत तथा नियंत्रण की तुलना में 35.0 प्रतिशत की वृद्धि की। संतुलित उर्वरक ($एफ_8$) के अनुप्रयोग ने उप-इष्टतम खुराकों $एफ_1$, $एफ_2$, $एफ_3$ और $एफ_4$ की तुलना में बीज पैदावार में न्यूनतम 22.3 प्रतिशत की वृद्धि की। जबकि एसजीएम के विकास ने पोषण उद्ग्रहण क्षमता में उल्लेखनीय रूप से बढ़ोतरी की जिसके फलस्वरूप $एफ_1$ से $एफ_6$ की तुलना में $एफ_8$ पर बीज पैदावार में झ11.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। एमएसआई + एसएमजी प्रणाली के अंगीकरण ने उप-इष्टतम खुराकों ($एफ_1$ से $एफ_4$) की तुलना में $एफ_8$ में कम-से-कम 19.1 प्रतिशत का और संवर्धन किया जिसने संपोषणीय उच्च पैदावारों का बेहतर पोषण पुन: चक्रण और उपलब्धता दर्शाई।

सामान्यत:, एसजीएस ने सीपी की तुलना में एसओसी, उपलब्ध एनपीके स्थिति में उल्लेखनीय रूप से वृद्धि की परंतु थोक घनत्व में कमी की। एमएसजीएम ने मृदा स्वास्थ्य विशेषताओं को और भी संवर्धित किया। $एन_{40}$, $पी_{8.7}$, $के_{10}$ से $एन_{80}$, $पी_{17.4}$,

के$_{33.3}$ तक उर्वरक स्तरों में वृद्धि ने भी मृदा के विशेषताओं में धीरे-धीरे सुधार किया।

संपोषणीय सरसों उत्पादन के लिए पोषण-प्रबंध कार्यनीतियों का मूल्यांकन

कार्बनिक स्रोतों में से, एमएसआई + एसजीएम ने शेष कार्बनिक स्रोतों की तुलना में उल्लेखनीय रूप से उच्च बीज पैदावार उत्पादित की। इसके उपरांत वीसी और एसजीएम का स्थान था। एफवाईएम और ओएस के बीच संपर्क उल्लेखनीय पाया गया। एसएफएम कार्यनीति पर, एमएसआई + एसजीएम को छोड़कर पोषण के सभी कार्बनिक स्रोतों ने सीसी (100 प्रतिशत आरडीएफ) से बीज पैदावार में न्यूनतम 30.2 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी की। एमएफएम स्तर पर, एमएसआई + एसजीएम ने शेष कार्बनिक स्रोतों की तुलना में उल्लेखनीय रूप से उच्च बीज पैदावार उत्पादित की। एमएफएम स्तर पर एमएसआई + एसजीएम के कारण बीज पैदावार में वृद्धि सीसी की तुलना में 22.4 प्रतिशत से अधिक थी (तालिका 2.6)।

तालिका 2.6 : सरसों उत्पादकता पर उर्वरक प्रबंधन कार्यनीति और कार्बनिक स्रोतों का प्रभाव (किग्रा/है.)

उर्वरक प्रबंधन कार्यनीति (एफएमएस)	कार्बनिक स्रोत (ओएस)						माध्य
	एसजीएम	एमएसआई	एमएसआई +एसजीएम	एसएस मल्च	एफवाईएम	वीसी	
सीएफएम : पारंपरिक (100 प्रतिशत आरडीएफ)	2106	2106	2060	2060	2130	2245	2118
एमएफएम : सौम्य (50 % आरडीएफ)	1167	1319	1991	1273	1597	1667	1586
एसएफएम : सामान्य (कोई उर्वरक नहीं)	1250	1127	1412	1018	1227	1019	1192
माध्य	2006	1897	2359	1744	1997	2147	-
सीडी 5 %, एफएमएस = 166, ओएस = 172, एफएमएस x ओएस = 298 एसी : पूर्ण नियंत्रण - 763 सीसी : पारंपरिक नियंत्रण (100 % आरडीएफ) - 1627							

डीआरएमआर-सीपी-16 : ब्रासिका उत्पादन प्रणाली का संपोषणीय सघनीकरण (एसआईबीपीएस)

प्रधान अन्वेषक : आर.एस. जाट, वरिष्ठ वैज्ञानिक (सस्य विज्ञान)

सह-अन्वेषक : मुकेश मीना, वैज्ञानिक (मृदा विज्ञान), हरवीर सिंह, वैज्ञानिक (सस्य-विज्ञान), पंकज शर्मा, प्रधान वैज्ञानिक (पादप रोग विज्ञान)

वर्तमान और भावी जलवायु के अंतर्गत राई-सरसों उत्पादन और कृषि आय में वृद्धि करने के लिए संसाधन प्रयोग कार्यकुशल और लचीली राई-सरसों आधारित फसल प्रणालियों का विकास

यह प्रयोग वर्तमान और भावी जलवायु के अंतर्गत राई-सरसों आधारित फसल प्रणालियों का विकास करने के लिए खरीफ, 2016 के दौरान आरंभ किया गया था। तीन कृषिजोत प्रक्रियाओं - खांचों द्वारा सिंचित उठी हुई क्यारियां (एफआईआरबी), शून्य जुताई (जैडटी) और पारंपरिक जुताई (सीटी तथा छह सरसों - आधारित फसल प्रणालियों-सोयाबीन-सरसों, क्लस्टर बीन-सरसों, हरा चना-सरसों, मक्का-सरसों, तिल-सरसों तथा पर्ल मिलेट-सरसों को स्प्लिट प्लॉट डिजाइन के अंतर्गत परीक्षित किया गया था तथा तीन अनुकरण तैयार किए गए थे। खरीफ फसल उगाई गई तथा उपचारों के अनुसार उसे काटा गया और सतह पर अवशेषों को छोड़ दिया गया।

उपचारों के अनुसार रबी 2016 में भारतीय सरसों किस्म आरएच 479 बोई गई तथा विभिन्न प्रक्रियाओं के अंतर्गत संसाधन प्रयोग और पैदावार निष्पादन का मूल्यांकन किया जा रहा है। प्रयोग के प्रथम वर्ष में, सरसों बीज पैदावार फसल प्रणालियों द्वारा उल्लेखनीय रूप से प्रभावित हुई तथा जुताई प्रणालियों के साथ यह प्रभावित नहीं हुई। सर्वाधिक सरसों बीज पैदावार (3215 किग्रा/है.) पारंपरिक जुताई प्रणालियों के साथ बोई गई क्लस्टर बीज-सरसों फसल प्रणाली में दर्ज की गई जिसके उपरांत समान प्रबंधन के अंतर्गत सोयाबीन-सरसों (3132 किग्रा/है.) और हरा चना-सरसों (2980 किग्रा/है.) फसल प्रणालियों का स्थान था। मक्का-सरसों और तिल-सरसों फसल प्रणाली ने शून्य जुताई के अंतर्गत बेहतर प्रदर्शन किया और क्रमशः 2886 और 2747 किग्रा/है. की उच्च सरसों बीज पैदावार दर्ज की। पर्ल मिलेट-सरसों फसल प्रणाली ने

एफआईआरबी प्रणाली के अंतर्गत अधिकतम सरसों बीज पैदावार दर्शाई (2626 किग्रा/है.)।

ब्रासिका उत्पादन प्रणाली का मशीनीकरण

भारत में, सरसों को व्यापक तौर पर खरीफ की फसल के कट जाने के उपरांत शुष्क मौसम के दौरान वर्षा-सिंचित फसल के रूप में उगाया जाता है। इन परिस्थितियों के अतर्गत किसान सामान्यत: बीज प्रसारण के माध्यम से अथवा पारंपरिक गेहूं बीज ड्रिल के साथ बुआई करते हुए सरसों को जल्दी बो देते हैं जिसके फलस्वरूप कम अंकुरण होता है, बीज टूट जाता है, पादपों की असमान अथवा उच्च जनसंख्या हो जाती है, मृदा आर्द्रता जल्द समाप्त हो जाती है, अधिक रोग और कीट होते हैं, पादपों का विकास कमजोर होता है, शाखाएं कम होती है, कम शिंबियां होती हैं और अंतत: बीज पैदावार कम होती है। इसके अलावा, एक साथ बीजों और उर्वरकों की ड्रिलिंग के प्रावधान का अभाव भी होता है, जो वर्षा सिंचित परिस्थितियों के अंतर्गत मृदा की आर्द्रता को संरक्षित करने के लिए अत्यंत आवश्यक है। वर्षा सिंचित परिस्थितियों के अंतर्गत उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि करने तथा सीमित संसाधनों का दक्षतापूर्वक उपयोग करने के लिए साथ-ही-साथ उर्वरक ड्रिलिंग करते हुए आर्द्र अंचलों के अंतर्गत समान गहराई पर एक पादप से दूसरे पादप के बीच 15-20 सेमी तथा एक पंक्ति से दूसरी पंक्ति के बीच 45 सेमी की दूरी पर राई-सरसों की दक्षतापूर्ण रोपाई अत्यंत आवश्यक होती है। इन सभी मुद्दों का समाधान करने के लिए सीआईएमएमवाईटी, भारत के साथ परामर्श करते हुए भा.कृ.अनु.प.-स.अनु.नि., भरतपुर द्वारा एक सरसों सीडर प्रोटोटाइप को डिजाइन और विकसित किया गया है। दो लोकप्रिय सरसों किस्मों (आरएच 749 और डीआरएमआरआईजे 31) का प्रयोग करते हुए इसके निष्पादन का मूल्यांकन करने के लिए भा.कृ.अनु.प.-स.अनु.नि. द्वारा 2016-17 के दौरान भरतपुर क्षेत्र में किसानों के खेतों में पांच प्रदर्शन संचालित किए गए थे। सरसों की फसल के विकास तथा पैदावार निष्पादन पर सरसों सीडर के प्रयोग के परिणामों की तुलना पारंपरिक गेहूं बीज ड्रिल द्वारा बुआई के साथ की गई थी। गेहूं बीज ड्रिल के साथ बोई गई फसल ने पैदावार स्तर पर सरसों सीडर के साथ 15-17 पादप प्रति वर्गमीटर लगाई गई फसल की तुलना में ठीक दोगुनी (30-35) प्रति वर्ग मीटर पादप जनसंख्या दर्ज की। दोनों ही किस्मों ने सरसों सीडर के साथ बोए जाने पर बेहतर फसल विकास मापदण्ड प्रदर्शित किए। सरसों सीडर के साथ बुआई ने गेहूं बीज ड्रिल द्वारा बुआई की तुलना में अधिक पादप ऊंचाई (10 सेमी), प्रति पादप अधिक प्राथमिक और माध्यमिक शाखाएं (15 और 30) तथा बेसल नोड पर तने की बेहतर गोलाई (7.4 सेमी) प्रदान की।

सरसों सीडर के साथ बोए गए पादपों ने स्रोतों की तुलना में (पादप पर्ण और तना) अभिगम भाग (शिंबी) के प्रति प्रकाश संश्लेषण का अधिक विपथन दर्ज किया। इष्टतम पादप जनसंख्या और बेहतर पादप विकास मानदण्डों के साथ सरसों सीडर द्वारा बोई गई फसल ने गेहूं बीज ड्रिल द्वारा बोई गई फसल की तुलना में दोनों ही किस्मों की उच्च बीज पैदावार दर्ज की। गेहूं बीज ड्रिल द्वारा बुआई की तुलना में आरएच 749 और डीआरएमआरआईजे 31 की बीज पैदावार में वृद्धि 18 से 20 प्रतिशत तक दर्ज की गई।

डीआरएमआर-सीपी-18 : पादप घनत्व के प्रति विकास और पैदावार प्रतिक्रिया तथा भारतीय सरसों में रोपण की अवस्था

प्रधान अन्वेषक : हरवीर सिंह, वैज्ञानिक (सस्य-विज्ञान)

सह-अन्वेषक : आर.एस. जाट, वरिष्ठ वैज्ञानिक (सस्य-विज्ञान) और मुकेश मीना, वैज्ञानिक (मृदा-विज्ञान)

राई-सरसों पादप की प्रतिस्पर्धी योग्यता मुख्य रूप से प्रति इकाई क्षेत्र पादपों के घनत्व तथा मृदा उर्वरता स्थिति पर निर्भर करती है। इष्टतम पादप जनसंख्या घनत्व/इकाई क्षेत्र पर्यावरण, जीनोटाइप, पौधों के समय और मौसम के साथ परिवर्तित होता है। किसी क्षेत्र पर फसल पादपों के समान वितरण के फलस्वरूप पोषक-तत्वों और आर्द्रता का कार्यकुशल प्रयोग होता है तथा खरपतवार का दमन होता है जिससे उच्च पैदावार होती है। वर्ष 2016-17 के दौरान एक क्षेत्रीय प्रयोग संचालित किया गया था जिसमें 3 रोपण तारीखों के साथ तीन रोपण ज्यामितियां शमिल थी - 45 x 30 सेमी, 60 x 30 सेमी और 90 x 30 सेमी जिसका उद्देश्य रोपण की तारीखों के साथ विभिन्न रोपण ज्यामितियों का मूल्यांकन करना था।

डीआरएमआर-सीपी-17: राई-सरसों उत्पादकता और गुणवत्ता पर सूक्ष्म और माध्यमिक पोषणों तथा उकने पुष्टीकरण की भूमिका

प्रधान अन्वेषक : एम.के. मीना, वैज्ञानिक (मृदा-विज्ञान)

सह-अन्वेषक : आर.एस. जाट, वरिष्ठ वैज्ञानिक (सस्य-विज्ञान), इबांडलिन मावलांग, वैज्ञानिक (पादप जैव-रसायनी)

सूक्ष्म-पोषकों से युक्त एफवाईएम का अनुप्रयोग सरसों में उनकी उपलब्धता और उनके उद्ग्रहण में सुधार करता है जिसे फलस्वरूप चूनेदार मृदाओं में फसल की उच्च उत्पादकता और गुणवत्ता सुनिश्चित होती है। 2016-17 के दौरान संचालित किए गए क्षेत्रीय परीक्षणों में 15 उपचार संयोजन शामिल थे जिन्हें तीन बार दोहराया गया था तथा ये एफवाईएम स्तर के तीन उपचारों (नियंत्रण, 5 टन प्रति हेक्टेयर की दर तथा 10 टन प्रति हेक्टेयर की दर) और पोषण के स्रोतों के पांच उपचारों (नियंत्रण, 2.5 किग्रा जिंक + 1 किग्रा बी + 5 किग्रा एफई + 10 किलो ग्राम एस प्रति हेक्टेयर, 5 किग्रा जिंक + 2 किग्रा बी + 10 किग्रा एफई + 20 एस किग्रा प्रति हेक्टेयर, 2.5 किग्रा जिंक + 1 किग्रा बी + 5 किग्रा एफई + 10 किग्राएस । परिपूर्ण एफवाईएम 500 किग्रा प्रति हेक्टेयर तथा 5 किग्रा जिंक + 2 किग्रा बी + 10 किग्रा एफई + 20 किलोग्राम एस परिपूर्ण एफवाईएम / 500 किग्रा प्रति हेक्टेयर) के साथ स्प्लिट प्लाट डिजाइन में संचालित किया गया था। एफवाईएम के साथ उनकी संवृद्धि द्वारा सूक्ष्म और माध्यमिक पोषणों के अनुप्रयोग ने नियंत्रण की तुलना में सरसों की बीज पैदावार में वृद्धि की। परिणामों ने दर्शाया कि उन उपचारों के अंतर्गत उल्लेखनीय रूप से उच्चतम बीज पैदावार (2872 किग्रा है.$^{-1}$) देखी गई थी जिनमें 5.0 किग्रा जिंक + 2 किग्रा बी + 10 किग्रा एफई + 20 किलोग्राम एस परिपूर्ण एफवाईएम की दर से सूक्ष्म और माध्यमिक पोषण 500 किग्रा प्रति है. की दर से (जिंक$_2$ बी$_2$ एफई$_2$एस$_2$ ईन) और 10 टन प्रति हेक्टेयर की दर से एफवाईएम मिलाया गया था। मृदा जैव-रसायनी विशेषताओं तथा एंजाइमेटिक क्रियाकलापों का विश्लेषण किया जा रहा है। फसल की कटाई पर प्रयोग भूखण्डों से लिए गए मृदा नमूनों में मृदा शारीरिक-रासायनिक विशेषताओं तथा पोषण तत्व उपलब्धता का विश्लेषण किया जा रहा है।

मृदा स्वास्थ्य देख रेख (एसएचसी) स्कीम

मृदा विज्ञान प्रयोगशाला में 255 मृदा नमूनों में एएएस का प्रयोग करते हुए सूक्ष्म-पोषण तत्वों (अर्थात् जिंक, एफई, कोपर, मैंग्नीज) स्थिति का विश्लेषण किया गया था। पाल्का गांव से एकत्र किए गए मृदा नमूनों में जिंक और आयरन की कमी पाई गई। इसी प्रकार, सिंथाला गांव में जिंक और एफई की 36.89 प्रतिशत और 05.82 प्रतिशत कमी पाई गई। परंतु उंद्रा गांव में केवल जिंक की कमी (42.85 प्रतिशत) ही देखी गई। तथापि, इन सभी तीन गांवों के नमूनों में कॉपर और मैंग्नीज पर्याप्त पाया गया।

2.7 भारतीय सरसों में जैविक तनावों का प्रबंधन

डीआरएमआर-पीपी-1 : राई-सरसों में स्कलेरोटीनिया म्लानि का प्रबंधन

परियोजना अन्वेषक : पंकज शर्मा, प्रधान वैज्ञानिक (पादप रोग विज्ञान)

सह अन्वेषक : पी.डी. मीना, प्रधान वैज्ञानिक (पादप रोग विज्ञान), अनुभूति शर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक (जैव-रसायनी)

एस. स्कलेरोटियोरम के भौगोलिक आइसोलेट्स का संग्रहण और अनुरक्षण

देश में तिलहन ब्रासिका उगाने वाले क्षेत्रों में से भिन्न भौगोलिक परिस्थितियों वाले स्थानों से *एस. स्क्लेरोटिओरम* के 65 आइसोलेट्स संग्रहित किए गए थे। सभी आइसोलेट्स को प्रवर्धित किया गया तथा इन्हें आगे अध्ययन के लिए अनुरक्षित किया गया।

जानपदिक-रोगविज्ञान

भारतीय सरसों की कृषि उपजाति आरएच 749 का प्रयोग करते हुए तीन अनुकरणों के साथ 4.5 ग 5 मी आकार के भूखण्ड में साप्ताहिक अंतरालों पर 1 अक्तूबर, 2016 को आरंभ की गई बुआई की 8 तारीखों काप्रयोग करते हुए जानपदिक-रोगविज्ञान अध्ययन किए गए थे। अधिकतम घटना 29 अक्तूबर (9.7 प्रतिशत) को देखी गई जिसके बाद 22 अक्तूबर का स्थान था जब यह 19 नवम्बर (2.0 प्रतिशत) को बोई गई फसल में न्यूनतम थी। उच्चतम बीज पैदावार 22 अक्तूबर (36.8 क्वि/है) दर्ज की गई जिसके बाद 29 अक्तूबर (33.9 क्वि/है.) का स्थान था जब यह 19 नवम्बर, (11.8 क्वि/है.) को बोई गई फसल में न्यूनतम थी। प्रथम मानक सप्ताह में प्रतिशत पंखुडी संक्रमण (पीपीआई) तथा एसआर घटना का प्रारंभन हुआ परंतु बाद में इसमें स्क्लेरोटीनिया म्लानि विकास के लिए प्रतिकूल मौसम परिस्थितियों के कारण वृद्धि नहीं हुई।

स्क्लेरोटीनिया म्लानि के लिए जननद्रव्य स्क्रीनिंग

कोर सेट से ब्रासिका की 303 जननद्रव्य पंक्तियों, जिन्हें पहले ही

सहिष्णु के रूप में पहचाना गया था, 2016-17 मौसम के दौरान दो अनुकरणों के साथ यादृच्छिक ब्लॉक डिजाइन में संवेदनशील जांच के साथ 30 सेमी ग 10 सेमी के अंतर पर 3 मी लंबाई की एकल पंक्ति में 25 अक्तूबर, 2016 को बोया गया था तथा डीआरएमआर में रुग्ण भूखंड के अंतर्गत उन्हें स्क्रीन किया गया। सभी परीक्षित जननद्रव्यों में से आरएच 1222-28, ईसी 597317, डीआरएमआर 261, डीआरएमआर 1034, डीआर एमआर 1493 और डब्ल्यूआर 2035 ने सहिष्णु प्रतिक्रिया दर्शाई (क्षति आकार <3.0 और रोग घटना <10 प्रतिशत)। आठ सहिष्णु और 3 संवेदनशील (रोहिणी, एनआरसीवाईएस 5-2 और ईसी 597314) का प्रयोग विविधता विश्लेषण के लिए किया गया था तथा निर्मित डेंडोग्राम ने दो विशिष्ट समूह प्रदान किए। क्लस्टर विश्लेषण ने स्पष्ट रूप से 11 जीनोटाइपों को सहिष्णु और संवेदनशील में विभाजित और विभक्त किया। समानता गुणांक 0.38 से 1.0 के बीच था। इससे इन जीनोटाइपों के बीच अधिकतम विविधता की उपस्थिति प्रदर्शित हुई।

वियोजित पर्ण तकनीक (स्वभावत:) के साथ आशाजनक जीनोटाइपों की स्क्रीनिंग

2015-16 के दौरान, 1500 से अधिक *ब्रासिका* जननद्रव्य पंक्तियों को *एस. स्क्लेरोटियोरम* के विरुद्ध स्क्रीन किया गया था, जिनमें से 40 सहिष्णु पंक्तियों का चयन किया गया। संचारण के 60 घंटे पश्चात् क्षति आकार के आधार पर षिजोपजाति आईसी 492678 और आईसी 121676 सर्वाधिक संवेदनशील थीं, जबकि आईसी 570316, आईसी 492794, डीआरएमआर 2585, ईसी 766097, ईसी 766539, आईसी 73225, आरएच-1222-28 और डीआरएमआर-261 सर्वाधिक सहिष्णु जीनोटाइप थे (चित्र 1)।

वियोजित तना तकनीक (स्वभावत) के साथ आशाजनक जीनोटाइपों और एफ$_1$ संकरों की स्क्रीनिंग

वियोजित तनों में 52 जीनोटाइपों तथा एफ$_1$ संकरों के मध्य *एस. स्क्लेरोटियोरम* के विरुद्ध प्रतिरोध का विविध स्तर पाया गया था। इनमें से, 19 को सहिष्णु के रूप में पाया गया (चित्र 2.11)।

स्क्लेरोटियोरम म्लानि का प्रबंधन

प्रयोग फार्म, डीआरएमआर में *स्क्लेरोटीनिया* द्वारा संक्रमित भूखण्ड में तीन अनुकरणों में 8 उपचारों (नियंत्रण सहित) के साथ यादृच्छिक ब्लॉक डिजाइन में *स्क्लेरोटीनिया* म्लानि के प्रबंधन पर एक प्रयोग संचालित किया गया था। फसल 25 अक्तूबर, 2016 को बोई गई थी जिसमें शमिल थे टी 1 : बीज उपचार (एसटी) कार्बेन्डेजिम 50 डब्ल्यूपी 2 ग्रा/किग्रा बीज, टी 2: टी 1 + 25 दिसम्बर से 15 जनवरी के दौरान कोई सिंचाई नहीं(टी 3 : टी 1 + टी 2 + पर्णीय स्प्रे (एफएस) (कार्बेन्डेजिम 50 डब्ल्यूपी / 2 ग्रा/ली, 60-65 डीएएस)(टी 4 : टी 1 + टी 2 + एफएस, 45-50 और 65 - 70 डीएएस(टी 5 : टी 1 + टी 2 + एफएस (प्रोपिकैनोजोल 25 ईसी / 0.05 प्रतिशत, 60-65 डीएएस), टी 6 : टी 1 + टी 2 + एफएस (ट्राइकोडर्मा 6 ग्रा/ली, 60-65 डीएएस), टी 7: नियंत्रण (कोई उपचार नहीं(30 ग 10 सेमी) और टी 8: नियंत्रण (कोई उपचार नहीं(45 ग 15 सेमी)। विभिन्न उपचारों के मध्य, टी 4 ने अधिकतम पैदावार (29.2 क्वि/है.) प्रदान की तथा न्यूनतम प्रतिशत रोग घटना (1.8 प्रतिशत) दर्शाई जिसके बाद नियंत्रण टी 7 (24.0 क्वि/है. और 13.6 प्रतिशत) की तुलना में टी 3 और टी 5 (26.2 क्वि/है. और 13.6 प्रतिशत) का स्थान था।

चित्र 2.11 वियोजित तना तकनीक (स्वभावत) के साथ सहिष्णु और संवेदनशील प्रतिक्रिया

स्क्लेरोटीनिया म्लानि के कारण पैदावार की हानि

स्क्लेरोटीनिया म्लानि के कारण पैदावार की हानि का अनुमान लगाने के लिए चार उच्च पैदावार किस्मों एनआरसीडीआर 2, आरएच 406, डीआरएमआरआईजे 31 और आरएच 749 के साथ एक प्रयोग किया गया था। नियंत्रण एनआरसीडीआर-2 था। अधिकतम पैदावार हानि (16.9) एनआरसीडीआर 2 में थी जिसके बाद डीआरएमआरआईजे 31 (12.1 प्रतिशत) का स्थान था तथा यह आरएच 406 में न्यूनतम (9.3 प्रतिशत) थी।

ऑक्सेलिक एसिड उत्पादन में विविधता

ऑक्सेलिक एसिड उत्पादन का परिमाणात्मक रूप से अन्वेषण किया गया था जिसके लिए एस. स्क्लेरोटियोरम आइसोलेट्स (ईएसआर 1-65) के साथ संचारित पीडीए + ब्रोमोफिनोल ब्लू (बीपी) प्लेटों का प्रयोग किया गया था, जैसा कि मीडियम में रंग के परिवर्तन द्वारा स्पष्ट था तथा बैंगनी से नीले को कवक द्वारा ऑक्सेलिक एसिड उत्पादन के लिए संकेत के रूप में लिया गया था (चित्र 2.12)।



चित्र 2.12 : ऑक्सेलिक एसिड उत्सर्जन के अनुसार पीला रंग दर्शाते आइसोलेट्स

ऊष्मायन के उपरांत त्रिज्यीय विकास के आधार पर आइसोलेट्स को तीन समूहों में वर्गीकृत किया गया था: (1) अत्यंत हानिकारक (एसआर-01, एसआर-06, एसआर-10 से एसआर-17, एसआर-19, एसआर-20, एसआर-22, एसआर-28 से एसआर-30, एसआर-32 से एसआर-34, एसआर-39 से एसआर-42, एसआर-48, एसआर-49, एसआर-57 से एसआर-59 और एसआर-61 से एसआर-65)(2) सौम्य हानिकारक (एसआर-2, एसआर-7 से एसआर-9, 15, एसआर-18, एसआर-21, एसआर-23 से एसआर- 27, एसआर-31 एसआर-35, एसआर-36, एसआर-38, एसआर-43 से एसआर-47, एसआर-50, एसआर-51 और एसआर-53 से एसआर-55) और (3) अत्यंत अल्प हानिकारक एसआर-3, एसआर-4, एसआर-5, एसआर-37, एसआर-52, एसआर-56 और एसआर-60)। यह पाया गया कि अत्यंत हानिकारक तथा कम हानिकारक आइसोलेट्स पोषकों के रूप में मेजबान कोशिका झिल्लियों के अनेक अवयवों का समान रूप से उपयोग कर सकते हैं परंतु वे ऑक्सेलेट उत्पादन और रोग जनकता के लिए उनका उपयोग करने की उनकी योग्यता में भिन्न होते हैं।

एस. स्क्लेरोटियोरम के भौगोलिक आइसोलेट्स की रोगजनकता

विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों के 65 एस. स्क्लेरोटियोरम ने तना क्षति लंबाई के संबंध में रोगजनकता में अंतर दर्शाया। सात *ब्रासिका* प्रजातियों पर विभिन्न भौगोलिक आइसोलेट्स द्वारा कारित दीर्घतम और लघुतम तना क्षति के आधार पर, निम्नलिखित 7 समूह तैयार किए गए : समूह 1-(*बी. जंशिया* किस्म एनआरसीडीआर-02), समूह 2-(*बी. नेपस किस्म* एनआरजीएलएस), समूह 3-(*बी. रापा किस्म* वाईएस), समूह 4-(*बी. रापा किस्म* बीएस), समूह 5-(*बी. रापा किस्म* तोरिया), समूह 6-(*बी. कारीनाटा*), समूह 7-(बी. एल्बा)।

सात समूहों के आइसोलेट्स के मध्य, तना क्षति निर्माण के आधार पर ईएसआर को दीर्घतम तना क्षति कारित करने वाला सर्वाधिक आम आइसोलेट पाया गया जबकि आइसोलेट ईएसआर-60 को लघुतम तना क्षति कारित करने वाला सर्वाधिक आम आइसोलेट पाया गया।

डीआरएमआर-पीपी-3 : राई-सरसों फसलों में अल्टेरनेरिया म्लानि का प्रबंधन

प्रधान अन्वेषक : पी.डी. मीना, प्रधान वैज्ञानिक (पादप रोग विज्ञान)

सह अन्वेषक : पंकज शर्मा, प्रधान वैज्ञानिक (पादप रोग विज्ञान)

अल्टेरनेरिया म्लानि (एबी) मापदण्डों के बीच संबंध

अल्टेरनेरिया म्लानि (एबी) मापदण्डों के बीच संबंध के लिए

सहिष्णु के रूप में पीएचआर-2 तथा संवेदनशील के रूप में क्रांति का अध्ययन किया गया था। विभिन्न उपचारों में शामिल थे - बीज संचारण, बीज + साइटोलेडन संचारण, साइटोलेडन संचारण, 45 डीएएस पर पर्ण संचारण तथा खेत संचारण के अंतर्गत जांच के रूप में गैर-संचारण। रोग प्रारंभन, क्षति की संख्या, क्षति आकार और प्रतिशत एबी गंभीरता के लिए टिप्पणियां ली गई। पांच उपचारों के मध्य, बीज और कोटिलेडन, दोनों का संचारण सर्वाधिक प्रभावी पाया गया जहां कोटिलेडन पर माध्य एबी गंभीरता प्रयोगशाला परिस्थितियों के अंतर्गत बीज संचारण में 49.3 प्रतिशत तथा कोटीलेडन पद्यतियों के संचारण में 62.5 प्रतिशत की तुलना में 84.6 प्रतिशत थी। परिणामों ने यह दर्शाया कि अन्य पद्यतियां संभवत: संचारण के दौरान अनुकूल जलवायु परिस्थितियों के अभाव के कारण अधिक प्रभावी नहीं थीं।

अल्टेरनेरिया म्लानि रोग मापन

रोगजनकों के कोनिडियोफोर्स तथा कोनिडियल आकारिकी के आधार पर, रोगजनकों की पहचान राई-सरसों को संक्रमित करने वाले *ए. ब्रासिकी* के रूप में की गई थी। यह रोग सामान्यत: हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और मध्य प्रदेश में अत्यंत गंभीर रूप से विद्यमान है परंतु यह राई-सरसों उगाने वाले क्षेत्रों के लगभग सभी भागों में दिखाई देता है। यह सामान्यत: रोग बुआई के 40-45 दिनों के उपरांत दिखाई देता है। पन्द्रह वर्षों से (2001 से 2015) अल्टेरनेरिया म्लानि (एबी) गंभीरता आंकड़ों का विश्लेषण किया जा रहा है ताकि देश के विभिन्न अंचलों में रोग की गंभीरता की प्रवृत्तियों को देखा जा सके। आंकड़े दर्शाते हैं कि 2001 से 2015 के दौरान *ब्रासिक जंशिया* षिजोपजाति रोहिणी में छह स्थानों पर एबी की गंभीरता में 10 प्रतिशत कमी आई है।

डीआरएमआर-पीपी-5 : जानपदिक-रोग विज्ञान और श्वेत जंग का प्रबंधन

प्रधान अन्वेषक : पी.के. राय, प्रधान वैज्ञानिक (पादप रोग विज्ञान)

सह अन्वेषक : वी.वी. सिंह, प्रधान वैज्ञानिक (आनुवांशिकी और पादप प्रजनन), पंकज शर्मा, प्रधान वैज्ञानिक (पादप रोग विज्ञान)

श्वेत जंग का जानपादिक-रोग विज्ञान

जानपदिक-रोगविज्ञान प्रेक्षणों के लिए बुआई की 10 तारीखों के साथ अर्थात् 1, 8, 15, 22, 29 अक्तूबर, 05, 12 और 19 नवम्बर को प्रयोग संचालित किया गया था। रोग की घटना पर आवधिक आंकड़े लिए गए थे। प्रयोग में अत्यंत संवेदनशील किस्म 'रोहिणी' का प्रयोग किया गया था। विभिन्न जानपदिक-रोगविज्ञान मापदण्डों अर्थात् सापेक्षी आर्द्रता, धूप के घंटे, तापमान पर आंकड़े दर्ज किए गए थे ताकि इसे श्वेत जंग के प्रकोप से संबद्ध किया जा सके (चित्र 2.13)। अधिकतम रोग गंभीरता (44.4 प्रतिशत) 5 नवम्बर को बोई गई फसल में दर्ज की गई जिसके बाद 15 नवम्बर को बोई गई फसल का स्थान था। न्यूनतम रोग गंभीरता (20.6 प्रतिशत) 8 अक्तूबर को बोई गई फसल में दर्ज की गई जिसके बाद 15 अक्तूबर को बोई गई फसल (22.8 प्रतिशत) का स्थान था।



चित्र 2.13 : श्वेत जंग का जानपादिक-रोगविज्ञान

ब्रासिका जननद्रव्य की स्क्रीनिंग

कृत्रिम संचारण के अंतर्गत श्वेत जंग प्रतिक्रिया के लिए जीनोटाइपों के दो सेटो को स्क्रीन किया गया था। एक सेट में संवेदनशील (रोहिणी) और प्रतिरोधक (बायो वाईएसआर) जांचों के साथ कुल 28 प्रविष्टियों को स्क्रीन किया गया था। 30 x 10 सेमी अंतर के साथ 3 मीटर लंबाई की 2 पंक्तियों में 04 नवम्बर, 2015 को बुआई की गई थी। पादपों को 45 और 60 दिनों पर दो बार *ए. कैंडिडा* के स्पोर सस्पेंशन के साथ स्प्रे द्वारा संचारित किया गया था। प्रत्येक जीनोटाइप में 90 दिनों पर रोग की प्रतिक्रिया दर्ज की गई तथा रोग गंभीरता का आकलन किया गया। स्क्रीन की गई 28 प्रविष्टियों में से 08 प्रविष्टियों ने प्रतिरक्षण प्रतिक्रिया दर्शाई जबकि 5 प्रविष्टियां अत्यंत प्रतिरोधी थीं। एक अन्य सेट में, ऊपर वर्णित की गई प्रक्रिया के अनुसार रोहिणी के साथ (संवेदनशील जांच के रूप में) 18 जीनोटाइपों को स्क्रीन किया गया था। 18 जीनोटाइपों में से, आरएलसी-3,

ईसी-597325, पीडीजैड-1, बीईसी-144, हीरा और डोंसकाजा श्वेत जंग के विरुद्ध प्रतिरक्षी थे।

श्वेत जंग का प्रबंधन

रासायनिक कवकनाशियों के न्यूनतम प्रयोग के साथ श्वेत जंग का प्रभावी प्रबंधन करने के लिए पीजीपीआर और नई पीढ़ी के कवकनाशियों को अकेले तथा विभिन्न संयोजनों में शमिल करते हुए अर्थात् मेटालेक्सिल 35@6 ग्रा/किग्रा बीज + मेटालेक्सिल 8 प्रतिशत + मेन्कोजब 64 प्रतिशत के पर्णीय स्प्रे @ 2 प्रतिशत के साथ बीज उपचार(मेन्कोजेब @ 3 ग्रा/किग्रा बीज + @ 0.2 प्रतिशत मेटालेक्साइल – एक के पर्णीय स्प्रे के साथ बीज उपचार(मेटानेक्साइल 35 @ 6 ग्रा/किग्रा बीज +0.1 प्रतिशत फॉलिकर के पर्णीय स्प्रे के साथ बीज उपचार(मेटालेक्साइल 35@6 ग्रा/किग्रा बीज + @ 0.2 प्रतिशत मेटालेक्सिल 35 के साथ बीज उपचार(मेटालेक्सिल 35 @ 6 ग्रा/किग्रा बीज + बैकिलस सबटिलिस (10^9 सीएफयू) के पर्णीय स्प्रे के साथ बीज उपचार(मेटालेक्सिल 35 @ 6 ग्रा/किग्रा बीज + पी. फ्लोरेसेंस (10^9 सीएफयू) के पर्णीय स्प्रे के साथ बीज उपचार को शमिल करते हुए सात उपचारों और नियंत्रण को क्षेत्रीय परिस्थितियों के अंतर्गत परीक्षित किया गया था। डब्ल्यूआर घटना पर आंकड़े दर्ज किए गए थे (चित्र 2.14)। रोग गंभीरता में अधिकतम कटौती टी$_1$ (मेटालेक्साइल 35 @ 6 ग्रा/किग्रा बीज + मेटालेक्साइल 8 प्रतिशत पर्णीय स्प्रे + 0.2 प्रतिशत की दर से 64 प्रतिशत मेन्कोजेब के साथ बीज उपचार में देखी गई जिसके बाद टी 4 (मेटालेक्साइल 35 @ 6 ग्रा/किग्रा बीज + 0.2 प्रतिशत की दर से मेटालेक्साइल एम के पर्णीय स्प्रे के साथ बीज उपचार) का स्थान था।



चित्र 2.14 : प्रतिशत रोग कटौती

मृदा बीज संक्रमण तथा पुष्प कली संचारण का प्रभाव

विभिन्न उपचारों अर्थात् ऊस्पोर संक्रमित बीजों, ऊस्पोर संक्रमिक भूखंडों, बीज उपचार के साथ कली संचारण (50 डीएएस) और बिना बीज उपचार के साथ कली संचारण (50 डीएएस) के साथ सरसों पर डब्ल्यूआर के व्यवस्थित संक्रमण मृदा/बीज संक्रमण और पुष्प कली संचारण का प्रभाव देखने के लिए प्रयोग संचालित किया गया। यादृच्छिक रूप से चुने गए 20 पादपों पर रोग सूचकांक प्रति पादप संक्रमित पत्तियों की संख्या, सभी संक्रमित पत्तियों पर स्पोर की कुल संख्या पर आंकड़े एकत्र किए गए। बिना बीज उपचारित पादपों में कली संचारण में सर्वाधिक (108.9) स्पोर/पादप दर्ज किए गए जिसके बाद कली संचारित + बीज उपचारित पादपों में 70.46 स्फोर/पादप ऊस्पोर का स्थान था। न्यूनतम (49.2) स्पोर/पादप ऊस्पोर संक्रमित बीजों में दर्ज किए गए जिसके बाद ऊस्पोर संक्रमित मृदा का स्थान था (चित्र 2.15)। अधिकतम



चित्र 2.15 डब्ल्यूआर पर मृदा/बीज संक्रमण और पुष्कली संचारण का प्रभाव



चित्र 2.16 श्वेत जंग गंभीरता

(70.3 प्रतिशत) श्वेत जंग गंभीरता कली संचारण और बिना बीज उपचारित पादपों में दर्ज की गई। न्यूनतम (63.7 प्रतिशत) श्वेत जंग गंभीरता कली संचारित + बीज उपचारित पादपों में दर्ज की गई (चित्र 2.16)

बहु रोग प्रतिरोध

बहु-रोग प्रतिरोध विकसित करने के उद्देश्य से श्वेत जंग और अल्टेरनेरिया ब्लाइट के प्रति 11 प्रतिरोधक और संवेदनशील जीनोटाइपों के बीच डायलेल संकरों से प्राप्त एफ$_2$ जनसंख्या को रोग प्रतिक्रिया के लिए उगाया गया था। 55 संकर संयोजनों में से, 21 को श्वेत जंग के प्रति प्रतिरोधी पाया गया। सभी 21 पंक्तियां अल्टेरनेरिया म्लानि के प्रति प्रतिरोधी थीं। तथापि, अल्टेरनेरिया म्लानि रोग दबाव अत्यंत कम था (15.5 प्रतिशत)।

श्वेत जंग के लिए मेजबान विभेदकों की पहचान

श्वेत जंग के लिए मेजबान विभेदकों की पहचान करने के उद्देश्य से 11 *बी. जंशिया* किस्मों (श्वेत जंग के विरुद्ध 10 प्रतिरोधक और 1 संवेदनशील के सेट को उगाया गया था। एल्बुगो कैंडिडा के एचएसआर और बीपीआर के प्रति 10 राई-सरसों जीनोटाइपों की प्रतिक्रिया के आधार पर बसंती और आरएच 30 को प्राथमिक विभेदकों के रूप में वर्गी त किया जा सकता है। *बी. जंशिया* के बसंती पीबीसी/9221(*बी. कारीनाटा*) और जीएसएल-1 (*बी. नेपस*) ने दोनों आइसोलेट्स के प्रति प्रतिरोध दर्शाया।

2.8 प्रौद्योगिकी आकलन और प्रचार-प्रसार

डीआरएमआर-टीएडी-4 : राई-सरसों प्रौद्योगिकी के प्रचार-प्रसार के लिए भागीदारीपूर्ण विस्तार

प्रधान अन्वेषक : अशोक कुमार वर्मा, प्रधान वैज्ञानिक (कृषि विस्तार)

सह अन्वेषक : विनोद कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक (कम्प्यूटर अनुप्रयोग)

आईसीएआर - डीआरएमआर में बीज उपलब्धता के बारे में कृषकों के सूचना स्रोतों का अध्ययन करना

किसान कृषि उत्पाद के विभिन्न पहलुओं के बारे में सूचना प्राप्त कर रहे हैं। अनेक सरकारी और निजी सूचना स्रोत उपलब्ध हैं जो विभिन्न माध्यमों से किसानों को जानकारी के लिए विभिन्न विस्तार कार्यक्रमों का आयोजन भी कर रहा है। किसानों को प्रौद्योगिकीय जानकारी के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण बीज भी उपलब्ध कराने का एक अत्यंत लोकप्रिय ''बीज पखवाड़ा'' नामक प्रयास पिछले 18 वर्षों से निरंतर संचालित किया जा रहा है। विभिन्न सरसों उत्पादक क्षेत्रों विशेष रूप से राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश से बड़ी संख्या में किसान बीजों की खरीद तथा वैज्ञानिकों से प्रौद्योगिकी की जानकारी प्राप्त करने के लिए ''बीज पखवाड़ा 2016'' में शमिल हुए। बीज पखवाड़ा-2016 के दौरान आईसीएआर-डीआरएमआर आने वाले तथा यादृच्छिक रूप से चयनित 360 किसानों, जिनमें राजस्थान (210), उत्तर प्रदेश (120) और मध्य प्रदेश (30) के किसान शमिल थे, को लेकर आईसीएआर-डीआरएमआर में बीज उपलब्धता के बारे में किसानों के जानकारी स्रोतों का पता करने के लिए एक अध्ययन संचालित किया गया था। उत्तरदाताओं की अनेक प्रतिक्रियाओं के संबंध में आंकड़े एकत्र किए गए थे। अध्ययन ने यह दर्शाया कि अधिकांश प्रतिक्रिदाताओं ने (52.8 प्रतिशत) डीआरएमआर में बीज की उपलब्धता के बारे में साथी किसानों से जानकारी प्राप्त की जिसके बाद उनके संबंधियों (45 प्रतिशत) का स्थान था। विभिन्न विस्तार कार्यक्रम जारी करते हुए आईसीएआर-डीआरएमआर की लोकप्रियता अत्यंत स्पष्ट है क्योंकि इस पखवाड़े में विभिन्न राज्यों से आने वाले 38.6 प्रतिशत प्रतिक्रियादाताओं ने डीआरएमआर द्वारा नियमित रूप से आयोजित किए गए एक या अधिक विस्तार कार्यक्रम के माध्यम से जानकारी प्राप्त करते हुए सरसों की विभिन्न संवर्धित किस्मों के बीजों की खरीद की। क्षेत्रीय स्तर के विस्तार कर्मियों के लिए डीआरएमआर द्वारा आयोजित किए गए प्रशिक्षण कार्यक्रमों के फलस्वरूप भी किसानों को प्रभावी रूप से सूचनाएं प्राप्त हुई क्योंकि 33.9 प्रतिशत प्रतिक्रियादाताओं ने सूचित किया गया कि उन्हें इस बारे में जानकारी क्षेत्रीय विस्तार कर्मियों से प्राप्त हुई है। अध्ययन ने यह भी दर्शाया कि समाचारपत्र भी सूचना के महत्वपूर्ण स्रोतों में शमिल था क्योंकि 24.4 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने जानकारी इसी स्रोत से प्राप्त की थी। केवीके कृषि के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी के प्रचार-प्रसार में कार्यरत हैं तथा ये किसानों के लिए जिला स्तर पर सूचना स्रोत के रूप में कार्य कर रहे हैं। केवीके उनके संपर्क में आने वाले किसानों को डीआरएमआर में बीजों की उपलब्धता के बारे में जानकारी भी प्रदान कर रहे हैं क्योंकि यह पता चला कि 18 प्रतिशत प्रतिक्रियादाताओं ने यह जानकारी केवीके से प्राप्त की थी। केवल 9.2 प्रतिशत प्रतिक्रियादाताओं ने ही यह सूचित किया कि वे कृषि जानकारी के लिए रेडियो सुनते हैं। तथापि, कम संख्या में उत्तरदाताओं ने रेडियो के महत्व

को कम करके नहीं आंका क्योंकि यह उन किसानों के लिए जानकारी का एक महत्वपूर्ण स्रोत है जो अनेक कारणों से जानकारी के अन्य स्रोतों का लाभ उठाने में सफल नहीं रह पाते हैं। यह भी देखा गया है कि फोन/एसएमएस के माध्यम से ऐसी जानकारियां प्राप्त करने वाले किसानों की संख्या में भी वृद्धि हो रही है क्योंकि 7.8 प्रतिशत प्रतिक्रियादाताओं ने इस स्रोत के विषय में सूचित किया। 22 प्रतिशत प्रतिक्रियादाताओं ने यह भी बताया कि उन्हें जानकारी अन्य स्रोतों से भी प्राप्त होती है।

बीज पखवाड़े के दौरान, किसानों को बीज 'पहले आओ-पहले पाओ' आधार पर बेचे गए। सभी हितधारकों ने तकनीकी मार्गदर्शन तथा विशेषीकृत राई-सरसों उत्पादन और संरक्षण प्रौद्योगिकियों के साथ-साथ किसानों को किफायती मूल्यों पर गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने के निदेशालय के प्रयासों की सराहना की। भाग लेने वाले किसानों को राई-सरसों की वैज्ञानिक पैदावार के साथ परिस्थिति-विशिष्ट किस्म चयन के लिए परामर्श भी प्रदान किया गया।

प्रौद्योगिकी अंतरण तथा उनकी प्रशिक्षण आवश्यकताओं के संबंध में विस्तार कर्मियों द्वारा सामना की जाने वाली बाधाएं

किसानों को प्रौद्योगिकी का अंतरण करने तथा उनकी प्रशिक्षण आवश्यकताओं के संबंध में विस्तार कर्मियों द्वारा सामना की जाने वाली प्रमुख बाधाओं की पहचान के लिए राजस्थान (90) और उत्तर प्रदेश (70) के उन विस्तार कर्मियों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर एक सर्वेक्षण संचालित किया गया था जिन्होंने वर्ष 2015-16 के दौरान आईसीएआर-डीआरएमआर द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया था।

विस्तार कर्मियों द्वारा सामना की जाने वाली बाधाएं

इस अध्ययन ने यह दर्शाया कि 70 प्रतिशत से अधिक उत्तरदाताओं ने यह सूचित किया कि उनके ''कार्य का अत्यधिक क्षेत्राधिकार'' तथा ''कृषि के विस्तार क्रियाकलापों से अधिक अन्य विभागों के अन्य क्रियाकलापों/कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी'' प्रौद्योगिकी अंतरण में उनके द्वारा महसूस की जाने वाले सर्वाधिक महत्वपूर्ण बाधाएं हैं। ''सहयोग प्रदान न करना और विभाग द्वारा आयोजित विस्तार क्रियाकलापों/कार्यक्रमों में किसानों द्वारा रुचि लेने का अभाव'', ''विस्तार दृष्टिकोणों/क्रियाविधियों का प्रयोग करने में प्रशिक्षण/कौशल का अभाव'' तथा ''प्रौद्योगिकी प्रदर्शन एकक के प्रति व्यावहारिक अनुभव का अभाव'' अन्य महत्वपूर्ण बाधाएं थीं जिनके बारे में 65 प्रतिशत से अधिक उत्तरदाताओं ने सूचित किया (तालिका 2.7)।

विस्तार कार्मिकों की प्रशिक्षण आवश्यकता

प्रशिक्षण आवश्यकताओं के बारे में, अध्ययन ने सूचित किया कि 90 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने ''कीट और रोग प्रबंधन'' के पहलुओं में प्रशिक्षण की उच्चस्तरीय आवश्यकता के बारे में सूचित किया जिसके बाद 87.5 प्रतिशत द्वारा ''किस्मों, बीज दर और बुआई'' के पहलू का उल्लेख किया गया। 'उर्वरकों का प्रबंध और प्रयोग', 'खरपतवार प्रबंधन', अजैव तनाव प्रबंधन' तथा 'खेत प्रबंधन' में प्रशिक्षण आवश्यकता के बारे में क्रमश: 83.8 प्रतिशत, 78.1 प्रतिशत, 75 प्रतिशत और 68.8 प्रतिशत कर्मियों द्वारा सूचित किया गया।

प्रतिभागियों के ज्ञान में वृद्धि के संदर्भ में प्रशिक्षण का प्रभाव

किसानों के खेतों में राई-सरसों उत्पादन में वृद्धि करने के लिए उनकी जानकारी और कौशलों में वृद्धि करने के लिए आईसीएआर-डीआरएमआर द्वारा पिछले तीन वर्षों में अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए गए हैं। प्रशिक्षण के उपरांत प्रतिभागियों के ज्ञान में वृद्धि होने के संदर्भ में कृषक प्रशिक्षणों के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए राजस्थान (40), मध्य प्रदेश (40) और उत्तर प्रदेश (70) के ऐसे 150 किसानों से, जिन्होंने 2015-16 के दौरान आईसीएआर-डीआरएमआर द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया था, उनके प्रशिक्षण से पहले और प्रशिक्षण के बाद के ज्ञान पर आंकड़े एकत्र किए गए थे। अध्ययन ने यह सूचित किया कि प्रतिक्रियादाताओं के प्रशिक्षण के उपरांत उनके ज्ञान के हुई अधिकतम वृद्धि (54.7 प्रतिशत) ''बीजों की किस्मों और बीज उत्पादन'' के बारे में हुई थी जिसके बाद 41.2 प्रतिशत के साथ ''कीट प्रबंधन'' का स्थान था। खेत की तैयारी और मृदा उपचार, फसल प्रबंधन प्रक्रियाएं, उर्वरक और फसल प्रबंधन के बारे में ज्ञान में लगभग 25 से 28 प्रतिशत सुधार आया। तथापि, सभी पहलुओं के संबंध में जानकारी उपरांत एमपीएस 68 प्रतिशत से अधिक था जिसने प्रतिभागियों के ज्ञान के स्तर में वृद्धि के संदर्भ में प्रशिक्षण कार्यक्रम के उच्च प्रभाव को दर्शाया।

किसानों द्वारा संवर्धित सरसों उत्पादन प्रौद्योगिकी के अंगीकरण के स्तर तथा राई-सरसों उत्पादन में उनके द्वारा सामना की जा रही बाधाओं का अध्ययन

किसानों द्वारा संवर्धित सरसों उत्पादन प्रौद्योगिकी के स्तर तथा

तालिका 2.7 : किसानों को प्रौद्योगिकी के हस्तांतरण में विस्तार कर्मियों द्वारा महसूस की जा रही बाधाएं

क्रम सं.	बाधाऐं	राजस्थान (90%)	उत्तर प्रदेश (70%)
1.	कार्य की अधिकारिता का विस्तारित क्षेत्र	75.55	71.42
2.	कृषि के विस्तार क्रियाकलापों के अलावा अन्य विभागों के अन्य क्रियाकलापों/कार्यक्रमों में भागीदारी	71.11	71.42
3.	विभाग द्वारा आयोजित विस्तार क्रियाकलापों/कार्यक्रमों में भागीदारी के लिए किसानों में रुचि का अभाव तथा उनके द्वारा असहयोग	68.88	74.28
4.	विस्तार दृष्टिकोण/क्रियाविधियों का प्रयोग करते हुए प्रशिक्षण/कौशल का अभाव	67.77	72.85
5.	प्रौद्योगिकी प्रदर्शन एककों के व्यावहारिक अनुभव का अभाव	66.66	72.85
6.	नवीनतम प्रौद्योगिकी प्रगति के बारे में ज्ञान और कौशल का अभाव	64.44	75.11
7.	किसानों को दिए जाने वाले मिनीकिट प्रदर्शनों/आदानों को प्राप्त करने में विलंब	63.33	65.71
8.	मिनीकिट प्रदर्शनों के अंतर्गत सहकारी सोसाइटियों द्वारा आपूर्ति किए गए आदनों की घटिया क्वालिटी	63.33	68.57
9.	बाजार में अनुशंसित आदानों (बीज, उर्वरक, प्रवर्ध, कवकनाशी, कीटनाशियों आदि) की अनुपलब्धता	62.22	65.77
10.	क्रियाकलापों के बारे में दिशा-निर्देश/जानकारी प्रदान करने तथा बजट जारी करने में विलंब	60	62.85
11.	विभाग द्वारा विकसित प्रक्रियाओं के पैकेज पर निर्भरता	60	57.14
12.	गांव में राय नेतृत्व का अभाव	58.88	60
13.	सिफारिशों की अव्यवहार्यता	57.8	64.28

राई-सरसों उत्पादन में उन्हें आने वाली बाधाओं का पता लगाने के लिए एक अध्ययन किया गया था। राजस्थान (40), उत्तर प्रदेश (70) और मध्य प्रदेश (40) से संबंधित ऐसे 150 किसानों से आंकड़े संग्रहित किए गए जिन्होंने 2015-16 के दौरान भा.कृ.अनु.प.-स.अनु.नि. द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया था।

अंगीकरण सूचकांक के आधार पर, विभिन्न प्रक्रियाओं के अंगीकरण को निम्न (<40 एमपीएस), मध्यम (40-60 एमपीएस), उच्च (61-80 एमपीएस) और अत्यंत उच्च (>80 एमपीएस) स्तरों में वर्गीकृत किया गया था।

अध्ययन ने दर्शाया कि सभी तीन राज्यों के प्रतिक्रियादाताओं द्वारा बीज किस्मों, मृदा उपचार, कीट और रोग प्रबंधन की अनुशंसित प्रौद्योगिकी को अंगीकरण का स्तर काफी निम्न था। यह देखना भी उल्लेखनीय था कि अधिकांश प्रतिक्रियादाता फसल को समय पर बो रहे थे क्योंकि 'बुआई के समय' के पहलू का अंगीकरण प्रतिक्रियादाताओं के सभी समूहों द्वारा (राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश) अत्यंत उच्च स्तर का बताया गया था। बीज दर और अंतर तथा सिंचाई प्रबंधन के बारे में भी अंगीकरण स्तर उच्च स्तर का था। खेत को तैयार करने, उर्वरक प्रबंधन और खरपतवार प्रबंधन के मामले में अंगीकरण स्तर सभी प्रतिक्रियादाताओं द्वारा मध्यम स्तर पर बताया गया।

किसानों द्वारा सामना की जाने वाली बाधाएं

राई-सरसों उत्पादन में 150 किसान प्रतिक्रियादाताओं द्वारा महसूस की जाने वाली प्रमुख बाधाओं का अध्ययन करने के लिए भी आंकड़े एकत्र किए गए थे। राजस्थान, मध्य प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश के किसानों ने लगभग समान स्तर पर उनके द्वारा महसूस की जाने वाली 10 प्रमुख बाधाओं की सूचना दी। अध्ययन ने दर्शाया कि ''राई-सरसों में प्रौद्योगिकीय उन्नति के बारे में जानकारी का अभाव'' प्रतिक्रिया देने वाले किसानों द्वारा सामना की जाने वाली शीर्षस्थ बाधा थी (92 प्रतिशत) जिसके बाद बाजार में शुद्ध/संवर्धित बीजों की अनुपलब्धता'' (85.3 प्रतिशत) का स्थान था। फसल कटाई की उच्च लागत तथा बुआई के समय पर उच्च तापमान तीसरे और चौथे स्थान पर बताई गई बाधाएं थी। 76 प्रतिशत प्रतिक्रियादाताओं ने सूचित किया कि अनुशंसित प्रौद्योगिकी के प्रचार-प्रसार में ''विस्तार कर्मियों द्वारा गांवों के दौरे करने का अभाव'' भी एक महत्वपूर्ण बाधा थी। किसानों द्वारा सूचित की गई अन्य महत्वपूर्ण बाधाएं थीं-कीट-पतंगों और रोगों का अधिक आक्रमण, सिंचाई

सुविधाओं का अभाव, श्रमिकों की कमी, सरसों का निम्न विक्रय मूल्य तथा जल और मृदा की घटिया क्वालिटी।

एनआरसीआरएम-सीए-1 : राई-सरसों जानकारी प्रबंधन के लिए अनुप्रयोग साफ्टवेयर का विकास

प्रधान अन्वेषक : विनोद कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक (कम्प्यूटर अनुप्रयोग)

सह अन्वेषक : अशोक कुमार शर्मा, प्रधान वैज्ञानिक (कृषि विस्तार)

किस्म चयन सॉफ्टवेयर

भारत में उगाए जाने वाले राई-सरसों क्षेत्र को पांच प्रमुख कृषि-पारिस्थितिकीय अंचलों में वर्गीकृत किया गया है। संसाधन-दक्ष किस्मों के विकास के लिए लक्ष्यित आधारभूत मौसमीय परिस्थितियां वर्षा सिंचित और सिंचित हैं। देश में राई-सरसों के कुल क्षेत्र का लगभग 30 प्रतिशत पैदावार क्षेत्र वर्षा सिंचित परिस्थितियों के अंतर्गत है। मौसमीय परिस्थितियों के प्रतिकूल होने की स्थिति में यह अनिवार्य है कि किसान अपनी स्थितियों के लिए उपयुक्त उपलब्ध प्रौद्योगिकियों के बारे में परिचित रहें। भारत में, राई-सरसों अनुसंधानकर्ताओं ने ऐसी संवर्धित किस्में विकसित की हैं जो वर्षा सिंचित, सिंचित तथा दोनों ही परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करती है। संवर्धित किस्मों के बारे में जानकारी संयोजित रुप से उपलब्ध नहीं है तथा अनेक स्वरूपों में विद्यमान है। विभाग के सामने जानकारी को इलेक्ट्रॉनिक रूप में संगठित करने की चुनौती थी ताकि देश के किसान राई-सरसों उत्पादन में वृद्धि करने के लिए इस जानकारी से लाभान्वित हो सकें। इस उद्देश्य से फसल किस्म चयन की एक वेब-आधारित विशेषज्ञ प्रणाली विकसित की गई है। यह प्रणाली उपलब्ध वैज्ञानिक ज्ञान आधार के साथ ज्ञान इंजीनियरी दृष्टिकोणों का प्रयोग करते हुए विकसित की गई है। यह प्रणाली मौसमीय परिस्थितियों जैसे वर्षा सिंचित, सिंचित अथवा दोनों ही परिस्थितियों के लिए स्थान पर आधारित किसान/परामर्शदाता की पसंद की किस्मों को सुझाती है। यह प्रणाली उस 160 अधिसूचित किस्मों के बारे में विस्तृत जानकारी रखती है जो इसके ज्ञान-भण्डार में सुरक्षित है। इस विशेषज्ञ प्रणाली की महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि यह द्विभाषी अर्थात् अंग्रेजी और हिन्दी भाषाओं में है जिसे भारतीय किसानों तथा सभी संबंधितों द्वारा आसानी से समझा जा सकता है।

अ.भा.स.अनु.प.(राई-सरसों) प्रगति रिपोर्टिंग प्रणाली

अ.भा.स.अनु.प.(राई-सरसों) में सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग

चित्र 2.17 : किस्म चयन उपकरण



चित्र 2.18 : अ.भा.स.अनु.प.(राई-सरसों) प्रगति रिपोर्टिंग प्रणाली

डेटा रिपोर्टिंग में अनुसंधान और कार्यकुशलता की गुणवत्ता में सुधार करेगा। राई-सरसों अनुसंधान निदेशालय ऑनलाइन प्रगति रिपोर्टिंग प्रणाली विकसित करने की प्रक्रिया में है। समुचित रिपोर्टिंग के लिए प्रणाली तीन अवस्थाओं पर अन्वेषण जानकारी प्रस्तुत करने में समर्थ है अर्थात् फसल बुआई स्थिति, फसल विकास स्थिति और अंतिम रिपोर्ट। फसल बुआई स्थिति और फसल विकास स्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए दो मॉड्यूल विकसित किए गए हैं, अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए मॉड्यूल तैयार किया जा रहा है।

वेबसाइट का अद्यतनीकरण तथा अनुरक्षण

निदेशालय की वेबसाइट विकसित की गई है तथा अ.भा.स.अनु.प. के दिशा-निर्देशों के अनुसार इसे नियमित रूप से अद्यतन बनाया जा रहा है। निदेशालय की वेबसाइट के यूआरएल का नाम www.drmr.res.in है।

बाह्य वित्त-पोषित परियोजनाएं

डीआरएमआर-ईए-14 : कृषि में अनुसंधान को प्रोत्साहित करना - भारतीय सरसों (उप परियोजना-4) विभिन्न तनावों के प्रति प्रतिरोध/सहिष्णुता का आण्विक आनुवांशिक विश्लेषण

प्रधान अन्वेषक : वी.वी. सिंह, प्रधान वैज्ञानिक (आनुवांशिकी और पादप प्रजनन)

सह-अन्वेषक : इबांडलिन मावलांग, वैज्ञानिक (पादप जैव-रसायन), पंकज शर्मा, प्रधान वैज्ञानिक (पादप रोग विज्ञान), भगीरथ राम, वरिष्ठ वैज्ञानिक (आनुवांशिकी और पादप प्रजनन)

बीओडी का प्रयोग करते हुए प्रयोगशाला परिस्थितियों के अंतर्गत ऊष्मा सहिष्णु पंक्तियों का वैधीकरण

विभिन्न तापमान अनुपातों (270, 320, 350, 380, 400, 420 और 450)डिग्री सेल्सीयस में बीओडी का प्रयोग करते हुए प्रयोगशाला परिस्थितियों के अंतर्गत ऊष्मा सहिष्णुता के लिए कुल 94 ऊष्मा सहिष्णु और संवेदनशील जीनोटाइपों को वैधिकृत किया गया था। प्रत्येक जीनोटाइप के कुल 20 पौधों को स्क्रीन किया गया । जीवित रही पौधों की संख्या को सापेक्षी सहिष्णुता के लिए मानदण्ड के रूप में लिया गया । जीनोटाइप डीआरएमआर 1165-40, यूपी-II 73, बीपीआर 543-2, बीपीआर 549-9, एनपीजे 124, जेएन 032, डीआरएमआर 1191-2 और डीआरएमआर 1616-47 का चयन किया गया था। इन जीनोटाइपों के साथ 8 अन्य जीनोटाइपों को साथ फाइटोट्रोन स्क्रीनिंग के लिए आईएआरआई भेजा गया थे।

ऊष्मा सहिष्णुता के लिए आरआईएल जनसंख्या का विकास

उच्च तापमान सहिष्णुता के लिए आरआईएल जनसंख्या का विकास करने के प्रयोजनार्थ संकर एनआरसीडीआर 2 x बीपीआर 541-1, एनआरसीएचबी 101 x बीपीआर 541-4, एनआरसीएचबी 101 x बीपीआर 543-2 तथा एनआरसी एचबी 101 x बीपीआर 543-2 की एफ1 पीढ़ी से शुद्ध पादप निकाले और थ्रैश किए गए।

ऊष्मा सहिष्णुता की अनुवांशिकता

ऊष्मा सहिष्णुता की अनुवांशिकता का अवधारण करने के लिए सहिष्णु और संवेदनशील जनक रखने वाला एक 10 x 10 डायलेल विकसित किया गया था (जीनोटाइप : बीपीआर 543-2, उर्वशी, बीपीआर 549-9, डीआरएमआर 1165-40, यूपी-II-73, ईसी 511664, एनआरसीडीआर 02, एनआरसीएचबी 101, रोहिणी, डीआरएमआरआईजे 31) संकरों को निकाला और थ्रैश किया गया था।

विभिन्न विकासात्मक अवस्थाओं पर चयनित ऊष्मा सहिष्णु पंक्तियों की शारीरिक-जैव-रासायनिक पहचान और विशेषता-वर्णन

शारीरिक मापदण्डों आरडब्ल्यूसी, कुल क्लोरोफिल, कैरोटेनॉइड अंश और क्लोरोफिल स्थायित्व सूचकांक के आधार पर ऊष्मा अहिष्णुता के लिए विभिन्न विकासात्मक अवस्थाओं पर चयनित प्रजनन और जननद्रव्य लाइनों का विशेषता-वर्णन किया गया था (तालिका 2.8 और 2.9)। यह चयन सामान्य बुआई की परिस्थितियों के साथ आकारिकी मापदण्डों की तुलना करते हुए किया गया था।

उच्च तापमान सहिष्णुता के लिए जननद्रव्य पंक्तियों के नए सेट की स्क्रीनिंग

प्रारंभिक अवधि के दौरान पादपों की उत्तरजीविता के आधार पर जननद्रव्य पंक्तियों की (तापमान) सहिष्णुता का आकलन करने के लिए पिछले सितम्बर माह में जननद्रव्यों की तीन सौ पंक्तियों को बोया गया था। बुआई के 30 दिन के उपरांत पादपों की गणना की गई। 300 पंक्तियों में से केवल एक पंक्ति (ईसी 0333597) ने 40-50 प्रतिशत उत्तरजीविता दर्ज की, 32 पंक्तियों ने 30-40 प्रतिशत उत्तरजीविता दर्ज की तथा 57 पंक्तियों ने 20-30 प्रतिशत उत्तरजीविता दर्शाई। शेष पंक्तियों में अत्यंत खराब उत्तरजीविता अथवा शून्य उत्तरजविता थी।

अवयव : तना सड़न

एसएसआर मार्कर का प्रयोग करते हुए तना सड़न सहिष्णु और संवेदनशील जीनोटाइपों की आण्विक प्रोफाइलिंग

यह अध्ययन 100 सामान्य श्रृंखला पुनरावृत्ति (एसएसआर) मार्करों का प्रयोग करते हुए आनुवांशिक विविधता के परिमाण पर सूचना हासिल करने के लिए तिलहन ब्रासिका के छप्पन जीनोटाइपों (51 ब्रासिका जंशिया, 4 ब्रासिका केरीनेटा, 1 सिनापिस एल्बा) पर संचालित किया गया था। 30 पालीमार्फिक एसएसआर मार्करों का प्रयोग करते हुए प्रवर्धित 82 पालीमॉर्फिक लोकी के यूपीजीएमए विश्लेषण द्वारा प्राप्त डेंड्रोग्राम के फलवरूप अध्ययन किए गए जीनोटाइपों में

तालिका 2.8 : सामान्य बुआई परिस्थिति की तुलना में चयनित जीनोटाइपों के मापदण्डों में वृद्धि अथवा कमी (-) की प्रतिशतता के साथ आकारिकी तुलना

चयनित जीनोटाइप	विशेषता	कली	पुष्पण	फली
		सीएसआई %	सीएसआई %	सीएसआई %
आएच-555	अत्यंत सहिष्णु	13.04	11.95	15.68
डीआरएमआर-11912	सहिष्णु	13.24	11.18	11.58
डीआरएमआर-1616-47	सौम्य सहिष्णु	87.81 (-)	1.32	5.67 (-)
बीपीआर-549-9 (चैक)	सौम्य सहिष्णु	14.53	8.73	6.98
बीपीआर-541-4 (चैक)	सौम्य सहिष्णु	3.32	2.24	7.73
बीपीआर-543-2 (चैक)	सौम्य सहिष्णु	28.46	4.38	4.77
उर्वशी (चैक)	सौम्य सहिष्णु	12.69	7.05	0.42
		कुल क्लोरोफिल %	कुल क्लोरोफिल %	कुल क्लोरोफिल %
आएच-555	अत्यंत सहिष्णु	10.19	12.06	9.66
डीआरएमआर-11912	सहिष्णु	12.17	7.17	3.41 (-)
डीआरएमआर-1616-47	सौम्य	37.76	3.27	13.78
बीपीआर-549-9 (चैक)	सौम्य सहिष्णु	7.57	3.45	4.69
बीपीआर-541-4 (चैक)	मध्यम सहिष्णु	4.84	42.36 (-)	2.74
बीपीआर-543-2 (चैक)	मध्यम सहिष्णु	2.93 (-)	15.05	10.88
उर्वशी (चैक)	मध्यम सहिष्णु	21.69 (-)	12.85	3.75
		कैरोटेनाइट %	कैरोटेनाइट %	कैरोटेनाइट %
आएच-555	अत्यंत सहिष्णु	13.29	20.72	0.75
डीआरएमआर-11912	सहिष्णु	1.94	4.04	15.58
डीआरएमआर-1616-47	सौम्य सहिष्णु	2.58	1.66	25.73
बीपीआर-549-9 (चैक)	सौम्य सहिष्णु	7.11	8.54 (-)	14.75 (-)
बीपीआर-541-4 (चैक)	मध्यम सहिष्णु	14.75	15.43 (-)	23.14 (-)
बीपीआर-543-2 (चैक)	मध्यम सहिष्णु	7.14	5.74 (-)	8.29 (-)
उर्वशी (चैक)	मध्यम सहिष्णु	22.48 (-)	0.01	9.38
		आरडब्ल्यूसी %	आरडब्ल्यूसी %	आरडब्ल्यूसी %
आएच-555	अत्यंत सहिष्णु	6.38	17.56	5.2
डीआरएमआर-11912	सहिष्णु	बराबर	1.53	1.85
डीआरएमआर-1616-47	सौम्य सहिष्णु	5.07	3.63	2.51
बीपीआर-549-9 (चैक)	सौम्य सहिष्णु	1.80	1.61	0.41
बीपीआर-541-4 (चैक)	मध्यम सहिष्णु	3.86 (-)	4.85 (-)	0.80
बीपीआर-543-2 (चैक)	मध्यम सहिष्णु	1.02	6.62 (-)	1.54
उर्वशी (चैक)	मध्यम सहिष्णु	0.86	6.10 (-)	1.22

तालिका 2.9 : सामान्य परिस्थिति की तुलना में चयनित जननद्रव्य पंक्तियों के आकारिकी मानदण्डों में वृद्धि अथवा कमी (-) की प्रतिशतता के साथ की तुलना

चयनित जीनोटाइप	विशेषता	कली	पुष्पण	फली
		आरडब्ल्यूसी %	आरडब्ल्यूसी %	आरडब्ल्यूसी %
बीपीआर-541-4 (चैक)	ऊष्मा सहिष्णुता	0.56	1.41	5.64
बीपीआर-543-2 (चैक)	ऊष्मा सहिष्णुता	0.43	1.74	5.93
उर्वशी (चैक)	ऊष्मा सहिष्णुता	0.41	1.40	5.84
डीएमआर 2059		0.97	1.38	5.94
डीएमआर 2584		0.88	1.84	5.64
डीएमआर 2291		0.44	1.24	5.55
डीएमआर 2489		0.39	1.92	5.80
डीएमआर 2300		0.49	1.36	5.64
डीएमआर 2055		0.79	1.29	5.72
डीएमआर 1469		0.42	1.83	5.92
डीएमआर 2060		0.95	1.36	5.60
		सीएसआई %	सीएसआई %	सीएसआई %
बीपीआर-541-4 (चैक)		4.40	2.50	1.88
बीपीआर-543-2 (चैक)		4.89	2.26	2.25
उर्वशी (चैक)		1.59	2.63	1.78
डीएमआर 2059		4.34	1.57	2.53
डीआरएमआर 2584		2.25	1.87	2.70
डीआरएमआर 2291		5.05	2.23	2.78
डीआरएमआर 2489		2.75	2.99	1.98
डीआरएमआर 2300		2.75	1.84	3.08
डीआरएमआर 2055		2.73	2.07	3.32
डीआरएमआर 1469		1.17	3.88	3.64
डीआरएमआर 2060		3.41	1.97	2.68

निश्चयात्मक वर्गीकरण उत्पन्न हुआ जिसे दो प्रमुख समूहों में विभाजित किया गया। जीनोटाइपों के मध्य जैकार्ड सूचकांक का प्रयोग करते हुए अनुमानित समानता गुणांक 0.54 से 1.00 के बीच थे। देखे गए पालीमॉर्फिक सूचना अंश (पीआईसी) मान 0.225 से 0.667 के बीच थे जिसका औसत 0.528 था। 0.667 का उच्चतम पीआईसी मान बीआरएमएस-054 मार्कर के लिए प्रेक्षित किया गया जो इसे सर्वाधिक सूचनात्मक मार्कर बनाता है। अन्य सभी चार बी. केरीनेटा जीनोटाइपों को एक समूह में वर्गीकृत किया गया।

डीआरएमआर-ईए-15 सरसों में जैविक (श्वेत रतुआ/तना सड़न) के प्रति सहिष्णुता और गुणवत्ता विशेषताओं (निम्न इरूसिक एसिड और ग्लूकोसिनोलेट्स) का संवर्धन करने के लिए आण्विक प्रजनन पर सीआरपी

प्रधान अन्वेषक : वी.वी. सिंह, प्रधान वैज्ञानिक (आनुवांशिकी और पादप-प्रजनन)

सह-अन्वेषक : पी.के. राय, प्रधान वैज्ञानिक (पादप रोग विज्ञान), प्रियामेधा, वैज्ञानिक (आनुवांशिकी और पादप प्रजनन): पंकज शर्मा, प्रधान वैज्ञानिक (पादप रोग विज्ञान) और इबांदलिन मावलांग, वैज्ञानिक (पादप और जैव-रसायन)

सफेद रतुआ के लिए आण्विक मार्करों का प्रयोग करते हुए एफ$_1$ का अग्रभूमि चयन

आण्विक मार्करों अर्थात् एटी 5 जी 41560 (एसीबी।-ए 4.1)



चित्र 2.19 (क) : सफेद रतुआ एटी 5 जी 41560 (एसीबी।-ए 4.1) लोकी से संबद्ध मार्करों के वैधीकरण को दर्शाता एगरोज जेल, जिसमें अनुमानित उत्पाद आकार 430 बीपी-एम-100 बीपी है, लैडर 1. एनआरसीएचबी 101 x डोंसकाजा 2. एनआरसीएचबी 101 x बायो वाईएसआर, 3. एनआरसीएचबी-101 x बीईसी-144 4. डीआरएमआर -150-35 x डोंसकाजा, 5. डीआरएमआर - 150-35 x बायो वाईएसआर, 6. डीआरएमआर - 150-35 x बीईसी 7. हीरा 8. वरुणा



चित्र 2.19 (ख) : सफेद रतुआ एटी 2 जी 36360 (एसीबी।-ए 5.1) लोकी से संबद्ध मार्करों के वैधीकरण को दर्शाता एगरोज जेल, जिसमें 730 बीपीएस - 100 बीपी का प्रवर्ध उत्पाद आकार है, लैडर 1. एनआरसीएचबी 101 डीआरएमआर - 150-35 3. डोंसकाजा 4. एनआरसीएचबी -101 x डोंसकाजा 5. एनआरसीएचबी-101 x बीईसी-144 6. एनआरसीएचबी-101 x बायो वाईएसआर 7. डीआरएम आर-150-35 x डोंसकाजा, 8. डीआरएमआर - 150-35 x बायो वाईएसआर, 9. डीआरएमआर - 150-35 x बीईसी -144

और एटी 2 जी 36360 (एसीबी।-ए 5.1) का प्रयोग करते हुए सफेद रतुआ प्रतिरोध के लिए एफ1एस का अग्रभूमि चयन किया गया था। संकर अर्थात् एनआरसीएचबी 101 x बायो वाईएसआर, एनआरसीएचबी 101 x बीईसी-144, डीआर एमआर-150-35 x बायो वाईएसआर, डीआरएमआर -150-35 x बीईसी-144 को सफेद रतुआ प्रतिरोधक पाया गया (चित्र 2.19 क और ख)। संकर अर्थात् एनआरसीएचबी 101 x बायो वाईएसआर, डीआरएमआर-150-35 x बायो वाईएसआर, डीआरएमआर-150-35 x वीईसी-44 जब उन्हें मौसमेत्तर पौधशाला, वेलिंगटन में फाइटोटिपिकली वैधिकृत किया गया। तब उन्हें सफेद रतुआ के लिए प्रतिरोधक पाया गया।

गुणवत्तापूर्ण मार्करों का प्रयोग करते हुए एफ$_1$ का अग्रभाग चयन ग्लूकोसिनोलेट

एफ1 मध्य के अग्रभूमि चयन के लिए पांच प्राइमरों के सेट का प्रयोग किया गया था, अर्थात् (जीईआर-1 एमआरपीआर + आईपी 3 जीईआर - 1 एफ (क्यू 1)(एमवाईबी 28 (क्यू 2)(At 5G41 (क्यू 3)(At 5जीएजे 67 (क्यू 4) और जीईआर - 5 एफपीएफ + जीईआर - 5 एमआरपीआर (क्यू 5) (बिष्ट एट एल., 2009) प्राइमर क्यू 1 और क्यू 5 ने एफ1 के मध्य विभेदकारी परिणाम प्रदान किए।

इरूसिक एसिड : दो सीएपीएस मार्करों एफएई II (ई 1) और एफएई III (ई 2) (गुप्ता एटाल, 2004) के साथ एफ1एस के मध्य निम्न इरूसिक एसिड के लिए अग्रभूमि चयन का प्रयोग किया गया । संकर अथ्रात् एनआरसीएचबी-101 x पीडीजैड 1, एनआरसीएचबी-101 x हीरा, एनआरसीएचबी 101 x आरएलसी-3, डीआरएमआर 150-35 x पीडीजैड - 1, डीआरएमआर 150-35 x हीरा, डीआरएमआर 150-35 x आरएलसी को निम्न इरूसिक एसिड के लिए वैधिकृत किया गया (चित्र 2.21 क और ख)।



चित्र 2.20 : गुणवत्ता (ग्लूकोसिनोलेट) से संबद्ध मार्करों के वैधीकरण को दर्शाने वाला एगरोज जेल (ए) जीईआर - 1 एमआरपीआर + आईपी 3 जीईआर - 1 एफ (क्यू 1) (बी) जीईआर - 5 एफपीएफ + जीईआर - 5 एमआरपीआर (क्यू 5) एम - 100 बीपी 1. एनआरसीएचबी 101 2. डीआरएमआर 150-35 3. हीरा 4. एनआरसीएचबी 101 पीडीजैड-1 5. एनआरसीएचबी 101 x हीरा 6. डीआरएमआर 150-35 x पीजैड-1 7. डीआरएमआर 150-35 x हीरा।

चित्र 2.21 (क) गुणवत्ता विशेषताओं (इरूसिक एसिड) से संबद्ध मार्करों के वैधीकरण को दर्शाने वाला एगरोज जेल (एफएई III (ई 2) एम-50 बीपी लैडर 1. एनआरसीएचबी 101 x पीडीजैड-1 2. एनआरसीएचबी 101 x हीरा 3. एनआरसीएचबी- 101 x आरएलसी -3 4. डीआरएमआर -150-35 x पीडीजैड 1 5. डीआरएमआर 150-35 x हीरा 6. डीआरएमआर-150-35 x आरएलसी-3 7. हीरा (निम्न) 8. एनआरसीएचबी-101 (उच्च) 9. डीआरएमआर-150-35 (उच्च)।



चित्र 2.21 (ख) गुणवत्ता विशेषताओं (इरूसिक एसिड) से संबद्ध मार्करों के वैधीकरण को दर्शाने वाला एगरोज जेल (एफएई II (ई 2) एम-50 बीपी लैडर 1. एनआरसीएचबी - 101 x पीडीजैड - 1 2. डीआरएमआर - 150-35 3. हीरा, 4. एनआरसीएचबी - 101 x आरएलसी - 3 5. एनआरसीएचबी -101 x हीरा 6. एनआरसीएचबी - 101 आरएलसी - 3 7. डीआरएमआर - 150-35 x पीडीजैड-1 8. डीआरएमआर 150-35 x हीरा 9. डीआरएमआर-150-35 x आरएलसी-3

वेलिंगटिग स्थित मौसमेत्तर पौधशाला में बीसी$_1$ का प्रयास किया गया

मौसमेत्तर पौधशाला, वेलिंगटन में प्रयास किए गए बीसी$_1$ थे : एनआरसीएचबी-101 x (एनआरसीएचबी-101 x बायो वाई एसआर), एनआरसीएचबी-101 x (एनआरसीएचबी-101 x पीडीजैड- 1), एनआरसीएचबी-101 x (एनआरसीएचबी -101 ग हीरा), एनआरसीएचबी-101 x (एनआरसीएचबी -101 x बीईसी-144), डीआरएमआर-150-35 x (डीआर एमआर-150-35 x बायो वाईएसआर), डीआरएमआर -150-35 x (डीआरएमआर-150-35 x बीईसी-144), डीआरएमआर-150-35 x (डीआरएमआर-150-35 x पीडी जैड-1), डीआरएमआर-150-35 x (डीआरएमआर -150-35 x हीरा)।

सफेद रतुआ के लिए बीसी$_1$ की फिनोटाइपिंग

बीसी$_1$ पादपों को सफेद रतुआ प्रतिरोध के लिए स्क्रीन किया गया था। इनोकुलम को स्प्रे किया गया तथा त्रिम एपीफाइटोटिक परिस्थितियां सृजित करने के लिए खेत को बार-बार सिंचित किया गया, तथापि, रोग का दबाव बहुत कम था। पादपों को स्क्रीन किया गया तथा उन पादपों का चयन कर लिया गया जो सफेद रतुआ के विरुद्ध प्रतिरोध धारण किए हुए थे तथा जो आकारिकी विशेषताओं के संबंध में फीनोटाइपिकली आवर्ती जनक (कों) के समान दिखाई दे रहे थे।

सफेद रतुआ से संबद्ध मार्करों का प्रयोग करते हुए बीसी पीढ़ी का अग्रभूमि चयन

आण्विक मार्करों अर्थात एटी 5 जी 41560 (एसीबी।-ए 4.1) और एटी 2 जी 36360 (एसीबी।-ए 5.1) का प्रयोग करते हुए सफेद रतुआ प्रतिरोध के लिए बीसी1 पीढ़ी का अग्रभूमि चयन किया गया, जिसने क्रमश: 430 और 750 बीपी प्रवर्धित उत्पाद प्रदान किए।

संकरों के मध्य सफेद रतुआ प्रतिरोधक पादप पाए गए थे अर्थात्



चित्र 2.22 : सफेद रतुआ से संबद्ध मार्करों के वैधीकरण को दर्शाता एगरोज जेल, एटी 5 जी 41560 (एसीबी।-ए 4.1) लोकी, 430 बीपीके आशयित उत्पाद आकार के साथ एम-50 बीपी लैडर 1-4 [डीआरएमआर-150-35 x (डीआरएमआर 150 - 35 x बायो वाईएसआर), 5-12 (डीआरएमआर-150-35 x (डीआरएमआर 150 - 35बीईसी-144)] 13-20 (एनआरसीएचबी-101 x (एनआरसीएचबी 101 x बायो वाईएसआर, 21-22 (एनआरसीएचबी 101 x (एनआरसीएचबी 101 x बीईसी-144)

चित्र 2.23 : सफेद रतुआ से संबंध मार्करों के वैधीकरण को दर्शाता एगरोज जेल, एटी 2 जी 36360 (एसीबी।-ए 5.1)लोकी, 750 बीपी के आशयित उत्पाद आकार के साथ एम-100 बीपी लैडर 1-4 (डीआरएमआर-150-35 x (डीआरएमआर 150 - 35 x बायो वाईएसआर), 5-12 (डीआरएमआर-150-35 x (डीआरएमआर 150 - 35 बीईसी-144), 13-20 (एनआरसीएचबी-101 x (एनआरसीएचबी 101 x बायो वाईएसआर, 21-22 (एनआरसीएचबी 101 x (एनआरसीएचबी 101 x बीईसी-144), सी - डोंस्काजा (नियंत्रण)

(डीआरएमआर-150-35 x (डीआरएमआर-150-35 x बायो वाइएसआर), (डीआरएमआर-150-35 x (डीआर एमआर - 150-35xबीईसी-144), (एनआरसीएचबी-101 (एनआरसी एचबी-101 x बायो वाईएसआर), (चित्र 2.22 और 2.23)।

ग्लूकोसिनोलेट लोकी से संबद्ध मार्करों का प्रयोग करते हुए बीसी पीढ़ी का अग्रभूमि चयन

आण्विक मार्करों अर्थात (जीईआर- 1 एमआरपीआर + आईपी 3 जीईआर - 1 एफ (क्यू 1)(एमवाईबी 28 (क्यू 2)(एटी 5 जी 41 (क्यू 3)(एटी 5 जी एजे 67 (क्यू 4) और जीईआर-5 एफपीएफ + जीईआर 5 एमआरपीआर (क्यू 5) का प्रयोग करते हुए ग्लेकासिनोलेट के लिए बीसी का अग्रभूमि चयन किया गया। संकरों के मध्य निम्न ग्लूकोसिनोलेट लोकी रखने वाले पादप पाए गए अर्थात् डीआरएमआर 150-35 x (डीआरएमआर 150-35xपीडीजैड-1), डीआरएमआर 150 -35x(डीआरएमआर 150-35 x हीरा), एनआरसीएचबी 101x(एनआरसीएचबी 101xपीडीजैड-1), एनआरसीएचबी 101x(एनआरसीएचबी 101xहीरा)।

इरूसिक एसिड लोकी के लिए सीएपीएस मार्करों का प्रयोग करते हुए बीसी पीढ़ी का अग्रभूमि चयन

बीसी पीढ़ी का अग्रभूमि चयन करने के लिए सीएपीएस मार्करों, एफएई II (ई1) और एफएई II (ई2) (गुप्ता एटाल., 2004) का प्रयोग किया गया। संकरों के मध्य निम्न इरूसिक एसिड लोकी रखने वाले पादपों का चयन किया गया अर्थात् डीआरएमआर 150-35x(डीआरएमआर 150-35x पीडीजैड-1), (डीआरएमआर 150-35x(डीआरएमआर 150-35xहीरा), (एनआरसीएचबी 101x(एनआरसीएचबी 101xपीडीजैड-1), (एनआरसीएचबी 101x(एनआर सीएचबी 101xहीरा), (एनआरसीडीआर 02x(एनआरसी डीआर - 02 x हीरा), (चित्र 2.24 और 2.25)।



चित्र 2.24 : बीसी1 पीढ़ी के मध्य गुणवत्ता विशेषताओं (एरुमिक एसिड) से संबद्ध मार्करों के वैधीकरण को दर्शाता एगरोज जेल (एफएई II (ई1) एम - 50 बीपी लैडर सी-हीरा (नियंत्रण), 1-5(डीआरएमआर-150-35 x(डीआरएमआर 150-35 x पीडीजैड 1), 6-9 (डीआरएमआर-150-35x(डीआरएमआर-150-35xआरएलसी -3),10-11 (डीआरएमआर-150-35x(डीआरएमआर-150-35 xहीरा),12-16 (एनआरसीएचबी-101x(एनआरसीएचबी-101x पीडीजैड-1), 17 (एनआरसीएचबी 101 (एनआरसीएचबी-101x आरसीएल-3), 18-20 (एनआरसीएचबी 101 (एनआरसीएचबी-101 xहीरा), 19-25 (एनआरसीडीआर 02x(एनआरसीडीआर-02x पीडी जैड-1), 26 (एनआरसी एचबी 02 x (एनआरसीडीआर-02xहीरा)



चित्र 2.25 : बीसी पीढ़ी के मध्य गुणवत्ता विशेषताओं (एरुमिक एसिड) से संबद्ध मार्करों के वैधीकरण को दर्शाता एगरोज जेल एफएई III (ई2) एम - 50 बीपी लैडर सी-हीरा (नियंत्रण), 1-5 (डीआरएमआर-150-35x(डीआरएम आर 150-35xपीडीजैड 1), 6-9 (डीआरएमआर-150-35 x (डीआरएमआर 150-35xआरएलसी -3), 10-11 (डीआरएमआर-150-35x(डीआरएमआर 150-35x हीरा),12-16 (एनआरसीएचबी-101x(एनआरसीएचबी-101 xपीडीजैड-1), 17 (एनआरसीएचबी 101x(एनआर सीएचबी-101x आरसीएल-3), 18-20 [एनआरसीएचबी 101x (एनआरसीएचबी -101xहीरा), 19-25 (एनआरसी डीआर 02 (एनआरसीडीआर -02xपीडीजैड-1), 26 (एनआरसीडीआर 02x(एनआरसी डीआर-02xहीरा)]

एसएसआर आण्विक मार्करों का प्रयोग करते हुए बीसी$_1$ का पृष्ठभूमि चयन

पृष्ठभूमि चयन के लिए पॉलीमार्फिक मार्करों की पहचान करने के उद्देश्य से, ऐसे 139 एसएसआर मार्करों का प्रयोग किया गया था जिन्हें जनक और दाता जीनोटाइपों के बीच पॉलीमार्फिज्म के लिए पहले ही स्क्रीन किया गया था। ऐसे बीसी$_1$ संकरों के पुष्ठभूमि चयन के लिए 139 पॉलीमार्फिक मार्करों में से 45 के उप-सेट का प्रयोग किया गया था जिन्होंने गुणवत्ता तथा सफेद रतुआ के लिए अग्रभूमि चयन के दौरान पॉजीटिव परिणाम दर्शाए थे अर्थात् डीआरएमआर - 150 - 35 x (डीआर एमआर 150 - 35 x बायो वाईएसआर), डीआरएमआर - 150 - 35 x (डीआरएमआर - 150 - 35 x बीईसी-144), डीआरएमआर - 150 - 35 x (डीआरएमआर - 150 - 35 x हीरा), एनआरसीएचबी-101 x (एनआरसीएचबी-101 x बायो वाईएसआर), एनआरसीएचबी 101 x (एनआरसीएचबी - 101 x बीईसी-144), एनआरसीएचबी 101 x (एनआरसी एचबी - 101 x पीडीजैड - 1), एनआरसीएचबी - 101 x (एनआरसीएचबी-101 x हीरा)।

डीआरएमआर-ईए-16 : उच्च तेल गुणवत्ता के साथ सफेद रतुआ प्रतिरोध सरसों का विकास (मई, 2016 तक)

प्रधान अन्वेषक : वी.वी. सिंह, प्रधान वैज्ञानिक (आनुवांशिकी और पादप प्रजनन)

सह-अन्वेषक : पी. के. राय, प्रधान वैज्ञानिक (पादप रोग विज्ञान), अरुण कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक (कोशिका-आनुवांशिकी) और इबांदलिन मावलांग, वैज्ञानिक (पादप जैव रसायनी)

इस परियोजना के अंतर्गत भी, सफेद रतुआ और गुणवत्ता मार्करों का प्रयोग करते हुए एफ$_1$, बीसी$_1$ और बीसी$_2$ का अग्रभूमि चयन किया गया था। (एनआरसीडीआर 02 x डोंसकाजा, एनआरसीडीआर 02 x बायो वाईएसआर, एनआरसीडीआर 02 x बीईसी - 144, डीआरएमआर आईजे - 31 x डोन्सकाजा, डीआरएमआर आईजे - 31 x बायो वाईएसआर डीआरएमआर आईजे - 31 x बीईसी-144), बीसी$_1$ और बीसी$_2$ की भी पुष्टि की गई। गुणवत्ता के लिए, एनआरसीडीआर 02 x पीडीजैड -1, एनआरसीडीआर 02 x आरएलसी-3, एनआरसीडीआर 02 x हीरा, डीआरएमआर आईजे-31 x पीडीजैड-1, डीआरएमआर आईजे-31 x आरएलसी-3, डीआरएमआर आईजे-31 x हीरा), बीसी$_1$ और बीसी$_2$ की भी पुष्टि की गई। वेलिंगटन में मौसमेत्तर पौधशाला लगाई गई तथा बीसी1 और बीसी$_2$ सृजित करने के लिए संकर उगाए गए।

डीआरएमआर-ईए-4 : कृषि फसलों में बीज उत्पादन पर आईसीएआर बीज परियोजना

प्रधान अन्वेषक : भगीरथ राम, वरिष्ठ वैज्ञानिक (आनुवांशिकी और पादप-प्रजनन)

सह-अन्वेषक : अशोक कुमार शर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक (कृषि विस्तार) और पंकज शर्मा, प्रधान वैज्ञानिक (पादप रोग विज्ञान)

बीज उत्पादन

गुणवत्तापूर्ण बीज कृषि उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और अनिवार्य है। बीजों ने फसल के निष्पादन को निर्धारित करने में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है तथा यह अन्य महंगे आदानों जैसे उर्वरकों, कीटनाशकों, खरपतवारनाशकों आदि की तुलना में सबसे सस्ता और अत्यंत दक्ष आदान है। कृषि की प्रगति के साथ ही, गुणवत्तापूर्ण बीजों की भूमिका में भी वृद्धि हो रही है। रबी 2015-16 के दौरान, राई-सरसों किस्मों के कुल 916 क्विंटल बीज उत्पादित किए गए थे। बीज उत्पादन कार्यक्रम में राई-सरसों की संवर्धित किस्में अर्थात् डीआरएमआर आईजे-31, एनआरसीएचबी -101, एनआरसीडीआर-02, एनआरसीडीआर 601, आरएच 406, आरएच 749, एनआरसीवाईएस-05-02 तथा वाईएसएच 401 शमिल की गई थीं। विभिन्न स्थानों अर्थात आईसीएआर-डीआरएमआर, किसानों के खेतों, केवीके कुम्हेर, माधुरीकुंड (दुवासू) फार्म, सीआईआरजी, मखदूम में भागीदारी मोड में गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन कार्यक्रम संचालित किए गए थे।

2015-16 के दौरान डीआरएमआरआईजे-31 (19.54 क्वि.), एनआरसीडीआर 02 (6.67 क्वि.), एनआरसीएचबी 101 (14.79 क्वि.), डीआरएमआर 601 (1.77 क्वि.) और एन आरसीवाईएस 05-02 (0.16 क्वि.) बीज उत्पादित किए गए थे।

किसानों के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए

रबी 2016-17 के दौरान ''मेरा गांव मेरा गौरव योजना के अंतर्गत आईसीएआर-डीआरएमआर द्वारा अंगीकृत किए गए भरतपुर के 25 गांवों के 35 किसानों के लिए 21-22, नवम्बर, 2016 को आईसीएआर-डीआरएमआर, भरतपुर में ''सरसों बीज उत्पादन और उसका प्रबंधन'' पर दो-दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके अलावा, राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले की देवगढ़ तहसील के विभिन्न गांवों के किसानों के लिए आईसीएआर बीज परियोजना की टीएसपी निधि के अंतर्गत 24-26 जनवरी, 2017 को

आईसीएआर-डीआरएमआर, भरतपुर में राई-सरसों बीज उत्पादन और उसका प्रबंधन' विषय पर एक तीन-दिवसीय जनजातीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

डीआरएमआर टीएडी-13 : बारहवीं योजना स्कीम राष्ट्रीय कृषि अभिनवता निधि/बौद्धिक संपदा प्रबंधन तथा प्रौद्योगिकी अंतरण/कृषि प्रौद्योगिकी का वाणिज्यीकरण

प्रधान अन्वेषक : विनोद कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक (कम्प्यूटर अनुप्रयोग)

2016 के दौरान, आईटीएमयू को आईसीएआर - राई-सरसों अनुसंधान निदेशालय, भरतपुर तथा एआईसीआरपी - आरएम परियोजना के अंतर्गत संस्थानों द्वारा सृजित की गई बौद्धिक संपदा के संरक्षण, प्रबंधन और वाणिज्यीकरण में शमिल किया गया है। पीपीवी एवं एफआरए के अंतर्गत एआईसीआरपी केन्द्र, सीसीएसएचएयू की राई-सरसों किस्मों अर्थात् आरएच 749 और आरएच 0406 के संरक्षण के लिए दो आवेदन दाखिल किए गए हैं। निदेशालय द्वारा विकसित किए गए साफ्टवेयर के कॉपीराइट के लिए अर्थात् एग्रीबायोइनफो (प्रकाशन सूचना प्रणाली) तथा आरएम सिलेक्ट (राई-सरसों किस्म चयन के लिए ऑनलाइन उपकरण) का कॉपीराइट प्राप्त करने के लिए भारत सरकार के कॉपीराइट कार्यालय के पास दो आवेदन दाखिल किए गए हैं। डीआरएमआर द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों का वाणिज्यीकरण करने के लिए आईटीएमयू द्वारा कड़े प्रयास किए गए हैं। उनके फलस्वरूप, राई-सरसों की किस्मों अर्थात् एनआरसीएचबी 101 और गिरिराज (डीआरएमआरआईजे-31) की लाइसेंसिंग के लिए तीन समझौता-ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। एनआरसीएचबी 101 किस्म की लाइसेंसिंग के लिए हाइटेक सीड प्राइवेट लि., हैदराबाद तथा नंदी सीड्स प्राइवेट लि., अहमदाबाद के साथ दो समझौता-ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं तथा गिरिराज (डीआरएमआरआईजे-31) किस्म की लाइसेंसिंग के लिए कलश सीड्स प्रा. लि., जालना, महाराष्ट्र के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इन किस्मों की लाइसेंसिंग के माध्यम से 4.5 लाख रुपए के संसाधन सृजित किए गए।

डीआरएमआर-ईए-2 : डीयूएस परीक्षण के लिए राई-सरसों की किस्मों का विशेषता-वर्णन

प्रधान अन्वेषक : प्रियामेघा, वैज्ञानिक (आनुवांशिकी और पादप-प्रजनन)

इस परियोजना के अंतर्गत 12 संदर्भ किस्मों के साथ डीयूएस परीक्षण के लिए 19 किस्मों (01 नई, 02 वीसीके और 16 कृषक) के साथ प्रमुख क्रियाकलाप संचालित किए गए। इसके अलावा, उपयुक्त संगम प्रणालियों के माध्यम से राई -सरसों की 131 किस्मों को अनुरक्षित किया गया था अर्थात् भारतीय सरसों (ब्रासिका जंशिया) की 89 किस्में, भूरी सरसों (बी. कैम्पेस्ट्रिस किस्म भूरी सरसों की 2 किस्में, गोभी सरसों (बी. नैपस की 7 किस्में, करन राई (बी. कैरीनेटा) की 5 किस्में, पीली सरसों (बी. कैम्पेस्ट्रिस किस्म तोरिया) की 15 किस्में और तारामीरा (एरूका सैटीवा) की 1 किस्म।

डीआरएमआर-एनएमओओपी-1 : तिलहनों के अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन तथा अन्य संबंधित क्रियाकलाप

प्रधान अन्वेषक : अशोक कुमार शर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक (कृषि विस्तार)

सह-अन्वेषक : पंकज शर्मा, प्रधान वैज्ञानिक (पादप रोग विज्ञान) :विनोद कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक (कम्प्यूटर अनुप्रयोग)

आयोजित एफएलडी

परियोजना के अंतर्गत, 2016-17 के दौरान एआईसीआरपी - आरएम/आईसीएआर संस्थानों/कृषि विश्वविद्यालयों के 27 सहयोगी केन्द्रों 14 राज्यों के 81 जिलों में राई (तोरिया, पीली सरसों, तारामीरा, भूरी सरसों और गोभी सरसों) तथा सरसों (भारतीय सरसों और करण राई) पर सिंचित तथा वर्षा सिंचित परिस्थितियों के अंतर्गत 1945 अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन (एफएलडी) संचालित किए। राजस्थान में सर्वाधिक एफएलडी (624) संचालित किए गए थे जिसके उपरांत उत्तर प्रदेश (296), मणिपुर (250), असम (200) और जम्मू-कश्मीर (138) का स्थान था। एफएलडी संचालित करने वाले 27 केन्द्रों में से, 7 केन्द्र राजस्थान में थे तथा उत्तर प्रदेश में 6, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में 2-2 और शेष 10 राज्यों में 1-1 केन्द्र था। अधिकतम जिले (16) उत्तर प्रदेश में थे जिसके बाद असम में 13, राजस्थान में 9, हरियाणा, मध्य प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में 6-6, पंजाब में 5, उत्तराखण्ड में 4, बिहार और महाराष्ट्र में 3-3, गुजरात और हिमाचल प्रदेश में 2-2 तथा मणिपुर और पश्चिम बंगाल में 1-1 जिला था।

प्रशिक्षण कार्यक्रम

आईसीएआर-डीआरएमआर ने उन केवीके कार्मिकों के ज्ञान और कौशलों का उन्नयन करने के लिए नई पहलें की जो अपने-अपने जिलों में राई-सरसों प्रौद्योगिकी का प्रसार-प्रचार करने के कार्य में लगे हुए हैं। अतारी, कानपुर, जबलपुर, जोधपुर और लुधियाना के साथ सहयोग करते हुए

आईसीएआर-डीआरएमआर ने सितम्बर और अक्तूबर, 2016 के दौरान फसलों की बुआई से पूर्व उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली के केवीके कार्मिकों के लिए ''राई-सरसों की वैज्ञानिक उत्पादन प्रौद्योगिकी'' पर दो दिन की अवधि के छह प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया। विभिन्न राज्यों के केवीके कार्मिकों के लिए छह प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया अर्थात् उत्तर प्रदेश (5-6 सितम्बर, 2016, 17 कार्मिकों के लिए), राजस्थान (8-9 सितम्बर, 2016, 23 कार्मिकों के लिए), गुजरात और राजस्थान (19-20 सितम्बर, 2016, 17 कार्मिकों के लिए), मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ (22-23 सितम्बर, 2016, 14 कार्मिकों के लिए), उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ (3-4 अक्तूबर, 2016, 14 कार्मिकों के लिए) तथा पंजाब, हरियाणा और दिल्ली (6-7 अक्तूबर, 2016, 22 कार्मिकों के लिए)। इस प्रकार 8 राज्यों से 71 केवीके कार्मिकों ने इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया। इसके अलावा, राजस्थान के अलवर जिले के राज्य कृषि विभाग के 75 क्षेत्र स्तरीय विस्तार कार्यकर्ताओं के लिए चार प्रशिक्षण कार्यक्रमों (दो-दो कार्यक्रम एक साथ) (40 कार्मिकों के लिए 6-7 फरवरी, 2017 तथा 35 कार्मिकों के लिए 14-15 फरवरी) का आयोजन किया गया था जिनका उद्देश्य राई-सरसों पैदावार में नई प्रौद्योगिकीय प्रगतियों के बारे में उन्हें अवगत कराना था ताकि वे उनके बारे में खेतों में किसानों को भी जानकारी प्रदान कर सकें (आंकड़े अनुबंध में दिए गए हैं)।

डीआरएमआर तथा केवीके/विस्तार कार्मिकों के बीच संबंध राई-सरसों प्रौद्योगिकी के आकलन, परिष्करण और प्रचार-प्रसार की प्रक्रिया को संवर्धित करेंगे। ये प्रशिक्षण कार्यक्रम उपयुक्त प्रौद्योगिकी के चयन के लिए एक उपकरण के उत्पादन में वृद्धि करने में लाभदायक सिद्ध होंगे।

डीआरएमआर-ईए-12 : इथियोपियाई (ब्रासिका कैरीनेटा) तथा भारतीय सरसों (बी. जंशिया) जीन पूल के आनुवांशिक संवर्धन के लिए प्रारंभिक प्रजनन

प्रधान अन्वेषक : के. एच. सिंह, प्रधान वैज्ञानिक (आनुवांशिक और पादप प्रजनन)

सह-अन्वेषक : अजय कुमार ठाकुर, वरिष्ठ वेतनमान वैज्ञानिक (जैव प्रौद्योगिकी), ओ. पी. प्रेमी, प्रधान वैज्ञानिक (सस्य विज्ञान), एम. एस. सुजीत कुमार, वैज्ञानिक (पादप जैव-रसायन)

बी. जंशिया तथा बी. कैरीनेटा के बीच अंतर्विशिष्ट संकरण से प्राप्त बी. जंशिया की दो पंक्तियां आशाजनक पाई गई थीं (तालिका 2.10)।

संवर्धित ब्लॉक डिजाइन में साठ बी. कैरीनेटा एफ1 संकरों का मूल्यांकन किया गया था जिसमें से एक संकर ने पुष्पण, प्रारंभन के दिनों, परिपक्वता के दिनों और पादप ऊंचाई के प्रति उल्लेखनीय उत्कृष्टता दर्शाई परंतु यह बीज पैदावार के मामले में श्रेष्ठ जांच किरण के समान था।

तालिका 2.10 : बी. जंशिया और बी. कैरीनेटा के बीच अंतर्विशिष्ट संकरण से प्राप्त बी. जंशिया की दो पंक्तियां

प्रविष्टि	पुष्प प्रारंभन के दिवस	परिपक्वता के दिवस	पादप ऊंचाई (सेमी)	बीज पैदावार (किग्रा/है.)	बीज/ फली	1000 बीज भार (ग्रा)	तेल अंश (%)
एमसीबी 1-1-6-5	48	130	199	2194	17	5	41.5
एमसीबी 1-2-3-7-1	47	129	203	2141	16	4.2	41.2
एनआरसीएचबी-101 (चैक)	51	132	192	1990	15	4.9	41.4

वर्ष 2016-17 के दौरान राई-सरसों प्रविष्टियों का मूल्यांकन

दो सौ बानवे प्रविष्टियों जिनमें बी. कैरीनेटा की 216, बी. जंशिया की 45, बी. नेपस की 26 और बी. रापा की 5 प्रविष्टियां शमिल थीं, का मूल्यांकन बीज पैदावार तथा अन्य संबंधित कृषि-संबंधी विशेषताओं के लिए पांच विभिन्न प्रयोगों में किया गया था।

विभिन्न प्रविष्टियों का प्रयोगवार निष्पादन नीचे दिया गया है -

आशाजनक जीनोटाइपों का मूल्यांकन : बी. केरीनेटा के ग्यारह प्रगत स्ट्रेनों का मूल्यांकन अनुकरण परीक्षणों में बीज पैदावार, कृषि संबंधी विशेषताओं तथा विशेष रूप से पंतनगर में रोग की प्रतिक्रिया के लिए तीन केन्द्रों भरतपुर, लुधियाना और पंत नगर में किया गया था। बी. केरीनेटा से प्राप्त किए गए तीन स्ट्रेनों एमसीबी 1-2-3-13-5, एमसीबी 1-2-3-5-1 तथा एमसीबी 1-2-3-1 ने श्रेष्ठ जांच गिरिराज की तुलना में अधिक बीज पैदावार उत्पादित की, हालांकि उनका अंतर सांख्यिकीय रूप से उल्लेखनीय नहीं था। इन स्ट्रेनों में शीघ्र पुष्पण, शीघ्र परिपक्वता, लघु पादप ऊंचाई और बीज भार के

तालिका 2.11 प्राप्त की गई आशाजनक बी. कैरीनेटा पंक्तियों की विशेषताएं तथा संबंधित विशेषता के लिए श्रेष्ठ चैक पूसा स्वर्णिम की तुलना में उनकी उत्कृष्टता

प्रविष्टि	एसवाई	डीएफआई	डीएम	पीएच	एसडब्ल्यू	श्रेष्ठ चैक की तुलना में उत्कृष्टता			
						बीज पैदावार	परिपक्वता के दिन	पादप ऊंचाई	बीज भार
एमसीबी – 1-2-3-13-5	3165	54	143	144	5.4	11.6	-10.1	-39.7	74.2
एमसीबी – 1-2-3-5-1	3086	54	145	146	5.4	8.8	-8.8	-38.9	74.2
एमसीबी – 1-2-3-7	2815	51	140	136	5.4	-0.7	-11.9	-43.1	74.2
एमसीबी – 1-2-3-26	2360	53	139	135	4	-16.7	-12.6	-43.1	29
पूसा स्वर्णिम (चैक)	2835	86	159	239	3.5				

लिए उल्लेखनीय सुधार था। एमसीबी 1-2-3-13-5 ने बी. कैरीनेटा चैक पूसा स्वर्णिम की तुलना में क्रमशः 11.6, 10.1, 39.7 और 74.0 प्रतिशत का लाभ दर्शाया। (तालिका 2.11)।

